डालटनगंज
(मेदिनीनगर)
शनिवार
08.10.2022
आश्विन शुक्ल पक्ष 14
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
मेहनत का फल और समस्या का हल देर से ही सही लेकिन मिलता जरूर है।

www.rastriyanaveenmail.com | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-29 अंक-347 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

# सुखाड़ से निबटने में भी कारगर होगा आपका अधिकार-आपके द्वार-आपकी सरकार कार्यक्रम : सीएम



## आपराधिक घटनाओं पर सरकार की पैनी नजर गुनहगार के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुमका जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र के भालकी गांव में एक युवती को जलाकर मार डालने की घटना को दुखद बताते हुए कहा है कि गुनहगार के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। रांची में शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश की आपराधिक घटनाओं पर सरकार की पैनी नजर है और सभी घटनाओं में दोषियों के विरुद्ध कड़े कदम भी उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का ऐसा प्रयास भी है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम 12 से 22 अक्टूबर और एक से 14 नवम्बर तक दो चरणों में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को रांची में कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के पहले चरण की सफलता से उत्साहित होकर राज्य सरकार इस कार्यक्रम का दूसरा चरण शुरू कर रही है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के इस दूसरे चरण को आपका अधिकार-आपके द्वार-आपकी सरकार से संबोधित किया जायेगा। श्री सोरेन ने भरोसा जताया कि आपका अधिकार- आपके द्वार-आपकी सरकार कार्यक्रम राज्य में सुखाड़ की स्थिति से निबटने में भी काफी कारगर साबित होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड की एक बड़ी आबादी जंगलों और पहाड़ो से घिरे सुदूरवर्ती दुर्गम स्थानों में निवास करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने उन क्षेत्रों को विशेष महत्व नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा राज्य सरकार ऐसे सभी इलाकों को चिन्हित कर वहां विकास की रौशनी पहुंचा रही है ताकि समावेशी विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति हो सके। उन्होने लोगों से आपका अधिकार-आपके द्वार-आपकी सरकार कार्यक्रम से जुड़कर योजनाओं का लाभ उठाने की भी अपील की।

## रांची में झामुमो केंद्रीय समिति की हुई अहम बैठक, सीएम हुए शामिल



**रांची।** रांची में शुक्रवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति की एक अहम बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन ने की। बैठक में मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अलावा केंद्रीय समिति सदस्य, जिला अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। बैठक में मोर्चा के पिछले कार्यक्रमों की समीक्षा हुई और भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी। इस दौरान संगठन की मजबूती और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ आमजनों तक पहुंचाने में पार्टी कार्यकर्ताओं की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के विकास के लिए सतत प्रयत्नशील है। सरकार में शामिल झामुमो समेत सभी घटक दलों की ओर से जन कल्याण के कार्यों को तरजीह दिया जा रहा है ताकि जन आकांक्षाएं पूर्ण हों।

## न्यूज गैलरी

### आय से अधिक संपत्ति मामले में शिबू सोरेन को नोटिस

**रांची।** झामुमो अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन को दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकपाल मामले में नोटिस जारी किया है। लोकपाल इंडिया में राज्यसभा सांसद के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप गोड्डा सांसद निशिकांत दूबे ने लगाया था। इस मामले में सीबीआई ने भी पीई कर जांच की थी। लेकिन शिबू सोरेन ने इस मामले में लोकपाल की कार्रवाई को गलत बताते हुए दिल्ली हाईकोर्ट में अपील की थी, जिसके बाद लोकपाल इंडिया के द्वारा की जा रही कार्रवाई पर कोर्ट ने 12 सितम्बर को रोक लगा दी थी। यह रोक 18 दिसम्बर तक के लिए लगाया गया था। सांसद निशिकांत दूबे ने बाद में दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को लेकर अलग से याचिका दायर की थी। उन्होंने अपनी याचिका में दावा किया था कि उन्हें कभी हाईकोर्ट से पक्ष रखने का नोटिस नहीं मिला, लेकिन कोर्ट के फैसले में जिक्र था कि नोटिस दिये जाने के बाद उनके तरफ से कोई उपस्थित नहीं हुआ था। शुक्रवार को सांसद निशिकांत दूबे की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस मामले में शिबू सोरेन और लोकपाल को नोटिस किया। पूरे मामले में अगली सुनवाई 11 नवम्बर को होगी।

### दुमका पेट्रोल कांड की शिकार युवती के परिजनों से मिले कृषि मंत्री



**दुमका।** दुमका जिला अंतर्गत जरमुंडी थाना क्षेत्र के भालकी गांव में एकतरफा प्यार में सनकी युवक ने एक युवती पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। गंभीर स्थिति में झुलसी युवती को दुमका के फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स ले जाया जा रहा था इसी दौरान रास्ते मे युवती की मौत हो गयी। घटना के बाद गांव की महिलाएं आक्रोशित हैं। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सड़क में उतर कर न्याय की मांग करते हुए आरोपी को कड़ी सजा देने के साथ-साथ सरकार से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़ा कानून बनाने की मांग की। वहीं, घटना के बाद सियासत भी तेज हो गयी है। कृषि मंत्री बादल पत्रलेख विधानसभा क्षेत्र भालकी गांव में पीड़िता के घर पहुंचे और परिजन से मिलकर सरकार की ओर से मदद देने की बात की। साथ ही विपक्ष को राजनीति नहीं करने की सलाह देते हुए कहा कि यह समय राजनीति का नहीं बल्कि पीड़ित परिवार को सामाजिक मदद करने का है। उन्होंने कहा कि सरकार संवेदनशील है और आरोपी को कड़ी सजा दिलाने के लिए कठोर कदम उठायेगी। वहीं, भाजपा नेत्री सह पूर्व मंत्री लुईस मरांडी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार कहां है... लगातार महिला निशाना बना रही है। दुमका में महिला असुरक्षित हो गयी है अगर हमलोग बोल रहे हैं तो सरकार राजनीति करने की बात बोल रही है। उन्होंने कहा कि आये दिन दुमका में घटनाएं घट रही है। दुमका सांसद सुनील सोरेन ने बताया कि भाजपा ने पीड़ित परिवार को दो लाख रुपया मदद की है। उन्होने कहा कि महिलाओं को सुरक्षा देने में सरकार पूरी तरह विफल हो चुकी है।

## दुमका में फिर पेट्रोल कांड, पीड़ित युवती जिंदगी की जंग हारी

**नवीन मेल संवाददाता**



**दुमका।** दुमका शहर के जरूआडीह मुहल्ले में पिछले दिनों एक नाबालिग छात्रा को पेट्रोल डाल कर जलाने की घटना के बाद अब जिले के जरमुंडी थाना क्षेत्र के भालकी गांव में एकतरफा प्यार में सनकी युवक ने एक युवती पर पेट्रोल छिड़क कर गुरुवार की रात आग लगा दी। आग से झुलसी युवती को गंभीर स्थिति में दुमका के फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रिम्स भेजा गया, लेकिन वह शुक्रवार को जिंदगी की जंग हार गयी तथा उसकी मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि युवती मूल रूप से जामा थाना क्षेत्र के भैरोपुर गांव की रहनेवाली थी जबकि आरोपी राजेश राउत जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव का रहनेवाला है। युवती अपने नानी घर आयी हुई थी। गुरुवार की रात नानी के साथ सोई हुई थी। तभी रात करीब एक बजे राजेश राउत ने वहां पहुंचकर सोई अवस्था में युवती पर पेट्रोल डाल कर आग लगा दी। युवती का बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराया गया और आरोपी युवक गिरफ्तार कर लिया गया। दुमका में दोबारा पेट्रोल कांड होने से स्थानीय लोग और परिजन गम और गुस्से में हैं। परिजनों ने आरोपी राजेश को फांसी देने की मांग की है। आरोपी पीड़िता मारुति कुमारी से जबरदस्ती शेष पृष्ठ 11 पर

## हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, जिंदा कारतूस भी बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** देसी कट्टा के साथ एक युवक को छत्तरपुर से गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी छत्तरपुर थाना क्षेत्र के डाली गांव के समीप गुरुवार को हुई है। पलामू पुलिस ने युवक को एक देसी कट्टा और 3 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान छत्तरपुर थाना क्षेत्र के डाली गांव निवासी अवधेश राम के बेटे विकास कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार युवक किसी घटना को अंजाम देने के लिए एक बाइक से गांव में घूम रहा था। इसी बीच पुलिस को गुप्त सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस गश्ती पर निकली। गश्ती गाड़ी को देखकर आरोपी युवक भागने लगा। हालांकि पुलिस ने उसे खदेड़ कर पकड़ लिया। गश्ती दल में छत्तरपुर थाना प्रभारी शेखर कुमार, आरक्षी उमर हुसैन, अख्तर अंसारी, सच्चिदा कुमार पासवान, विपुल कुमार, समेत अन्य शामिल थे। पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक देसी कट्टा और 3 जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। वहीं, देसी कट्टा, 3 कारतूस और बाइक को जब्त कर पुलिस युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। फिलहाल, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। हाल ही में पलामू पुलिस ने 5 अपराधियों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से भी लोडेड देसी कट्टा बरामद किए थे। पूछताछ में गिरफ्तार अपराधियों ने बताया था कि वे मारपीट का बदला लेने के लिए जा रहा था। ये लोग आपराधिक वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे ,लेकिन पुलिस की सक्रियता से बड़ी घटना टल गई।

## साइबर अपराध रोकने के लिए बना जामताड़ा मॉड्यूल

- जामताड़ा मॉड्यूल में झारखंड, बिहार, बंगाल की पुलिस साथ मिलकर रोकेगी साइबर अपराध
- गृह मंत्रालय की टीम के दौरे के बाद बनी योजना

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देशभर में साइबर अपराध के हॉटस्पाट के आधार पर प्रभावित राज्यों की टीम बनायी गयी है। झारखंड का जामताड़ा बीते कई सालों से साइबर अपराधियों की गढ़ बन कर उभरा है। ऐसे में जामताड़ा के नाम पर प्रभावित राज्यों की एक टीम बनायी गयी है, जिसे जामताड़ा मॉड्यूल नाम दिया गया है। इसी तरह यूपी के मेवात में भी साइबर अपराधियों की गतिविधियों जामताड़ा की तर्ज पर ही उभरी हैं, ऐसे में वहां के प्रभावित राज्यों के लिए अलग से मेवात मॉडयूल बना है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर अब संबंधित मॉड्यूल के प्रभावित राज्य एक साथ मिलकर साइबर अपराध से निपटने की दिशा में काम करेंगे।

**ज्वाइंट साइबर इंवेस्टिगेशन टीम की अहम भूमिका :** साइबर अपराध को शेष पृष्ठ 11 पर

## भारत व दक्षिण अफ्रीका की टीमें रांची पहुंची, आज करेंगी अभ्यास

**रांची।** रांची वन-डे खेलने के लिए शुक्रवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम रांची पहुंची। टीम का रांची हवाई अड्डे से लेकर होटल रेडिसन ब्लू तक गर्मजोशी से स्वागत हुआ। इस दौरान खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए प्रशंसक बेचैन दिखे। हालांकि, कुछ खेलप्रेमियों को बड़े खिलाड़ियों के टीम इंडिया का हिस्सा न होने पर मायूसी भी हुई, क्योंकि वे विराट कोहली और रोहित शर्मा को खोज रहे थे जो विश्वकप में व्यस्त हैं। सभी खिलाड़ियों को कोविड प्रोटोकॉल के अनुसार कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच रांची के होटल रेडिसन ब्लू में ठहराया गया है। उन्हें रांची हवाई अड्डे से बसों पर बैठाकर एस्कॉर्ट करते हुए होटल रेडिसन ब्लू लाया गया। यहां भी बड़ी सख्या में प्रशंसक उनके स्वागत में खड़े थे। एक-एक कर सभी खिलाड़ी बस से बाहर निकलते गये। इस दौरान उन्होने प्रशंसकों का अभिवादन भी स्वीकार किया।

**आज अभ्यास करेंगी दोनों टीमें :** जेएससीए की ओर से बताया गया कि दोनों टीमें आज अलग-अलग अभ्यास सत्रों में हिस्सा लेंगी ताकि जेएससीए स्टेडियम को परख सकें। दोनों टीम डे नाइट मैच में नौ अक्टूबर को रांची के जेएससीए स्टेडियम में भिड़ेंगी। टीम इंडिया में इस बार बड़े नाम नहीं हैं, लेकिन फिर भी खेलप्रेमी टीम इंडिया को जीतते हुए देखने चाहते हैं। इधर, पहले वन-डे में भारत को पराजित करनेवाली दक्षिण अफ्रीकी टीम उत्साह से लबरेज है। टीम रांची वन-डे जीत कर इस तीन मैचों की श्रृंखला को जीतना चाहेगी।

## पीएम आवास योजना में भारी लूट

## बिरसा आवास को दिखाकर फर्जी तरीके से राशि की निकासी



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** प्रखंड में पीएम आवास योजना में लूट की छूट है। कुछ ऐसा ही मामला भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत पंडरिया पंचायत के करमाही टोला में सामने आया है। जहां आदिम जनजाति के बर्षों पूर्व बने बिरसा आवास को दिखाकर प्रखंड कर्मियों एवं दलालों की मिलीभगत से प्रधानमंत्री आवास की राशि की फर्जी निकासी कर ली गई।

**क्या है मामला :** भवनाथपुर प्रखण्ड के पंडरिया पंचायत करमाही टोला के आधादर्जन लाभुकों के पूर्व में बनाए गए बिरसा अवास को प्रखण्ड कर्मी एवं दलाल की मिलीभगत से प्रधानमंत्री आवास के रूप में दिखा कर पैसा निकाला गया। लाभुक रामचंद्र कोरवा, बुधनी कुंवर, अनिल कोरवा, चैनी कुवंर, लखन कोरवा, श्यामलाल कोरवा को पूर्व में बिरसा आवास मिला था। इनलोगों के नाम से प्रधानमंत्री आवास आया तो दलाल शेष पृष्ठ 11 पर

## क्या शिंदे व ठाकरे गुट को नया पार्टी नाम व चुनाव चिन्ह मिलेगा?

- शिंदे ने शिवसेना व उसके चुनाव चिन्ह तीर-धनुष पर किया है अपना दावा
- ठाकरे को शनिवार दो बजे तक चुनाव आयोग में करना है जवाब दाखिल

**- ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** शिवसेना के विधायकों को तोड़कर अलग हो, भाजपा के साथ मिल कर महाराष्ट्र में सरकार बनानेवाले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे व उनके गुट ने चुनाव आयोग में दावा किया है कि उनकी पार्टी ही शिवसेना है। इसलिए पार्टी का नाम व चुनाव चिन्ह तीर धनुष उनका (शिंदे गुट) है। शिंदे गुट ने चुनाव आयोग को एक ज्ञापन सौंपकर अंधेरी पूर्व विधानसभा उपचुनाव के नजदीक होने का हवाला देते हुए तीर धनुष चुनाव चिह्न उन्हें (शिंदे गुट को) आवंटित करने की मांग की है। शिंदे गुट के इस दावे पर चुनाव आयोग ने शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट से आठ अक्टूबर को दो बजे तक जवाब दाखिल करने को कहा है। जबकि उधर उद्धव ठाकरे का कहना है कि असली शिवसेना उनके साथ है। इस बारे में सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील विश्वनाथ चतुर्वेदी का कहना है कि पार्टी व उसके चुनाव चिन्ह पर उसका हक होता है जिसके पास मूल पार्टी संगठन के ज्यादातर पदाधिकारी होते हैं। शिवसेना के मूल संगठन के बहुसंख्यक पदाधिकारी, पार्टी संस्थापक बाला साहब ठाकरे के पुत्र उद्धव ठाकरे के साथ हैं। ऐसे में यदि इस आधार पर फैसला होता है, तब तो पार्टी का नाम व चुनाव चिन्ह शेष पृष्ठ 11 पर

## ज्ञानवापी परिसर के शिवलिंग की कार्बन डेटिंग पर 11 को फैसला

**- आरएनएम**

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में हुए सर्वे में शिवलिंग मिलने पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। इस

### क्या है कार्बन डेटिंग, इससे क्या पता चलेगा?

मामले में वादी पक्ष ने शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कराने की मांग की है, ताकि यह पता चल सके कि यह शिवलिंग कितने वर्ष पुराना है। जिस पर फैसला सात अक्टूबर को आना था। लेकिन न्यायालय ने अब फैसले की नयी तारीख 11 अक्टूबर, 2022 दे दी है। सवाल है कि वादी पक्ष ने शिवलिंग की कार्बन डेटिंग कराने की मांग की है, वह कार्बन डेटिंग होती क्या है?



**क्या है कार्बन डेटिंग :** कार्बन डेटिंग उस विधि का नाम है जिसका इस्तेमाल कर के किसी भी वस्तु की उम्र का पता लगाया जा सकता है। इस विधि के माध्यम से लकड़ी, बीजाणु, चमड़ी, बाल, कंकाल आदि की आयु पता की जा सकती है। ऐसी हर वो चीज जिसमें कार्बनिक अवशेष होते हैं, उनकी करीब-करीब आयु इस विधि के माध्यम से पता की जा सकती है। इसी कारण वादी पक्ष की चार महिलाओं ने ज्ञानवापी परिसर में सर्वे में मिले कथित शिवलिंग की कार्बन डेटिंग या किसी अन्य आधुनिक विधि से जांच की मांग की है।

**कार्बन डेटिंग की विधि :** हमारी पृथ्वी के वायुमंडल में कार्बन के तीन आइसोटोप पाये जाते हैं। ये कार्बन-12, कार्बन-13 और कार्बन-14 के रूप में जाने जाते हैं। कार्बन डेटिंग की विधि में कार्बन-12 और कार्बन-14 के बीच का अनुपात निकाला जाता है। जब किसी जीव की मृत्यु होती है तब ये वातावरण से कार्बन का आदान-प्रदान बंद कर देते हैं। इस कारण उनके कार्बन-12 से कार्बन-14 के अनुपात में अंतर आने लगता है। यानी कि कार्बन-14 का क्षरण होने लगता है। इसी अंतर का अंदाजा लगाकर किसी भी अवशेष शेष पृष्ठ 11 पर

## केंद्र ने सीजेआई को उत्तराधिकारी बताने को लेकर लिखा पत्र

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) उदय उमेश ललित को पत्र लिखा है। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने इस पत्र में सीजेआई से उनके उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश करने को कहा है। सीजेआई आठ नवम्बर को रिटायर होनेवाले हैं। उन्होंने 26 अगस्त, 2022 को चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली थी। सीजेआई के तौर पर उनका कार्यकाल सिर्फ 74 दिन का होगा। परंपरा के अनुसार, सीजेआई दूसरे सबसे सीनियर जज के नाम की सिफारिश सरकार को भेजते हैं। सीजेआई ललित के बाद दूसरे सबसे सीनियर जज जस्टिस चंद्रचूड़ हैं। ऐसे में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ 50वें हो सकते हैं। अगर चंद्रचूड़ सीजेआई बनते हैं, तो उनका कार्यकाल नौ नवम्बर, 2022 से 10 नवम्बर, 2024 तक यानी दो साल का होगा।



**बार से सीजेआई बननेवाले दूसरे जज हैं ललित :** जस्टिस ललित ने जून 1983 में एक एडवोकेट के रूप में नामांकन किया। उन्होंने दिसम्बर 1985 तक बॉम्बे हाईकोर्ट में प्रैक्टिस की, फिर जनवरी 1986 में प्रैक्टिस को दिल्ली ट्रांसफर कर दिया। उन्हें अप्रैल 2004 में सुप्रीम कोर्ट की ओर से सीनियर एडवोकेट के रूप में नॉमिनेट किया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत सभी 2जी मामलों में सुनवाई करने के लिए उन्हें सीजेआई के लिए स्पेशल शेष पृष्ठ 11 पर

# समाजसेवी ने खराब चापाकल की मरम्मत कराई, पेयजलापूर्ति शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज ।** शहरी क्षेत्र अंतर्गत मेन बाजार स्थित कई दिनों से खराब पड़े सार्वजनिक चापाकल की मरम्मत शुक्रवार को की गयी। मरम्मत के बाद चापाकल से पेयजल की आपूर्ति शुरू हो गयी। बता दें कि चापाकल खराब रहने से लोगों को पेयजलापूर्ति के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा था। इसे लेकर शहरवासियों ने युवा समाजसेवी राजीव रंजन को समस्या से अवगत कराया था। राजीव रंजन ने तत्काल संज्ञान लेते हुए मिस्त्री बुलाकर निजी खर्चे से चापाकल की मरम्मत करवाया। इसके लिए शहरवासियों ने युवा समाजसेवी के प्रति आभार जताया है। बता दें कि उनके द्वारा अब तक विभिन्न क्षेत्रों में एक सौ से अधिक खराब चापाकलों कि मरम्मत कर लोगों को पेयजल आपूर्ति की सुविधा बहाल करा दी गयी है। मौके पर विश्वदीप कुमार, मुकेश गुप्ता, दिनेश स्वर्णकार, पंचम प्रसाद, विकास गुप्ता, संजीत स्वर्णकार आदि मौजूद थे।



## पति पत्नी के आपसी विवाद में पत्नी गंभीर रूप से घायल,चिकित्सको ने किया रेफर

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पति पत्नी के बीच हुए शुक्रवार को आपसी झगड़े में पति ने पत्नी को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया । घटना शुक्रवार शाम तीन बजे की बताई जा रही है। वही महिला की पहचान हसबून बीबी पति शाहनवाज खान के रूप में हुई है। महिला रेहला थाना क्षेत्र के शंखा गांव की रहने वाली बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, घायल महिला अपनी मायका रेहला थाना अंतर्गत डांडिला कला में ही थी। आज अचानक उसका पति आकर उक्त महिला के साथ मार पीट कर फरार हो गया। वही घायल महिला को उसके परिजन आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में लाकर भर्ती कराया। जहां चिकित्सक डॉ एमएम प्रसाद ने महिला का प्राथमिक उपचार कर उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए। 108 एम्बुलेंस की मदद से एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया है। उक्त मौके पर जीएनएम सतेंद्र कुमार, ड्रेशर गौतम कुमार, संजय ठाकुर सहित कई अन्य स्वास्थकर्मी मौजूद थे।



## न्यूज गैलरी

### मठ जमीन मामले में फर्जी मुकदमा वापस ले प्रशासन : कमलेश

**हरिहरगंज।** नगर पंचायत अंतर्गत बेलौदर मोड स्थित अपने आवास पर राजद के प्रदेश महासचिव कमलेश कुमार यादव ने शुक्रवार को प्रेसकॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि अररूआ खुर्द मौजा स्थित मठ जमीन विवाद मामले में फर्जी मुकदमा कर निर्दोष लोगों को फंसाया गया है। जिसे लेकर हरिहरगंज में गत कई दिनो तक हरिहरगंज बाजार बंद कर जोरदार आंदोलन किया गया था। इस मामले को लेकर पलामू उपायुक्त के द्वारा फर्जी मुकदमा वापस लेने के आश्वासन के बाद आंदोलन को स्थगित किया गया था। उन्होंने पलामू उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से जल्द पूरे मामले को जांच करवाते हुए, निर्दोष लोगों पर से फर्जी मुकदमे वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि फर्जी मुकदमा जल्द वापस नहीं लिया गया, तो इसे लेकर जन आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रेसकॉन्फ्रेंस में कामेश्वर पासवान, अनिल शौंडिक, चंदन पासवान, पप्पू चौधरी, मुकेश कुमार, शशि सिंह, छोटू कुमार ,धनंजय यादव ,काजू चौधरी, मुकेश कुमार, सत्यनारायण यादव, विजय यादव, रमेश यादव आदि शामिल थे।

### आधार पंजीयन को लेकर आधार ऑपरेटरों का प्रशिक्षण



**मेदिनीनगर।** जिले में प्रखंड आधार ऑपरेटरों के द्वारा नवीन पंजीयन, सुधार का कार्य लगातार किया जा रहा है। लेकिन विगत कुछ दिनों में देखा गया है कि जिले के हितग्राहियों के आधार पंजीयन, सुधार की प्रक्रिया उपरांत आवेदन निरस्त होते जा रहे हैं । इसी के मद्देनजर उप विकास आयुक्त मेघा भारद्वाज के निर्देशानुसार शुक्रवार को डीआरडीए सभागार में जिले के सभी प्रखंड आधार ऑपरेटरों के लिये प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यूडीआईडी के डीपीओ उदय प्रताप सिंह द्वारा सभी ऑपरेटरों को विस्तार पूर्वक ट्रेनिंग दी गयी। उन्होनें सभी ऑपरेटरों को ठीक तरीके से फॉर्म भरने, उसको अपलोड करने, बायोमेट्रिक आदि से संबंधित तमाम टेक्निकल पहलुओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सभी ऑपरेटरों से कम से कम रिजेक्शन को ध्यान में रखते हुए कार्य संपादित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आधार एक जरूरी सेवा है ऐसे में आप सभी यह सुनिश्चित करें कि आपकी ओर से कोई भी त्रुटि ना रहे। उन्होंने यूडीआईडी के सभी दिशानिर्देशों का दृढ़ता से अनुपालन करते हुए सभी योग्य व्यक्तियों का आधार बनाने की बात कही।

### हत्या का आरोपी प्रभु विश्वकर्मा ने थाना में किया सरेंडर

**सतबरवा।** दुबाबारी गांव में अमीन सिंह की हत्या का मुख्य आरोपी प्रभु विश्वकर्मा ने शुक्रवार को सतबरवा थाना में सरेंडर कर दिया। पुलिस हत्यारोपी से पुछताछ कर रही है। ज्ञात हो कि बुधवार को करीब 3 :30 बजे मृतक अमीन सिंह अपने ससुर स्वर्गीय छोटेलाल चौधरी के मित्र रविंद्र विश्वकर्मा के यहां पार्टी में शामिल होंने जा रहा था । इसी बीच प्रसाद मिस्त्री के घर के पास पहले से घात लगा कर बैठे प्रभु विश्वकर्मा ने कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार हत्या कर दी थी।

### जुलूस–ए– मोहम्मदी 9 को, मदरसा खैरुल से निकलेगा जुलूस

**हुसैनाबाद।** जपला मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में मुस्लिम समुदायों की एक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता नसीम खान ने की। जबकि संचालन डॉ. यूसुफ ने किया। बैठक में जुलूस –ए– मोहम्मदी को लेकर विचार विमर्श किया गया और जुलूस में किसी तरह की कोई नागवार हरकत नहीं करने की अपील की गई। जुलूस रविवार को सुबह 8 बजे मदरसा खैरूल इस्लाम परिसर से शुरू होगी। जो शहर के इस्लामगंज, लंबी गली, मकबरा रोड, गांधी चौक, मधुशाला रोड, पटेल चौक, जय प्रकाश चौक, अंबेडकर चौक होते हुए मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में पहुंचकर जलसा में तब्दील हो जायेगा। मदरसा के अध्यक्ष फिरोज अहमद उर्फ चंगेज ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों से इस जुलूस में शिरकत करने की अपील की है। मौके पर सचिव मोहम्मद अली उर्फ डबली, साकिर अली, जुल्फिकार अली,परवेज आलम,पुन्नू खान, सुहैल अहमद समेत कई लोग मौजूद थे।

## एक साथ निकली तीन अर्थियां, घरों में मचा कोहराम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के लोटनियां गांव मे शुक्रवार को एक साथ तीन लोगों की अर्थी निकली। जिसे देखकर सबकी आंखें नम हो गई। मृतक के घरों से लोगों की चीत्कार से पूरे गांव का माहौल गमगीन हो गया था। मृतकों का गांव से कुछ दूरी पर स्थित बलुआही श्मशान घाट पर एक साथ तीनों का अंतिम संस्कार किया गया। मालूम हो की गुरुवार की देर शाम लोटनियां गांव निवासी रघुनंदन यादव 55 वर्ष, सुरेंद्र यादव,50 वर्ष, प्रमोद यादव 35 वर्ष अपने मवेशियों को खेत से चरा कर अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान बारिश होने लगी और इसी क्रम में अचानक वज्रपात होने से तीनों इसकी चपेट में आ गएऔर घटनास्थल पर इनकी मौत हो गई। इस घटना की खबर मिलते ही गांव में एक दिन पूर्व विजयदशमी की खुशी गांव में थी। वह आज गम में बदल गयी। शोक जताने वालों का काफी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही विभिन्न राजनीतिक दलों और समाजिक कार्यकर्ताओं समेत सैकड़ों लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए मृतक के घरों पहुंचे। सभी लोगों ने नम आंखों से मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर राजद के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव, जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, उर्फ टूटू, जिप सदस्य राजू मेहता, राजद युवा नेता, रवि यादव, मुखिया बिनोद कुमार सिंह,अशोक यादव, रामलखन सिंह यादव, समेत कई लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

## फर्जी तरीके से जमीन का मुआवजा लेने का लगाया आरोप, उपायुक्त को दिया आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के सुल्तानी मौजा रामपुर निवासी रंजय सिंह, संजय सिंह, लालदेव सिंह, नंददेव सिंह, सुधीर सिंह, प्रवीण सिंह ने बलरा गांव निवासी प्रभात सिंह व उनके भाई प्रमोद सिंह तथा दोनों की पत्नी पर फर्जी तरीके से जमीन का मुआवजा भुगतान लेने का आरोप लगाया है।उन्होंने बताया कि रामपुर मौजा में खाता संख्या 33, प्लॉट 58,59 में कुल 5 एकड़ 32 डिसमिल जमीन है। इसमें 4 डिसमिल पर मकान तथा कुंवा बना हुआ है। जिसमें वे लोग पीढ़ी दर पीढ़ी रहते आए हैं। साथ में खेती करते हैं। एनएच 98 फोरलेन निर्माण के लिए उक्त प्लॉट से 59 डिसमिल जमीन सरकार द्वारा अर्जित की गयी है। अर्जित जमीन का मुआवजा उक्त आरोपियों ने फर्जी तरीके से वंशावली, एलपीसी बनाकर मुआवजा का भुगतान ले लिया है। जबकि 1958 में सड़क निर्माण के लिए अर्जित भूमि का मुआवजा उनके पूर्वजों को मिला था। इस संबंध में जिला जज के यहां केस भी चल रहा है। उधर पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह ने कहा कि वे वंशावली पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। उक्त मामले की वंशावली पर फर्जी हस्ताक्षर व मोहर किया गया है। इसकी सूचना वरीय अधिकारियों को दे दी गयी है। उधर पीड़ित परिवार ने इस संबंध में उपायुक्त पलामू, भू-अर्जन पदाधिकारी पलामू तथा सीओ हरिहरगंज को आवेदन देकर कार्रवाई करने तथा मुआवजा का भुगतान वास्तविक हकदार को दिलाने की मांग की है। उधर प्रभात सिंह ने बताया कि उक्त जमीन का 1999 में केवाला करवाया है। जिसका ऑनलाइन रसीद भी कट रहा है। इस आधार पर मुआवजा लिया हूं। उन्होंने कहा कि लगाए गए सारे आरोप



## पूजा पडांल में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** नवरात्र के मौके पर मोहम्मदगंज सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा स्तरोन्नत उच्च विद्यालय,मोहम्मदगंज के प्रांगण स्थित पूजा पंडाल में रंगोली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कई महिला पुरुष प्रतिभागियों ने भाग लिया। 2 घंटे चली इस प्रतियोगिता में कई कलाकारों ने मां दुर्गा, काली सहित अन्य कलाकृतियों पर आधारित रंगोली बनाकर अपनी कला को प्रदर्शित किया। निर्णायक मंडली के सदस्य सिद्धार्थ कुमार जमुना प्रसाद छोटे सोनी रोहित कुमार ने रंगोली का अवलोकन किया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी मनोज कुमार, सिद्धार्थ कुमार,द्वारका प्रसाद और विक्रमा प्रसाद ने उत्कृष्ट रंगोली बनाने वाले प्रतिभागियों का चयन कर पुरस्कृत किया । जिसमें प्रथम पुरस्कार आकांक्षा कुमारी प्राची प्रिया को द्वितीय और श्रेया कुमारी को तृतीय पुरस्कार मुख्य अतिथियों के द्वारा दिया गया। प्रतियोगिता के संचालन में कमेटी के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, विवेक विशाल बंटी, बिट्टू सिंह, मंटू यादव, रौशन कुमार, कमलेश कुमार, आकाश दिलीप, सनी सहित कई सदस्यों ने सक्रिय सहयोग दिया।

## नम आंखों से दी गई मां दुर्गा को विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के मंगलपुर, करार, तेतराई, कोनवाई, डंडार सहित कई गांवों में गुरुवार को माँ दुर्गा को नम आंखों से विदाई दी गई। इससे पूर्व पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ पूजा-अर्चना कर पुरोहितो ने माँ दुर्गा की पूजा की। इसके बाद उपस्थित लोगों ने पूजा-अर्चना कर माँ दुर्गा को विदाई दी। इस दौरान सभी की आखें नम थीं। इससे पूर्व माँ का दर्शन करने के लिए भक्तों की कतार लगी रही। विसर्जन के दौरान माता के दर्शन और विदाई के लिए श्रद्धालु और भक्तगण उत्साहित थे। पूजा समिति नवयुवक संघ मंगलपुर के द्वारा माँ दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन रात्रि दस बजे कर दिया गया गया। पांकी प्रखंड के आसपास के क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से दशहरा संपन्न हो गया। आयोजन को सफल बनाने में चंदन कुमार, सोनू कुमार, शिक्षक राजन कुमार, राम,उमेश कुमार, अनूप ठाकुर, राकेश कुमार पासवन, नीरज कुमार सिन्हा, अंशु कुमार सहित कई पूजा समिति के सदस्यों का योगदान रहा।



## `हरिहरगंज कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष बने राघव

**हरिहरगंज।** शहर के मोतीराज कॉलेज के समीप सुधा कांप्लेक्स में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी की बैठक आयोजित कर प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह की मौजूदगी में सर्वसम्मति से राघव सिंह को कांग्रेस प्रखंड कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। इस दौरान नवनियुक्त अध्यक्ष को कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर प्रदेश प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह ने कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को पंचायत से लेकर प्रखंड व जिला तक कार्यकर्ताओं से सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान नवनियुक्त प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेवारी सौंपी है। उसे पूरे ईमानदारी से निभाऊंगा।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,चतरा
### (समाज कल्याण शाखा)

–::आम सूचना::–

एत्द द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय संकल्प सं0–2020 दिनांक–21.08.2019 द्वारा स्वीकृत राज्य योजनान्तर्गत ''मुख्यमंत्री सुकन्या योजना'' के स्थान पर ''सावित्रीबाई फुले किशोरी समद्धि योजना'' का कार्यान्वयन किया जा रहा है।

इस योजना के तहत् कंडिका–2.3 में वर्णित पात्रता के बालिकाओं को निम्नवत् आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी :–

| क0 | लाभुक वर्ग | आर्थिक लाभ की राशि |
|---|---|---|
| (i) | कक्षा 8 में नामांकित बालिका | रू0 2,500/– |
| (ii) | कक्षा 9 में नामांकित बालिका | रू0 2,500/– |
| (iii) | कक्षा 10 में नामांकित बालिका | रू0 5,000/– |
| (iv) | कक्षा 11 में नामांकित बालिका | रू0 5,000/– |
| (v) | कक्षा 12 में नामांकित बालिका | रू0 5,000/– |
| (vi) | 18–19 वर्ष की आयु की बालिका को एक मुश्त अनुदान | रू0 20,000/– |

योजनान्तर्गत लाभ हेतु लाभार्थी की पात्रता पूर्ण करने वाली आवेदिका अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका के माध्यम से संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को आवेदन समर्पित कर सकते है एवं सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजना से लाभान्वित हो सकते है।

नोटः– योजनान्तर्गत लाभ हेतु पात्रता एवं अन्य शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर एवं जिले के वेबसाइट WWW.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है।

PR 279323 Social Welfare,Women and Child Development(22-23).D

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
चतरा


## सांस्कृतिक कार्यक्रम होने से लोगों में आता है बदलाव : पूरन



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** विजयादशमी के शुभ अवसर पर छत्तरपुर प्रखंड अंतर्गत तेलाड़ी गांव मे युवाओं के द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खोढ़ी पंचायत मुखिया संघ के अध्यक्ष पुरन यादव कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। मंच से अपनी बातों को रखते हुए उन्होंने युवाओं को तारीफ करते हुए बोला कि युवा शक्ति देश का धरोहर के रूप में है। आगे चलकर समाज का हर हिस्सा में युवाओं का महत्वपूर्ण जगह रहेगा । इसलिए सभी का सम्मान आदर भाईचारा बनाए रखना है दुर्गा पूजा मैं पूजा पदाधिकारी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है इसलिए मैं सभी को धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं आप सभी सच्चे मन से हर कार्य को करेंगे दुर्गा पूजा हिंदू धर्म में पूरे भारत में बड़ी पूजा के रूप में मनाया जाता है अंत में युवाओं को नसीहत देते हुए बोला बड़ों का सम्मान सदैव करना चाहिए अगर आप बड़ों का सम्मान नहीं करते हैं तो आने वाला पीढ़ी आप सभी से भी मुंह चुरा लेगा और आप का भी सम्मान नहीं करें गा पूजा हमें हिंदू धर्म के प्रति आस्था विश्वास को जोड़ती है और सदमार्ग की रास्ते पर चलना सिखाती है कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रुदवा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील पासवान, प्रवीन यादव,सुनील यादव,बैजनाथ यादव,उदय यादव,सतेन्द्र यादव,विमलेश यादव,महेश यादव,बिकास यादव,मुकेश राम,सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।


## कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव

### अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 08/2022–23

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑंव।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 18.10.2022 अपराह्न 4:00 बजे तक।
3. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव।
4. निविदा प्राप्ति का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 19.10.2022 को अपराह्न 2:00 बजे तक।
5. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समयः– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव में दिनांक 19.10.2022 को अपराह्न 02:30 बजे से।
6. कार्य विवरणीः–

| क0. सं0 | वार्ड सं0 | मद | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 04 | नागरिक सुविधा | विनोद यादव के घर से ऑगन बाड़ी के आगे तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण। | 670100.00 | 5000.00 | 13500.00 | 45 दिन |
| 02 | 06 | नागरिक सुविधा | जोखन चौधरी के घर से श्यामसुन्दर और ललन के घर होते सुनील साव के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण। | 500700.00 | 5000.00 | 10100.00 | 45 दिन |
| 03 | 04 | नागरिक सुविधा | सुखदेव तिवारी के घर से विनोद यादव के घर तक नाली पर ढ़क्कन का निर्माण। | 285600.00 | 1000.00 | 5800.00 | 30 दिन |

नोटः– विस्तृत सूचना एवं शर्ते अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑंव

PR 279322 Urban Development(22-23).D



## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा
**(Phone: 06541.222288, E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

– सूचना –

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत कार्यालय परिसर में डाकबंगला एवं सभाकक्ष 30 कमरा एवं उपस्कर सहित **Builtup Area- 5254.50 sft**) का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षों के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति दिनांक 15.10.2022 से 28.10.2022 तक ''चतरा जिला परिषद कार्यालय'' के एक खिड़की से फार्म 10,000/– (दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो ''उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा'' के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 03.11.2022. को (कार्यालय कार्य अवधि) है। इसके पश्चात् आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। यह राशि किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जायेगा। डाकबोली हेतु समर्पित आवेदन के समीक्षोपरान्त दिनांक 05. 11.2022 को 02.00 बजे अपराह्न डाकबोली ''जिला परिषद सभाकक्ष'' में प्रारम्भ की जायेगी।

| भवन का नाम एवं विशिष्टियां | न्यूनतम डाक की राशि (तीन वर्षों के लिए) | जमानत की राशि |
|---|---|---|
| कार्यालय परिसर में डाकबंगला एवं सभाकक्ष 30 कमरा एवं उपस्कर सहित<br>कुल कमरो की संख्या – 16 (Attach with Bathroom)<br>हॉल की संख्या – 01<br>किचन की संख्या – 01<br>स्टोर रूम की संख्या – 01<br>(उक्त डाकबंगला पूर्ण रूपेण सुसज्जीकृत है।) | 7130460.0 | 713046.00 |

**नियम शर्ते –**

1. बन्दोबस्ती प्रक्रिया खूली डाक के माध्यम से अपनाई जायेगी।
2. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो। वांछित कागजात में सफल डाकवक्ता की सूची कार्यालय नोटिश बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा।
3. आधुनिक डाकबंगला की बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 2376820.00 (तेईस लाख छिहत्तर हजार आठ सौ बीस रू0) प्रति वर्ष (तीन वर्ष के लिए– 7130460.00) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
4. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 7,13,046/– (सात लाख तेरह हजार छियालीस रू0) बैंक ड्राफ्ट द्वारा ''उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा'' के पदनाम से जिला परिषद, चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद वापस कर दी जायेगी।
5. डाकवक्ता को जिला के स्थायी निवासी होने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
6. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नहीं लेगें।
7. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
8. अन्य डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.279362 District(22-23):D

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर डीसी ने की बैठक

# योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में उपलब्ध कराएं: डीसी

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा। समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप की अध्यक्षता में राज्य सरकार के 3 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में ₹आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार₹ कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु तैयारियों को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई। ₹आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार₹ कार्यक्रम का आयोजन जिले में दो चरणों में किया जाना है। प्रथम चरण दिनांक 12 से 22 अक्टूबर 2022 एवं द्वितीय चरण 1 से 14 नवंबर 2022 तक निर्धारित है। बैठक के दौरान बताया गया कि उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत स्तर पर शिविर का आयोजन कर राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ शिविर में ही आम जनों को उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जाएगी तथा व्यक्तिगत योजनाओं के लाभ को सैचुरेशन मोड में लाते हुए अर्थात कोई भी अहर्ता प्राप्त व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित ना रहे इसका ध्यान रखा जाएगा एवं शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने की विशेष व्यवस्था की जाएगी। ₹आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार₹ कार्यक्रम के आयोजन से संबंधित विशेष प्रचार प्रसार अभियान 7 दिन पूर्व से ही कराने हेतु संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम में लगाए जाने वाले शिविरों के माध्यम से आम नागरिकों को राज्य सरकार के सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें लाभान्वित करने का कार्य किया जाएगा। इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का संपादन किया जाएगा जिसमें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत बालिका शिक्षा पर जोर, बाल विवाह प्रथा का अंत, महिला सशक्तिकरण एवं किशोरियों को अपने जीवन के संबंध में स्वतंत्र निर्णय लेने हेतु सक्षम बनाने जैसे कार्य किए जाएंगे। इस योजना के तहत छात्राओं को आठवीं एवं नौवीं कक्षा में 2.5-2.5 हजार रुपए 10वीं, 11वीं एवं 12वीं कक्षा में 05-05 हजार रुपये तथा 18-19 वर्ष की आयु की किशोरी को एकमुश्त ?20 हजार का अनुदान राशि उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत राज्य में दूध, मांस, अंडा के उत्पादन में वृद्धि लाकर जिले को आत्मनिर्भर बनाना, ग्रामीण क्षेत्र में पशुपालन के माध्यम से स्वरोजगार तथा अतिरिक्त घरेलू आमदनी का सृजन करना एवं ग्रामीण पशुपालकों की आय को दोगुना करना जैसे उद्देश्यों को पूरा किया जाएगा। इस योजना के तहत पशुधन के लिए शेड निर्माण में भी सहायता मुहैया कराया जाएगा।




### योजनाओं के तहत योग्य लाभुकों को आच्छादित किया जायेगा

सर्वजन पेंशन योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य बृद्धा अवस्था पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वालंबन प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्ति को सहायतार्थ पेंशन योजना आदि योजनाओं के तहत योग्य लाभुकों को आच्छादित किया जाएगा। प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति की प्रक्रिया को आसान बनाते हुए छात्र छात्राओं की शिक्षा में अधिक से अधिक भागीदारी बढ़ाने, शिक्षा के समान अवसर प्रदान करने एवं शिक्षा के लिए प्रोत्साहन तथा ड्रॉपआउट को रोकने संबंधित कार्य किए जाएंगे। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत बेरोजगारों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से 25 लाख रुपए तक ऋण देने की व्यवस्था की गई है, जिसमें 40 प्रतिशत ऋण अनुदान (सब्सिडी) या अधिकतम 5 लाख रुपये तक अनुदान (सब्सिडी) की व्यवस्था की गई है। योजना के तहत ?50000 तक ऋण के लिए किसी भी गारंटर की आवश्यकता नहीं होगी एवं 18 से 50 वर्ष की आयु तक के व्यक्ति योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के तहत प्रतिमाह अनुदानित दर यथा ?1 प्रति किलोग्राम की दर से 5 किलोग्राम खाद्यान्न (चावल) प्रति लाभुक उपलब्ध कराए जाने एवं जरूरतमंद को हरा राशन कार्ड निर्माण कार्य कराए जाएंगे। उक्त योजना के तहत आदिम जनजाति परिवार, विधवा, परित्यक्ता, ट्रांसजेंडर, 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग, कैंसर, एड्स, कुष्ठ, असाध्य रोग से ग्रसित, अकेले रहने वाले वृद्ध, बुजुर्ग व्यक्ति, एकल परिवार, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति को प्राथमिकता दी जाएगी।

# विसर्जन जुलूस के क्रम में ग्रामीणों ने किया थाना घेराव, प्रशासन की सूझ-बूझ से हटे ग्रामीण

नवीन मेल संवाददाता

**विशुनपुरा/गढ़वा।** दुर्गा पूजा कमिटी लालचौक विशुनपुरा के मूर्ति विसर्जन जुलूस गुरुवार शाम में डीजे पर डांस कर रहे ग्रामीणों को पुलिस के द्वारा पिटाई की गयी. पुलिस के पिटाई से उग्र ग्रामीणों ने थाना के सामने विशुनपुरा-मझिआंव मुख्य सड़क को जाम कर दिया. सड़क जाम के बाद ग्रामीण धरना पर वैठ गये। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के प्रति काफी नराजगी जताते हुए नारेबाजी कर रहे थे। ग्रामीणों सुमंत मेहता ने कहा कि मूर्ति विसर्जन जुलूस के दौरान सभी लोग माता रानी की भक्ति गीतों पर डांस कर रहे थे। इसी बीच विशुनपुरा थाना एएसआई बिनोद रजक ने लाल चौक निवासी रंजन कुमार को हाथों से पिट दिया। इस बात को लेकर सभी लोग थाना के सामने न्याय के लिए धरना पर वैठे है। उन्होंने कहा कि जबतक पिटाई करने वाले एएसआई बिनोद रजक को सामने नही आएंगे धरना समाप्त नही की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों लाल चौक पूजा कमिटी के लोगो पर सड़क अवरुद्ध करने पर कमिटी के ऊपर थाना द्वारा 107 केस किया गया है, जो यह गलत है। उन्होंने 107 केस कमिटी के लोगो पर से हटाने की मांग किया। घटना की जानकारी पर पहुचे बीडीओ हीरक मन्ना केरकटा एवं जिला परिषद सदस्य शंभूराम चन्द्रवँशी ने घटना की जानकारी ली. वही जिला परिषद शंभूराम चन्द्रवँशी ने आक्रोशित ग्रामीणों को समझाते हुए सड़क जाम समाप्त करने की आग्रह किया। जिस पर ग्रामीणों ने एएसआई बिनोद रजक को सामने आकर बात करने के बाद धरना समाप्त करने की बात कही। इसके बाद एएसआई बिनोद रजक ग्रामीणों के समक्ष आये और उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति ब्यवस्था कायम रखना हमारी जिम्मेवारी है. अगर किसी बात को लेकर ग्रामीणों को ठेस पहुची है तो इसके लिए क्षमा प्रार्थी है। इसके बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम एवम धरना समाप्त किया। जिसके बाद लोग मूर्ति विसर्जन के लिए चले गए। मौके पर प्रमुख प्रतिनिधि चंदन मेहता, विकास शर्मा, भोला शर्मा, दिनेश शर्मा, पृथ्वी पाल, हरेंद्र मेहता, भरदुल मेहता, कैलाश पाल, रंजन कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण सामिल थे।




# पैसा को लेकर दो युवकों के बीच जमकर हुई मारपीट, एक घायल

नवीन मेल संवाददाता

गढ़वा । मेराल थाना क्षेत्र के मेराल गांव निवासी नेजाबुदीन अंसारी का पुत्र बसरूदीन अंसारी मारपीट की घटना में घायल हो गया है। उसका इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है घटना के संबंध में बसरुदीन ने बताया की गांव के ही मुस्तकीम अंसारी उसके साथ नए आवास निर्माण में कार्य कर रहा था। उसी बीच पैसा को लेकर दोनों में विवाद उत्पन्न हो गया जिसके बाद मुस्तकीम अंसारी संतु साव, सुरेंद्र साव, अनिल साव आदि लोगों ने 3 अक्टूबर को उसे मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। घटना के बाद गांव में 7 अक्टूबर को गांव में पंचायती रखा गया था। लेकिन पंचायती होने से पहले बसरूदीन अंसारी 6 अक्टूबर को गढ़वा किसी काम से आया था। घर लौटने के दौरान बसरूदीन अंसारी को मुस्तकीम अंसारी उसे जबरदस्ती मोटरसाइकिल पर बैठा कर लगमा की और ले गया। और यह कहते हुए मारपीट किया कि तुम पंचायती मत कराव जब तक वह कुछ कह पता तब तक उसके साथ ईट पत्थर व कील से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

उसे मरा हुआ समझकर यह लोग उसे एक खेत में फेंक कर चले गए। घटना के 2 घंटे बाद जब बसरूदीन को होश आया तो किसी तरह गांव के लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना में घायल के शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट आई है।

## फांसी लगाकर महिला ने की आत्महत्या

**गढ़वा।** चिनिया थाना क्षेत्र के सीगसिगा खुर्द निवासी पृथ्वीनाथ सिंह की पत्नी दुलारी देवी 55 वर्ष फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। चिनिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से उतारकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए लाया है। घटना के संबंध में मृतक के पति पृथ्वी नाथ सिंह ने बताया कि काफी दिनों से बीमार चल रही थी। सुबह उठ कर देखा तो घर मे नहीं थी बहुत समय बीत जाने के बाद काफी खोजबीन की तो गांव वालों ने सूचना दिया जा कर देखा। शुक्रवार के सुबह 8:00 बजे घर से थोड़ा दूर पेड़ में अपने साड़ी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली किस कारण से फांसी लगाई है हम लोगों को जानकारी नहीं है। चिनिया पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया है।

# बुका हरिजन टोला में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र को लेकर हुआ विवाद

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** बुका हरिजन टोला में निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केंद्र के एमबी बुक कराने को लेकर जे ई प्रेमचंद गुप्ता और लाभुक रामशंकर मेहता के बीच सड़क पर शुक्रवार को जमकर तू तू में में होने लगी जिससे लोंगो की भीड़ इकठा हो गया । लाभुक ने एमबी बदल दिए जाने पर जेई पर केश करने की भी धमकी दे डाली। क्या है मामला भवनाथपुर पंचायत के बुका गांव के हरिजन टोला में आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण कराया जा रहा है।जिसमे जेई प्रेमचंद गुप्ता के द्वारा ले आउट कराया गया जेई के बताए अनुसार लाभुक ने पीलिंथ करा दिया। लाभुक ने पीलिंथ कराने के बाद जेई से एमबी बुक करने को बोला तो जेई के द्वारा 2 लाख की एमबी बुक करने के एवज में 20 हजार का डिमांड किया गया जब लाभुक ने पैसा देने से इनकार किया तो जेई के द्वारा योजना स्थल पर बिना गए ही गलत काम कराने का हवाला देते हुए 77 हजार का एमबी बुक कर के लाभुक को दे दिया।जबकि एमबी बुक करने के बदले पैसा मांगने की मामला पूर्व में भी गढ़वा डीडीसी के संज्ञान में आने के बाद पत्रकारो से जांच कर करवाई करने की बात कही गई थी इसके बावजूद कारवाई नही हुआ। जेई प्रेमचंद गुप्ता के द्वारा एमबी को बदल कर लाभुक को दिया गया जिसके बाद लाभुक और जेई के बीच जमकर तू-तू, में- में सड़क पर ही शुरू हो गया। लाभुक रामशंकर मेहता ने बताया कि कल जेई प्रेमचंद गुप्ता योजना स्थल पर गए थे काम देखने के बाद बोले कि और बढ़ाकर कार्य कीजिये एमबी हो जाएगा एमबी दीजिए और आज बदल कर दूसरा एमबी दिया जो कि नया था।जेई प्रेमचंद गुप्ता से पूछे जाने पर बताया कि पैसा मांगने का आरोप निराधार है वर्क के अनुसार एमवी बुक होता है लाभुक के द्वारा स्थल बदल कर कार्य किया गया है साथ ही किये गए कार्य से दो गुना पेमेंट मांगने का दबाव बनाया जा रहा है ।

## आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम 10 अक्टूबर से

**मंझिआंव/गढ़वा।** झारखंड सरकार के आदेशानुसार एवं गढ़वा उपायुक्त रमेश कुमार घोलप के निर्देशन में प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतीश कुमार भास्कर के देखरेख में प्रथम चरण में 10 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें सभी विभागों का स्टॉल लगाया जाना है। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार, कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड के सभी पंचायत भवन में आयोजन किया जाना है। जिनमें पुरहे 12 अक्टूबर, तडहे 14 अक्टूबर, रामपुर 17 अक्टूबर, बोदरा 19 अक्टूबर, तलशबरिया 21 अक्टूबर को आपकी योजना, आपकी सरकार,आपकी द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

## भाकपा गढ़वा जिला परिषद की बैठक, बोले वक्ता

# कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर रहे हैं पीएम

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी गढ़वा जिला परिषद की बैठक जंगीपुर ग्राम में गणेश सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुये गणेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री रेवड़ी संस्कृति की चर्चा कर कल्याणकारी योजनाओं को बन्द करना चाहते है। उन्होंने कहा कि भाजपा के एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट में रिट याचिका दायर किया और कोर्ट ने मुस्तैदी दिखाते हुये तीन सदस्यीय पीठ का गठन कर दिया,याचिका में सरकारी सब्सिडी को बन्द करने की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि सहारा इंडिया में 15 करोड़ जमाकताओं के पैसे है, जिन्हें नही दिया जा रहा है। उसमें काम करनेवाले लगभग 12 लाख अभिकर्ता भुखमरी के कगार पर है। उन्होंने कहा कि इस पर सुप्रीम कोर्ट, सेवी को तेज गति से कार्रवाई करना चाहिये. जिला सचिव राजकुमार राम ने कहा कि लाइमस्टोन व डोलोमाइट खदान खुलवाने की दिशा में विधायक व सांसद द्वारा कोई प्रयास नही हो रहा है। खदान बन्द हो जाने से हजारों लोगों का रोजगार छीन गया.उन्होंने कहा कि विभिन्न विभागों में लगभग साढ़े तीन लाख पद रिक्त हैं, जिसे भरने की दिशा में सरकार तेज गति से प्रयास नही कर रही है। देवीदयाल मेहता ने कहा कि रघुवर सरकार ने हलसर्वे खतियान लागू कर,गैरमजरूआ भूमि को लैंड बैंक में डालकर किसानों व आम लोगो को मुसीबत में डाल दिया, जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। 2016 के बाद मालगुजारी रसीद कटना बन्द हो गया.बैठक में आगामी 7 नवम्बर को रांची राजभवन के समक्ष आयोजित धरना को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से देवीदयाल मेहता को जिला का सहायक सचिव व खलील खान को कोषाध्यक्ष बनाया गया। किसान उपसमिति के लिये देवीदयाल मेहता को संयोजक,श्रीराम,गोपाल यादव, सुरेश प्रजापति व राजकुमार भुइयां को सदस्य, खेत मजदुर्व ट्रेड यूनियन उपसमिति में गणेश सिंह को संयोजक बनाया गया।



## भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र में पीएम आवास योजना में मची हैं लूट

# कर्मियों की मिलीभगत से बिचौलियों ने की फर्जी निकासी

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** प्रखंड में पीएम आवास योजना में लूट की छूट है। कुछ ऐसा ही मामला भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत पंडरिया पंचायत के करमाही टोला में मामला सामने आया है। जहां आदिम जनजाति के बर्षों पूर्व निर्माण बिरसा आवास को दिखाकर प्रखंड कर्मियों की मिलीभगत से दलाल के द्वारा प्रधानमंत्री आवास की राशि की फर्जी निकासी कर ली गई।

**क्या है मामला:** भवनाथपुर प्रखण्ड के पंडरिया पंचायत क करमाही टोला के आधादर्जन लाभुकों के पूर्व में बनाए गए बिरसा अवास को प्रखण्ड के कर्मी एवं दलाल के मिलीभगत से प्रधानमंत्री आवास दिखा कर पैसा निकाला गया। लाभुक रामचंद्र कोरवा, बुधनी कुंवर, अनिल कोरवा, चैनी कुँवर, लखन कोरवा, श्यामलाल कोरवा को पूर्व में बिरसा आवास मिला था इनलोगो के नाम से प्रधानमंत्री आवास आया तो दलाल एवं प्रखण्ड कर्मी के मिलीभगत भगत से पुराने बिरसा आवास को रंग पेंट कर एवं अल्बेस्टर लगा कर लाखो रुपये का उगाही किया गया। प्रखण्ड कर्मी दलाल के माध्यम से आदिम जनजाति के अशिक्षित होने के फायदा उठाते हुए सरकारी पैसा का उगाही करने में लगा हुए हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर स्वयंसेवक उपेंद्र पाल ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है मिल पैठ कर बात कर लिया जाए। वहीं इस सबंन्ध मे रोजगार सेवक तहमीद अंसारी ने बताया कि मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नही है।

**क्या कहते हैं कॉर्डिनेटर:** प्रधानमंत्री आवास के प्रखण्ड कोर्डिनेटर सिराज अहमद ने मजे की बात तो ये कहा कि हम विश्वास करके लाभुक के खाता में पैसा डाल देते हैं मुझे इसकी जानकारी नही है। जबकि सरकार का आदेश है कि पैसा डालने से पहले आवास निर्माण कार्य को देख ही पैसा डालना है। क्या कहते हैं मुखियाइस संबंध में पंडरिया पंचायत के मुखिया गायत्री देवी ने कहा कि मेरे रीजन का आवास नही है अगर इस तरह की मामला है तो उच्च अधिकारी को कारवाई के लिए लिखेंगे।



### क्या कहते हैं मंत्री आलमगीर आलम

**इस संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है अगर ऐसा पाया जाता है तो जो भी उस में सम्मिलित होंगे उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।**

**हमें जानकारी नहीं है अगर ऐसा मामला है तो जांच कर जो भी दोषि होंगे उनपर कार्रवाई की जाएगी।**

### जयपाल महतो, बीडीओ, भवनाथपुर

# नाई समाज के युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग

### डीडीसी को राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला कार्यसमिति सदस्य सर्वेश कुमार ठाकुर ने सौंपा मांग पत्रं

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** राष्ट्रीय नाई महासभा के जिला कार्यसमिति सदस्य सर्वेश कुमार ठाकुर ने मुख्यमंत्री सृजन रोजगार योजना अंतर्गत नाई समाज के युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग उप विकास आयुक्त से की किया। मांग पत्र में उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखंडों के नाई समाज के युवक-युवतियों नाई समाज के अधिकांश लोग सैलून चला कर अपना जीवन गुजर बसर करते हैं सैलून के अलावा उनका दूसरा कोई भरण पोषण (जीविकोपार्जन) करने का कोई व्यवस्था नहीं है जिस तंगी के कारण बेचारे सैलून चालक अपना सैलून प्रतिष्ठान को अच्छी तरह से संचालित करने में असमर्थ रहते हैं इनके अलावे नाई समाज के कुछ प्रशिक्षित युवक-युवतियों को बेरोजगार है जो आर्थिक तंगी के कारण बेरोजगारी के शिकार हैं ऐसे में नाई समाज के लोग मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की सभी वाताएं पूरी करते हैं एवं इन बेरोजगारों के लिए यह सुनहरा अवसर है । जिला के सभी प्रखंडों के नाई समाज के बेरोजगार युवक-युवतियों को प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री सृजन रोजगार योजना का लाभ उपलब्ध करा कर रोजगार मुहैया कराया जाए

## न्यूज गैलरी

### ब्लॉक गेट पर कीचड़ जमा होने के कारण 108 एम्बुलेंस वैन फंसा




**भवनाथपुर।** ब्लॉक गेट पर कीचड़ जमा होने के कारण शुक्रवार को एक मरीज को लेकर अस्पताल लौट रहा 108 एम्बुलेंस वैन फंस गया। जिसे ग्रामीणों के सहयोग से एम्बुलेंस को निकाला गया। जबकि आये दिन कई राहगीर उक्त कीचड़ में दो पहिया वाहन से गिरकर घायल भी हो चुके है ।परन्तु इन सब के बाउजूद प्रतिदिन आने जाने वाले प्रसाशनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मूकदर्शक बने हुए है सभी लोंगो का रटा रटाया एक ही जवाब की फंड आएगा तो इसका सड़क निर्माण किया जाएगा। विगत दो माह से ब्लॉक मुख्य गेट से मात्र पचास फिट ही सड़क पूरी तरह जर्जर है जिसमे वारिस के कारण जलजमाव होने से परेसानी लोंगो को हो रही है ।लोंगो के द्वारा शिकायत करने पर अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के द्वारा दो चार ट्रेक्टर मिट्टी भरवा दिया जाता है 'जिससे समस्या बराबर का बना हुआ है।

### नाबालिग से दुष्कर्म की घटना को दिया अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

चिनीयां। थाना क्षेत्र के हेताड कला गांव से एक 6 वर्षीय नाबालिक के साथ हुवा दुष्कर्म , आरोपी को पुलिस ने भेजा जेलचिनिया थाना क्षेत्र के हेताडकला गांव के एक 6 वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पिता ने लिखित आवेदन लेकर चिनिया थाना मे प्राथमिकी दर्ज करने तथा न्याय की गुहार लगाई है। मामले की जानकारी मिलते ही चिनिया थाना प्रभारी बिरेंद्र हांसदा ने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है जहां आरोपी ने अपनी संलिप्तता को स्वीकार कर ली है । पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर थाना प्रभारी बिरेंद्र हासंदा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की तथा आरोपी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली जिसे आईपीसी और पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है । उधर थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है आरोपी को जेल भेज भेज दिया गया है उधर क्षेत्र में 6 वर्षीय बच्चे के साथ दुष्कर्म जैसे घृणित कार्य से लोग आश्चर्यचकित हैं । जो यह घटना पूरे समाज को कलंकित कर रही है।


### दुर्गा पूजा कमिटी के अध्यक्ष को पगड़ी बांधकर व तलवार भेंट कर किया सम्मानित

मंझिआंव/गढ़वा। शारदीय नवरात्र प्रखंड व नगर पंचायत क्षेत्र मेंशांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्णवतावरण में बड़े ही हर्षोल्लास के मनाया गया। वहीं मातारानी बिसर्जन जुलूस के दौरान बिभिन्न गांव से आए पूजा कमिटी के अध्यक्ष को युवा समाजसेवी सह नगर पंचायत भाबी अध्यक्ष पद प्रत्याशी ओबीसी कांग्रेस गढ़वा जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष मारुतनंदन सोनी ने पगड़ी बांधकर एवम तलवार भेंट किया ।गौरतलब है कि बाजार क्षेत्र के युवाओं के द्वारा दूर-दूर से आए मातारानी के भक्तों के लिए माँ शेरावाली भंडारा का आयोजन किया गया था ।वहीं दुर्गा पूजा कमिटी यांग स्टार क्लब के द्वारा राधाकृष्ण गोपियों का ख्याति राश्नीला का आयोजन किया गया था ।मातारानी के शोभा यात्रा के दौरान राधाकृष्ण एवम गोपियाँ ने जमकर राष रचाया जिससे लोग इस अविष्मरनिय द्दश्य देखकर भरपूर लुफ्त उठाया।

### टाउनशिप सीडी दुर्गा पूजा समिति ने सम्मान समारोह का किया आयोजन

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर टाउनशिप सीडी सेल कॉलोनी दुर्गा पूजा समिति द्वारा मूर्ति विसर्जन के पूर्व कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उदघाटन समिति के अध्यक्ष सेल अधिकारी भगवान पाणिग्रही और दिवाकर उपाध्याय द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में समिति के सभी सदस्यों को सफलतापूर्वक पूजा आयोजन करने के लिए अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जबकि समिति के संरक्षक विधायकभानु प्रताप शाही द्वारा पूर्व में दी गई तलवार को भेंट की गई। इसके बाद सबसे अधिक सहयोग राशि देनेवालों में प्रथम स्थान पर रहे सेल अधिकारी महावर साहब, द्वितीय स्थान पर रहे दीपक सिंह और तृतीय स्थान पर रहे विक्रम उपाध्याय को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद प्रशासन से आए पुलिस अधिकारी , समिति के सदस्य सह पूजा के यजमान दिवाकर उपाध्याय, उप कोषाध्यक्ष जे के तिवारी, सचिव दीपक सिंह ,मधुसूदन पाठक, विवेक उपाध्याय, कमल महावर, पंकज कुमार, सुनील कुमार को सम्मानित किया गया। पूजा कार्यक्रम को सफल बनाने में विधायक भानु प्रताप शाही, उपमुखिया वैश खान , सेल महाप्रबंधक मनोज कुमार, संघ के मनु उपाध्याय, सतीश दूबे , दीपक सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन संजय राय भट्ट द्वारा किया गया।

### नपाध्यक्ष ने सोलरयुक्त लालटेन वितरण योजना का लोकार्पण करने की मांग की



**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत अध्यक्ष विजया लक्ष्मी देवी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र प्रेषित कर श्री बंशीधर नगर पंचायत क्षेत्र के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों व मध्यम वर्गीय परिवार के बीच सोलरयुक्त लालटेन वितरण योजना का लोकार्पण करने की मांग किया है .प्रेषित पत्र में कहा गया है कि नगर पंचायत क्षेत्र में 17 वार्ड हैं, जिसमे गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले,आदिवासी परिवार के लोगों की संख्या काफी है .मध्यम वर्गीय परिवार के लोगो को भी कुछ लाभ से वंचित रखना पड़ता है .सभी वार्डो को मिलाकर लगभग 7 हजार प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया गया है,जिसमे कुछ मध्यम वर्गीय परिवार वंचित रह गये है,जिन्हें आज तक कोई लाभ नही मिल सका है .वैसे लोगो व प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों के बीच सोलरयुक्त लालटेन वितरण किया जाना चाहिये ताकि सभी वंचित परिवार इस योजना से लाभान्वित हो सकें। इससे लोगो को काफी राहत मिलेगा।

## न्यूज गैलरी

### आदिवासी बालिका छात्रावास लातेहार का ताला तोड़कर चोरों ने उड़ाएं कई सामान



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत आदिवासी बालिका छात्रावास में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर कई सामान की चोरी कर ली। दशहरा पर्व को लेकर छुट्टी के बीच अज्ञात चोरों ने फायदा उठाते हुए आदिवासी बालिका छात्रावास लातेहार में ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया है। छात्राओ ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर छुट्टी में हमलोग घर चले गए थे। घर से लौटने के दौरान देखा कि सोलर प्लेट,छात्राओं का नकद पैसा समेत कई अन्य सामानो गायब है। उन्होंने बताया कि तीन माह पूर्व भी इस कैम्पस से मोटर पाइप की चोरी कर ली गई थी। इस चोरी की घटना से छात्राओं में डर का माहौल पैदा हो गया है। इसकी सूचना के बाद अखिल विद्यार्थी परिषद के छात्र नेता कमलेश उरांव छात्रावास पहुंचकर मामले की छात्रों से जानकारी ली और इसकी सूचना तत्काल लातेहार थाना पुलिस को देकर मामले की जांच कर कारवाई की मांग की है।

### निंदिर गांव में पूजा समिति ने संस्थापक को दी श्रद्धाजलि

**लातेहार।** सदर प्रखंड के सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, निंदिर के द्वारा समिति के संस्थापक स्व राजाराम प्रसाद को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। बताते दें कि गत महीने राजाराम प्रसाद का आकस्मिक निधन हो गया था। उन्होने ही निंदिर गांव में दुर्गा पूजा की नीव रखी थी। इस मौके पर समिति के सदस्यों ने स्व प्रसाद को याद किया और उन्हें एक मिलनसार व धार्मिक प्रवृति का इंसान बताया. स्व प्रसाद के पुत्र अनिल कुमार गुप्ता ने अपने पिता की स्मृति में एक सेवा संस्थान का शुभारंभ जरूरतमंदों के बीच ऊनी वस्त्रों का वितरण कर किया। उन्होने कहा कि उनकी सेवा संस्थान का उदेश्य जरूरतमंदों की मदद करना है।

### वाहन चेकिंग के दौरान बाइक चालक ने नियंत्रण खोया, दुर्घटनाग्रस्त

**बालूमाथ।** प्रखंड के पचपेड़ी ग्राम के पास पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल चालक युवक ने नियंत्रण खोया जिससे मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें सरिता देवी ग्राम झावर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार युवक महिला को बाइक में बैठाकर झाबर से बालूमाथ की ओर आ रहा था कि बीच रास्ते में पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान युवक घबरा गया और मोटरसाइकिल से अपना नियंत्रण खो बैठा और गड्ढे में जा गिरा जिससे महिला घायल हो गए । घायल महिलाओं को त्वरित बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां उसकी प्राथमिक उपचार की गई। डॉ सुरेंद्र के मुताबिक महिला को सिर और हाँथ व अन्य जगह पर छोटे आई है।

### मनिका के डिग्री कॉलेज के पास बाइक का संतुलन खराब होने से दो व्यक्ति हुए घायल

**लातेहार।** जिला के मनिका थाना अंतर्गत डिग्री कॉलेज के समीप आज दिन शुक्रवार को बाइक का संतुलन खराब होने से दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति दिनेश कुमार सिंह घर लातेहार वही दूसरा घायल व्यक्ति रामचंद्र सिंह घर लातेहार बताया जा रहा है। दोनों व्यक्ति लातेहार से मेदिनीनगर की ओर जा रहे थे। उसी बीच डिग्री कॉलेज के पास बाइक का संतुलन खराब होने से दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना ग्रामीणों ने थाना प्रभारी शुभम कुमार को सूचना दिया। सूचना मिलते ही एसआई मनोज कुमार दुबे दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घायल व्यक्ति को एंबुलेंस के द्वारा लातेहार सदर अस्पताल भिजवाया गया।

### जन्मदिवस पर पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**मयूरहंड(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के करनी गांव में पूर्व मुखिया भुवनेश्वर प्रसाद सिंह ने अपने परपोता ठाकुर निवांश सिंह के प्रथम जन्मदिवस के अवसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान नन्हे निवांश के हाथों फलदार पौधा के अलावा औषधिए पौधों का रोपण करवाया गया। पूर्व मुखिया श्री सिंह ने कहा की बढती जनसंख्या से धरती पर पर्यावरण संकट बढता जा रहा है। ऐसे में आज के इस आधुनिक युग में पार्टी ना कर आने पौधेरोपण कर यादगार बनाएं। ग्रामीणों ने जन्मदिन पर पौधारोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि आगे से हम सभी भी पौधारोपण कर बच्चों के जन्म दिवस को यादगार बनांएगे।

### बीडीओ ने की विभिन्न कार्यों की समीक्षा, कर्मियों को दिये कई निर्देश



**गिद्धौर(चतरा)।** शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में बीडीओ संजीत कुमार सिंह ने कर्मियों संग बैठक कर मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास व 15वें वित्त से संचालित योजनाओं की समीक्षा की। बीडीओ ने बारी-बारी से योजनाओं की समीक्षा करते हुए मनरेगा कर्मियों को मनरेगा योजनाओं से संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण कर डिमांड कर भुगतान करने का निर्देश दिया। वहीं पोटो हो खेल मैदान को 15 अक्टूबर तक पूर्ण करने व प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण कराने का निर्देश सम्बंधित कर्मियों को दिया। साथ हीं 15 वें वित्त से प्रखंड में संचालित योजनाओं को स्थल निरीक्षण कर व मापी पुस्तिका कर भुगतान करने का निर्देश सम्बंधित प्रखंड समन्वयक को दिया। बैठक में बीपीओ अजय कुमार सिन्हा, प्रखंड कोडिनेटर फरहत नाजनी, कनीय अभियंता सचिनदत्त शर्मा, सोनम सेराज, प्रखंड समन्वयक सीताराम रज्जक, शेखर कुमार आदि शामिल थे।

### सड़क लूटकांड में शामिल अपराधियों को पुलिस ने चंद घंटों में ही दबोचा

# दो दर्जन से अधिक वाहनों में लूटपाट



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** एनएच 75 रांची-मेदिनीनगर मार्ग पर स्थित कटपुलिया के समीप गुरुवार की रात भीषण डैकती हुई। करीब दो दर्जन से अधिक वाहनों से लूटपाट किया गया। पुलिस ने घटना के चंद घंटों के अंदर ही लूटकांड में शामिल अपराधियों को धर दबोचा। एक आरोपी को पुलिस ने घटनास्थल से ही गिरफ्तार किया था बताया जाता है कि गिरफ्तार आरोपी के निशानदेही पर अन्य अपराधियों को थाना क्षेत्र के चिरो से गिरफ्तार किया गया है।इस डैकती के दौरान बदमाशों ने वाहन चालकों के साथ मारपीट भी की। डकैती का शिकार गढ़वा के झामुमों के नेता भी हुए। एक गैस वाहन के चालक ने बताया कि कटपुलिया के समीप उनकी गाड़ी ब्रेक डाउन थी तभी चंदवा की ओर से तीन लोग पहुंचे और मारपीट करने लगे उनलोगों ने मुझसे पांच हजार रुपये भी लूट लिए। इस दौरान कई चालकों को मारा भी,चालक ने खुद के साथ हुई मारपीट के निशान भी दिखाए। डकैती की सूचना पर पुनि सह थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा के नेतृत्व में चंदवा पुलिस घटनास्थल पहुंची और फायरिंग भी की। फायरिंग की आवाज सुन डैकत भाग गए वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पुलिस ने एक युवक को मौके पर ही धर दबोचा। गिरफ्तार सभी अपराधियों से पूछताछ जारी है। पुलिस के पहुंचने के बाद आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो गया था। चंदवा पुलिस ने कहा कि सभी से आवश्यक पूछताछ के बाद छापामारी की जा रही है,जल्द ही अन्य आरोपी भी गिरफ्त में होंगे।पांच वर्षों के बाद हुई कटपुलिया के समीप डैकतीकटपुलिया डैकती स्थल के रूप में चर्चा में रहा है। एक दशक पहले यहां डैकती होना सामान्य बात थी। पुलिस की सक्रियता के बाद यहां डैकती बन्द हो गयी थी। आखिरी बार यहां करीब 5 वर्ष पहले एक अखबार वाहन में तोड़फोड़ करते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरीय अधिकारी रात में ही चंदवा पहुंचे और घटना की जानकारी प्राप्त की रात में ही पुलिस हरकत में आई और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया।

# जतरा मेला से लौट रहे बाइक चालकों ने खोया नियंत्रण, पांच व्यक्ति घायल

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत लगने वाली जतरा मेला से लौट रहे मोटरसाइकिल चालकों ने तीन अलग-अलग जगह पर दुर्घटनाग्रस्त हुए। जिससे 5 लोग घायल हो गए घटना के बारे मिली जानकारी के अनुसार पहली घटना थाना क्षेत्र के चेटर पुल के मोड़ के पास का है। जहां सावंसार निवासी दो युवक रंजीत उराव रूपेश उरांव अपने पल्सर मोटरसाइकिल मैं सवार होकर देर शाम देवल गड्ढा जत्रा से लौट रहा था। कि चेटर नदी के पास नियंत्रण खो बैठा और पेड़ से जा टकराया मौके पर अमरवाडीह पीकेट प्रभारी प्रेम कुमार निषाद ने तुरंत अपने पुलिस वाहन पर युवकों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर युवकों की स्थिति को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया।इन युवकों के इलाज के दौरान समाजसेवी सह राजद नेता प्रीतलाल यादव एवं दीपक यादव का भूमिका सराहनीय रही । वहीं दूसरी घटना बसिया जतरा मेला से लौट रहे एक बाइक में सवार दो युवक युवती बसिया पुल के पास नियंत्रण खो बैठा और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे एक युवक और एक युवती को गंभीर चोटे आई है दोनों ही युवक-युवती बारियातू प्रखंड के बरवाडीह ग्राम के बताया जा रहे हैं। वहीं तीसरी घटना थाना क्षेत्र के जरी के पास का है जहां प्रकाश गंजू एवं सतीश उरांव द्वारा एक बुजुर्ग व्यक्ति को बचाने में मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिससे दोनों लोग घायल हो गए। दोनों युवक नगर अंबाटोली का बताया जा रहा है। जिसका प्राथमिक उपचार बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डॉ अमरनाथ एवम मोहम्मद गुलाम मोहम्मद अजहर एएनएम मालती कुमारी सहित कई स्वास्थ्य कर्मी ने कत्थक भूमिका निभाई।

### उपायुक्त ने की जिला योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा, कहा

# अपूर्ण योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करें




नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला योजना अन्तर्गत संचालितयोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से विद्यालयों का उन्नतिकरन, शिक्षा, इन्फ्रास्ट्रचर, नगर परिषद, कृषि, आंगनबाड़ी, समेत अन्य क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की प्रगति प्रतिवदेन पीपीटी के माध्यम से बारी-बारी कर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश उपायुक्त ने दिया। साथ ही विशेष केन्द्रीय सहायता मद से संचालित योजनाओं को लेकर वैसे योजना जो अपूर्ण स्थिति में है उसे समय सीमा के अंदर पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्राप्त आवंटन का उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र जमा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। योजना पदाधिकारी अनुप कुमार द्वारा बताया गया कि प्रतापपुर प्रखंड क्षेत्र के चर्चित बिरहोर आदिम जनजाति बहुल हिंदियाकला में पेयजल आपूर्ति को लेकर डीप बोरिंग का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, सीएस श्याम नन्दन सिंह, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के अविक अंबाला समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# नामांकन के साथ मंझगावां पैक्स चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ



नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड(चतरा)।** शुक्रवार को जिले के मयूरहंड प्रखंड क्षेत्र के मंझगावां पंचायत पैक्स के गठन को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत नामांकन और स्क्रूटनी के साथ चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई। 10 अक्तूबर को आपत्ति और निस्तारण, 12 को नाम वापसी, 14 को चुनाव चिन्ह का आवंटन और 18 को मतदान होगा। उपरोक्त जानकारी निवार्ची पदाधिकारी नीरज कुमार सिन्हा ने दी। वहीं दुसरी ओर तदर्थ कमिटी के रजिस्टर व मतदाता सूची नही रहने पर लोगों ने आपत्ति दर्ज किया। कई गावों के सदस्य जानकारी के अभाव में नामांकन करने में असफल रहे। ऐसे में केवल तिलरा से हीं पैक्स अध्यक्ष पद के लिए रिंकू देवी एवं अच्छुत कुमार एवं कार्यकरणी सदस्य के लिए प्रदीप सिंह, सुनिल सिंह, उज्जवल कुमार सिंह, ज्वाला प्रताप सिंह (तदत कमिटी अध्यक्ष), रीना देवी, निर्मला देवी तथा अमित कुमार सिंह ने नामांकन दाखिल किया। स्क्रुटनी के दौरान सभी का नामांकन सही पाया गया। मौके पर मुखिया मंजित सिंह, उप मुखिया उपेंद्र दांगी, मुन्ना सिंह, नेपाल सिंह के अलावे पैक्स सदस्य व अन्य उपस्थित थे।

### गिद्धौर में सीओ ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ की बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** शुक्रवार को गिद्धौर अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ बैठक किया। बैठक में उपस्थित प्रज्ञा केंद्र संचालकों को सीओ ने स्कूली बच्चों के जाती प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र बनाने के नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड सरकार के अभियान के तहत 12 अक्टूबर से 22 अक्टूबर तक सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की गई है। इस दौरान शिविर लगाने की तैयारी करने की बात कही। साथ ही सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र अपलोड करने, ग्राहक सेवा केंद्र से बैंक खाता धारियों की राशि निकालने, जमीन से सम्बंधित कार्रू करने की बात कही गई। बैठक में अशुरजंन कुमार मंटू, पुनीत कुमार, शशि कुमार आदि प्रज्ञा केंद्र संचालक शामिल थे।

# माल्हन जतरा में होता है कई रिश्तों का अटूट जुटान : जतरू कुमार मुंडा



नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मालहन पंचायत के नवाटोली में लगने वाले जतरा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में मालहन मुखिया जतरु कुमार मुंडा भी तैयारी की जानकारी लेने पहुंचे मुखिया मुंडा ने कहा की आगामी 11 अक्टूबर मंगलवार को अमावस्या बूढ़ी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर जतरा का आयोजन किया जाता है जो कि हमारे पूर्वजों के द्वारा वर्षों से चला आ रहा है ' श्री मुंडा ने कहा कि पूर्वजों द्वारा दिया गया एक वरदान है जो की हमारे लिए गर्व की बात है कि हमें यह बूढ़ी पूर्णिमा जतरा के रूप में विरासत में मिली है। इसकी मान सम्मान एवं भव्य आयोजन को बचाए रखना हम सभी का कर्तव्य है जतरा में कई रिश्तों का होता है। अटूट जुटान जिसको देखने के लिए दूरदराज से लोग आते हैं। जतरा मेला को देखते हुए ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क व आस-पास की साफ सफाई करने का निर्णय लिया गया। सुचारू तरीके से जतरा एवं पूजा को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष सुरेंद्र गंझू, उपाध्यक्ष कलेश्वर गंझू, सचिव रुपेश गंझू, उपसचिव घिरन गंझू कोषाध्यक्ष प्रकाश गंझू को बनाया गया। मौके पर अबुल अंसारी, फूलेशन गंझू, देबिया गुड्डु आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### आशीष सिंह बने बरवाडीह मुखिया संघ के अध्यक्ष

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के प्रखंड कार्यालय परिसर में शुक्रवार को प्रखंड के निवार्चित सभी मुखिया सदस्यों की बैठक हुई .बैठक चुंगरु पंचायत के मुखिया बलदेव परहीया की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मुखिया संघ का चुनाव किया गया। जिसमें मोरवाई पंचायत के सेवा निवृत फौजी मुखिया आशीष कुमार सिंह को अध्यक्ष चुना गया। वही केचकी पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह को उपाध्यक्ष, छिपादोहर मुखिया वेरोनिका कुजूर को सचिव, मंगरा पंचायत मुखिया विपिन बिहारी सिंह को कोषाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी चुना गया। वही बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत के मुखिया को , सक्रिय सदस्य में रखा गया है। ,जिसमें खुरा पंचायत मुखिया जितेंद्र सिंह ,बलदेव परहीया, कुचिला मुखिया शत्रुघन सिंह सहित अन्य शामिल है।

# नम आंखो से प्रतापपुर, इटखोरी व मयूरहंड में किया गया माता की प्रतिमा का विसर्जन




नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/मयूरहंड/इटखोरी।** धुमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ नवरात्र व दुर्गा पूजा के समापन उपरांत शुक्रवार को प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय में तथा इटखोरी व मयूरहंड आादि प्रखंड में बीते देर शाम माता दुर्गा के साथ अन्य देवी देवताओं के प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान नम आंखो से लोगों ने माता को विदा किया। प्रतापपुर दुगार्पूजा महासमिति एवं राजगढ़ पूजा समिति द्वारा मुर्ति विसर्जन को लेकर जुलूस निकाला गया। जुलूस में भक्ति गाने पर भक्त झूमते नगर भ्रमण करते श्रद्धालु जयप्रकाश डैंम पहुंचकर विधि पूर्वक नम आंखों से मां दुर्गा के साथ अन्य प्रतिमाओं का विसर्जन किया। वहीं विसर्जन जुलूस में शामिल होने वाले समिति के सदस्यों आदि को ग्रामीण चिकित्सक रामकांत शर्मा ने 150 गम्छा देकर सभी को सम्मानित किया। वहीं विसर्जन जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में बीडीओ मुरली यादव, अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी, थाना प्रभारी विनोद कुमार, समाजसेवी भोला प्रसाद, विनोद शौण्डिक, रवीन्द्र कुमार (राबो) समेत अन्य जनप्रतिनिधि लगे थे। विसर्जन में पूजा समिति के अध्यक्ष राजन गुप्ता, गौतम कुमार, मुकेश सिंह, सन्मुख यादव, अकाश कुमार, शुभम कुमार, विपिन कुमार, सावन कुमार, पवन कुमार, योगी लाल, आनंन्दी साव समेत भारी संख्या में लोग शामिल थे। वहीं इटखोरी प्रखंड के इटखोरी चौक, टाल, पितिज, करनी, परसोनी, परोका पूजा पंडाल में तथा मयूरहंड प्रखंडमें स्थापित प्रतिमाओं को विसर्जन बीते देर शाम किया गया।

### उग्रवादियों के हाथों चकला अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट में जान गवांने और प्लांट में जमीन देने वाले रैयतों का नहीं हुआ भविष्य उज्जवल

# अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट के कॉरपोरेट घरानों ने रैयतों को पहुंचा दिया बदहाली के कगार पर



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** चकला अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट के कॉरपोरेट घराने ने उग्रवादी हमले में जान गवांने और प्रोजेक्ट में जमीन देने वाले रैयतों के परिवारों को पहुंचा दिया है बदहाली के कगार पर। सामाजिक कार्यकर्ता एवं कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान कहते हैं कि चकला अभिजीत पावर प्लांट के रात्रि प्रहरी (नाईट गार्ड) पर करीब दस वर्ष पहले उग्रवादियों ने हमला कर दिया था, इस हमले में चार नाईट गार्ड की मौत घटनास्थल पर हो गई थी और एक घायल हो गया था।इनमें दो मृतकों के आश्रितों को सरकारी नौकरी लगी लेकिन दो परिवार अभी भी बदहाली के कगार पर हैं। उग्रवादियों के हांथो जान गवांने और प्लांट में जमीन देने वाले रैयतों का भविष्य सवंरने के बजाय और उजड़ गया।जान गवांने और जमीन देने के बाद भी 8 हजार रुपए में प्रत्येक माह प्लांट में उन्हें कार्य करना पड़ रहा है जो इस महंगाई के दौर में कुछ भी नहीं है। प्लांट का स्क्रैप बिकने की खबर से प्रोजेक्ट वर्कर में कार्य कर रहे रैयत इधर खाशे चिंतित हैं उनकी निंद उड़ गई है। प्लांट जब लगा था तो लोगों को सपना था कि रैयतों को अपनी जमीन की अच्छी मुआवजा मिलेगा, एक सदस्य को प्रोजेक्ट में नौकरी, बच्चों की पढ़ाई के लिए अच्छे स्कूल और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बेहतर अस्पताल खुलेगा लेकिन कुछ ही वर्षों के बाद यह सपना टुट गया। रैयतों को उनकी जमीन का मुआवजा राशि भी पुरा नहीं मिला, रैयतों की मुआवजा राशि में भी बंदरबांट कर लिया गया। प्लांट चालू हुए करीब तीन चार वर्ष हुआ ही था कि उग्रवादियों ने करीब दस वर्ष पहले चकला अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट के 5 नाईट गार्ड पर हमला कर उनकी जान ले ली इसमें एक जो घायल था वह बच गया। हमले में जिनकी मौत हुई थी उसमें रामदुलार साव, द्दगपाल लोहरा दोनों नावा टोली चकला, बिसरु उरांव सदाबर, ईन्ताफ खान चकला शामिल हैं। घायल नावाटोली निवासी बंधनू उरांव को बड़ी मुश्किल से ईलाज के बाद बचाया जा सका। इसमें अनुकंपा के अधार पर दो लोगों स्व0 ईन्ताफ खान के पुत्री और स्व0 रामदुलार साव के पुत्र को सरकारी नौकरी लगी हुई है। दो मृतक के परिजनो को शिर्फ मुआवजा के राशि से ही संतोष करना पड़ा है। इनके आश्रितों को करीब आठ हजार रुपए प्रत्येक माह मिलते हैं जो न्युनतम मजदूरी से भी काफी कम है। प्लांट में कार्य कर रहे रैयत वर्कर को 6 हजार से लेकर आठ हजार रुपए प्रति माह मिलते हैं जो वर्कर के साथ एक तरह का शोषण है।

#### स्क्रैप बिक जाने की शहर में चर्चा से रैयत वर्करों की नींद उड़ी

इधर पलांट के स्क्रैप बिक जाने की शहर में चर्चा से रैयत वर्करों की नींद उड़ी हुई है। एक-एक वर्कर को करीब हजार से लेकर लाखों रुपए मजदूरी बकाया है, उन्हें चिंता है कि प्लांट से स्क्रैप चला गया तो बकाया पैसा का किया होगा। सरकार के साथ जब कॉरपोरेट घराने समझौता किए थे उस समय कॉरपोरेट घरानों ने पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन नीति के तहत जमीन दाताओं को जमीन की मुआवजा देने, प्रोजेक्ट से प्रभावित होने वाले रैयत परिवारों का पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन करने, प्रभावित परिवारों के जीवन निर्वाहन स्तर का उत्थान करने, परिवार के सदस्यों को प्रोजेक्ट में रोजगार देने, आधारभूत संरचनाओं के निर्माण स्वास्थ्य, शिक्षण एवं अन्य सामुदायिक सुविधाएं आदि पूर्ण करने का वादा किया था जो वादा ही रह गया।एक तरफ प्लांट से स्क्रैप उठाने की तैयारी हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ रैयत वर्कर अपने बकाए राशि के भुगतान के लिए, रोजगार बरकरार रहे इसके लिए आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। जिले के प्रखंडों में हिंडालको कंपनी को चकला कोल ब्लॉक, एनटीपीसी ठळढउ कंपनी को बनहरदी पंचायत कोल ब्लॉक,डीवीसी कंपनी को तुबेद में कोल ब्लॉक आवंटित किया गया है। इन्हीं कॉरपोर्रेट घरानों का, रैयतों से जमीन लेने की जोर अजमाइश चल रही है वहीं गांवों में कॉरपोरेट घरानों को रैयत अपनी जमीन देना ही नहीं चाहते हैं। रैयतों का विरोध मारपीट मुकदमा तक पहुंच चुका है।

## न्यूज गैलरी

### बोलबा में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर बनायी रणनीति

**बोलबा।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी। बैठक में बताया गया दो चरणों में पंचायतों के राजस्व ग्रामों में यह कार्यक्रम चलाया जायेगा। मुख्य रूप से जिनका ग्रीन राशन कार्ड नहीं हैं उनका राशन कार्ड बनेगा, सुकन्या योजना की जगह सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना होगी। 8वीं से 12 वीं की लड़की बच्चीं को सरकारी सुविधा के तहत 8 वीं 9 वीं को 2500 सौ वहीं 10वीं 11वीं एवं 12वीं को 5000-5000 हजार साथ ही 18 से 19 साल की किशोरी को एक मुस्त 20000 दिया जायेगा। इस प्रकार कुल 40000 मिलेगा। वहीं मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजंना के तहत 50000 से 2500000 लाख तक की मदद। पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन योजना। मनरेगा, 15 वें वित्त, धोती साड़ी लुंगी योजना, कंबल बितरण योजना, केसीसी, ई-श्रम कार्ड, भूमि लागान रसीद, प्रत्येक परिवार को आधार लींक, धान अधिप्राप्ति, विजली पानी हंडिया दारू बेचने वाले महिलाओं को मदद आदि योजना जनता द्वार में दिया जायेगा। मौके पर सीआई बैंक मैनेजर समसेरा मुखिया सुरजन बडाईक सहीत पांचो पंचायत के मुखिया पंचायत समिति, सभी बार्ड सदस्य, ग्राम प्रधान, सभी पंचायत सचिव, सभी जनसेवक के अलावे प्रखंड सह अंचल के कर्मी मौजुद थे।

### भंडरा में झामुमो नेता के घर पर चोरी, अलमीरा तोड़कर जेवरात पैसे लेकर भागे चोर

**भंडरा / लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के सेंगरा टोली स्थित बाजार के समीप गुरुवार रात को जेएमएम नेता जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव के घर में अज्ञात चोरो ने गेट का ताला तोड़कर चोरी कर लिया। चोरो ने की हिमाकत मात्र आधे घंटे के लिए घर से निकले थे तिवारी उरांव उतने ही समय में चोरो ने घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और दिया चोरी की घटना को अंजाम। चोरो ने घर में रखे अलमीरा को तोड़कर अलमीरा में रखे पैसा एवं जेवर सहित अन्य समान को चुरा ले गए। इस संदर्भ में जेएमएम नेता तिवारी उराँव ने बतया की गुरुवार रात करीब 7:30 बजे अपने घर को ताला बंद कर बस्ती तरफ निकले थे आधे घण्टे के बाद घर लौटे तो देखा कि गेट का ताला तोड़ हुआ है। आलमीरा भी टूटा हुआ है। अलमीरा में रखे सभी समान गायब है। तिवारी उरांव ने बताया की चोरो ने नगद 11 हजार, बेटा का आई कार्ड जो सीआरपीएफ में है जिसका नम्बर 40/85बीएन/2019, आयुष्मान कार्ड दो, बैंक एटीएम एक, सोना का कानबाली, पायल, चांदी का मंगल सूत्र, टार्च दो, वोटर आईडी, बैंक पासबुक चुरा ले गए। इस मामले में भंडरा थाने को लिखित आवेदन दिया गया है चोरो ने नगद सहित हजारों रुपए का जेवरात चोरी की है।

### जलडेगा कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा को लेकर की बैठक



**जलडेगा।** कांग्रेस प्रखंड समिति द्वारा केलुगा गांव बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुशील जड़िया ने किया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने को लेकर रणनीति तैयार किया गया जिससे कि भारत जोड़ो यात्रा में गाँव के आखिरी जनों तक पहुंचे और लोगों को जानकारी हो कि ये यात्रा का उद्देश्य क्या है। बताया गया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा 23 अगस्त को देश मे 'भारत जोड़ो यात्रा' के लिए लोगो, टैगलाइन और वेबसाइट लॉन्च की। 'भारत जोड़ो यात्रा' 7 सितंबर, 2022 को कन्याकुमारी से शुरू हुई। यह 3,500 किमी लंबी, 150-दिवसीय 'नॉन-स्टॉप' पदयात्रा होगी जो देश भर के 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेश को कवर करेगी ने बताया गया कि जलडेगा प्रखंड में भी भारत जोड़ो यात्रा की जाएगी जिसको लेकर रणनीति बनाई जा रही है। बैठक में विधायक प्रतिनिधि समी आलम, आदिवासी, अनूप लकड़ा, रावेल लकड़ा, कृष्णा नाग, जमीर खान अर्जुन होरो, अवध साहू, अप्पू, रहीम खान, सुनील, सुरेश, मोहम्मद मुमताज, दिव्या लुगुन, अगस्ती लुगुन, पोलूस लुगुन सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### शोभा यात्रा को बदनाम करने की साजिश उच्च स्तरीय जांच हो : समन्वय समिति

**सिमडेगा।** सिमडेगा में दुर्गा पूजा विसर्जन के दौरान असामाजिक तत्वों के द्वारा पथराव के दौरान पुलिसकर्मी घायल हुआ। इस मामले को लेकर दुगार्पूजा समन्वय समिति ने भी घटना की निंदा करते हुए दुर्भाग्यपुर्ण बताया। समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने कहा कि लगातार एक ही जगह पर पिछले दो तीन शोभा यात्रा में पथराव की घटना से शोभा यात्रा को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है। उन्होने कहा कि एनएच 143 में जलसा कार्यक्रम के लगभग एक माह पुर्व ही शोभायात्रा मार्ग में तोरण द्वार बनाना संदेह पैदा करता है। उन्होने कहा कि फ्लेक्स में छेड़खानी के नाम पर सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश की गई थी। उन्होने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करने की मांग करते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की है।

---

स्वास्थ्य अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए जिला प्रशासन गुमला व टाटा स्टील फाउंडेशन के बीच किया समझौता

# समझौता ज्ञापन गुमला जिले में स्वास्थ्य चिकित्सा की दिशा में एक उपयुक्त कदम है जो सबसे प्रभावशाली होगा : डीसी

- सजिले के सदर अस्पताल में एडवांस एक्सरे मशीन एवं सिटी स्कैन मशीन का अगले 40 दिनों के दिनों के अंदर किया जाएगा अधिष्ठापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** टाटा स्टील फाउंडेशन (टीएसएफ) ने गुमला जिला प्रशासन के साथ स्वास्थ्य अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु एक बहुउद्देश्यीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। यह समझौता मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के रणनीतिक दिशा और निर्माण क्षमता प्रदान करके सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ाने का प्रयास है। उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव के उपस्थिति में सिविल सर्जन गुमला राजू कच्छप एवं टाटा स्टील फाउंडेशन हेल्थ डिपार्टमेंट हेड डॉक्टर अनुज भटनागर द्वारा वर्ष 2027 तक का समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

#### स्वास्थ्य सेवा को बेहतर करने की पहल

समझौते के तहत गुमला सदर अस्पताल में सीटी स्कैन एवं एडवांस एक्सरे मशीन का अधिष्ठापन फाउंडेशन के माध्यम से किया जाएगा वहीं विशुनपुर एवं भरनो के सीएचसी सेंटर में आवश्यक उपकरण एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट का कार्य करते हुए स्वास्थ्य के क्षेत्र के गैप असेसमेंट पर कार्य किया जाना है। इसके अलावा आने वाले समय में टाटा स्टील फाउंडेशन एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में एक और एमओयू के माध्यम से अस्पताल के फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं की क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में तकनीकी इनपुट प्रदान किया जाएगा एवं प्रशिक्षण आवश्यकता आधारित होगा और तकनीकी और नेतृत्व दोनों पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव ने कहा कि यह समझौता ज्ञापन गुमला जिले में स्वास्थ्य चिकित्सा की दिशा में एक उपयुक्त कदम है जो सबसे प्रभावशाली होगा। टाटा स्टील फाउंडेशन के सहायता से स्वास्थ्य की सेवा को मजबूत बनाने की पहल जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। वे कहते हैं कि जिला में वो सभी स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी जिसके लिए मरीजों को अक्सर रांची या अन्य बड़े शहरों की ओर रुख करना पड़ता है। अगले 5 सालों में जिले स्वास्थ्य बेहतरीन स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा अन्य कमियों को पूरा करने के लिए भी फाउंडेशन द्वारा हैंड होल्ड सहायता मिलेगी। फाउंडेशन की सहायता से जिला प्रशासन द्वारा लोगों में कौशल विकास, अस्पतालों में आवश्यक उपकरणों का अधिष्ठापन आदि जैसे कार्य किए जाएंगे। जिले में अगले 40 दिनों के अंदर सिटी स्कैन मशीन एवं एडवांस एक्सरे मशीन का अधिष्ठापन कर लिया जाएगा साथ ही मशीन के संचालन हेतु एजेंसी का भी चयन किया जा चुका है। इसके अलावा टाटा स्टील फाउंडेशन से समन्वय स्थापित करते हुए स्वास्थ्य के अलावा अन्य क्षेत्रों जैसे खेल, विकास आदि के लिए भी कार्य किए जाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, एसडीओ सदर रवि आनंद, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, सहायक समाहर्ता, सिविल सर्जन गुमला राजू कच्छप, टाटा स्टील फाउंडेशन के हेल्थ डिपार्टमेंट हेड डॉक्टर अनुज कुमार भटनागर, फाउंडेशन के सदस्यों के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय सुरक्षा समिति की बैठक में सुरक्षा पर जोर

**शुक्रवार** को उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव की अध्यक्षता में जिला सुरक्षा समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से होम गार्ड की ट्रेनिंग, सभी पुलिस स्टेशन/कोर्ट कैंपस/जेल आदि जैसे चिन्हित स्थानों में सीसीटीवी अधिस्थपन तथा ड्रॉन कैमरा उपलब्ध करवाने, सुरक्षा बलों को बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को डिटाचेबल सीसीटीवी कैमरा एवं ड्रॉन कैमरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी कैमरों का अधिष्ठापन विधि व्यवस्था तथा सुरक्षा को दुरुस्त करने के दृष्टिकोण से आवश्यक स्थलों का चयन करते हुए लगवाने का निर्देश सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को दिया। उपायुक्त ने कोर्ट परिसर में जैप आईटी के माध्यम से सीसीटीवी का अधिष्ठापन करने की बात कही। साथ ही कोर्ट परिसर के बाहर के नाली को ढकते हुए उस स्थान का उपयोग पार्किंग के लिए करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त द्वारा विभिन्न जिला तथा प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की आवश्यकता को देखते हुए अंग रक्षकों को बढ़ाने पर आवश्यक निर्णय लिया गया। सुरक्षा को दुरुस्त करने हेतु उपायुक्त द्वारा कई आवश्यक निर्णय लेते हुए दिए गए निदेशों के आलोक में जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव, उप विकास आयुक्त हेमंत सती, अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सदर रवि आनंद, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया संजय पी.एम कुजूर, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर प्रीती किस्कू, कार्यकारी मजिस्ट्रेट गुमला के अलावा अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### अंतराष्ट्रीय स्तर का राइफल शूटिंग का लोहरदगा में होगा शीघ्र उद्घाटन : धीरज साहू

**लोहरदगा।** लोहरदगा में जल्द ही अंतराष्ट्रीय स्तर का राइफल शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया जायेगा। राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक बलदेव साहू महाविद्यालय स्टेडियम में राइफल सूटिंग रेंज के कार्यों का अवलोकन किया और उन्होंने बताया की बहुत जल्द लोहरदगा में अंतराष्ट्रीय स्तर का पिस्तौल और राइफल शूटिंग रेंज का उद्घाटन किया जायेगा, लगभग सारा कार्य पूर्ण हो चूका है और अत्याधुनिक हथियार का टेंडर अंतराष्ट्रीय टेंडर किया जा चूका है। जिसमे विश्व की सबसे बेहतरीन अत्याधुनिक कंप्यूटर से लैस हथियार उपलब्ध हो जायेगा, राइफल शूटिंग रेंज में 10 मीटर रेंज का पिस्तौल शूटिंग तथा 25 मीटर राइफल शूटिंग रेंज का स्थापना होने से लोहरदगा के खिलाड़ियों को अंतराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनने का सपना पूरा होगा। लोहरदगा या झारखंड में प्रतिभाशाली खिलाड़ी है जिन्हे उचित स्थान और सुविधा प्राप्त नहीं होती है इसलिए अंतराष्ट्रीय स्तर तक नहीं पहुंच पा रहे थे लेकिन अब झारखंड के खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी डंका बजायेगा। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, शशि गुप्ता, जबवारुल अंसारी, संदीप मिश्रा, जयजीत चौबे आदि उपस्थित थे।

---

डीसी के निर्देश पर सभी प्रखंडों में आयोजित बैठक में वरीय अधिकारियों ने दी जानकारी

## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम 12 से शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के निदेश पर शुक्रवार को सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारियों के द्वारा अपने-अपने प्रखंडों में 12 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहे कार्यक्रम 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' से संबंधित बैठक प्रखंड मुख्यालय में की गई। वरीय प्रभारियों द्वारा इस मौके पर जनप्रतिनिधियों, प्रखंड के पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ-साथ ग्रामीणों को भी कार्यक्रम 'आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार' की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान वरीय प्रभारियों द्वारा ग्रामीणों को उनके पंचायत में निर्धारित शिविर के तिथियों की भी जानकारी दी गई और शिविर में अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल होने और योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई। कैरो व सेन्हा प्रखंड के वरीय प्रभारी के रूप में जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार द्वारा कैरो प्रखंड मुख्यालय में प्रखण्ड के कर्मियों, बीस सूत्री सदस्यों आदि के साथ एक आवश्यक बैठक कर कार्यक्रम के बारे जानकारी दी गई। कुडू प्रखंड के वरीय प्रभारी के रूप में कार्यपालक दण्डाधिकारी नारायण राम द्वारा प्रखंड मुख्यालय में एक आवश्यक बैठक की गई। इस बैठक में पंचायत सचिव, जनसेवक, ग्राम रोजगार सेवक और संबंधित विभागों के पदाधिकारी व कर्मी शाामिल हुए।

वरीय प्रभारी द्वारा इस बैठक में आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने और इसमें ज्यादा से ज्यादा लोगो को लाभान्वि करने की अपील की। वरीय प्रभारी द्वारा प्रखण्ड के सलगी, बड़कीचांपी एवं सुंदरू पंचायत में लोगों से मुलाकात कर कार्यक्रम की जानकारी दी गई। भण्डरा प्रखण्ड मुख्यालय में वरीय प्रभारी के रूप में कार्यपालक दण्डाधिकारी अमित बेसरा ने प्रखंड के प्रमुख, उपप्रमुख, जिला परिषद सदस्य, विधायक प्रतिनिधि, 20 सूत्री उपाध्यक्ष, सभी मुखिया, सभी पंचायत के पंचायत सचिव, जनसेवक, ग्राम रोजगार सेवक एवं सबंधित विभागों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम की जानकारी दी और पंचायतों में निर्धारित तिथियों से अवगत कराया। वरीय प्रभारी द्वारा प्रखण्ड के उदरंगी पंचायत के हाटी ग्राम में ग्रामीणों से मुलाकात कर कार्यक्रम की जानकारी दी गई और शिविर में पहुंच कर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई।

## सिमडेगा की धरती परिचय की मोहताज नहीं : अर्जुन मुंडा

- विश्वंभर नायक ने सिमडेगा से दिल्ली की परिचय यात्रा साइकल से की




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा से विश्वम्भरनाथ नायक अपनी साइकिल से सिमडेगा से नई दिल्ली तक की यात्रा की और 1421 किलोमीटर की पूरी दूरी 23 दिनों में तय की।आज वह दिल्ली स्थित केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के आवास में आए और उनसे मुलाकात की। उन्होंने अपनी इस यात्रा का नाम 'परिचय यात्रा' रखा है। सिमडेगा में 'मोर मिट्टी' संगठन के सह-संस्थापक नायक सिमडेगा जिले के विभिन्न सामयिक विषयों के लिए इस यात्रा पर निकले हैं। उन्हें मंत्री ने शुभकामनाएं दी और कहा कि सिमडेगा जिला खेल के क्षेत्र में एक मुकाम हासिल कर रही है, सिमडेगा जिला आज किसी परिचय का मोहताज नहीं। केंद्रीय मंत्री श्री अर्जुन मुंडा ने विशम्भर नायक को शुभकामना दी।

---

कैरो में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

## डीटीओ ने ग्रामीणों से जागरूक होकर अपनी बात रखने को कहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड सह अंचल सभागार में शुक्रवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीष कुमार एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो के अध्यक्षता में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम को लेकर बैठक किया गया। बैठक के माध्यम से सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की रूप रेखा पर चर्चा किया गया। मनीष कुमार ने कहा सरकार के निर्देशानुसार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सरकार के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजना सहित विभिन्न विकास योजना को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में रखने व निष्पादन करने का बात कहा। प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने बताया की सरकार आपके द्वार कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया जाएगा जिसका प्रथम चरण में 14 को गजनी,19 सढ़ाबे एवं 22 गुड़ी, वंही दूसरा चरण में 3 नवम्बर हनहट, 5 नरौली एवं 12 नवम्बर को कैरो में निर्धारित किया गया है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में वृद्धा पेंशन, पशुधन, फूलों झारो, राशनकार्ड मनरेगा सहित विभिन्न योजना का निष्पादन किया जायेगा। वंही उपस्थित कर्मी व विभाग के कार्यकर्ताओं को व्यापक प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान,उपाध्यक्ष बुधवा उरांव, मुखिया, सुमन उरांव, सुमित्रा उरांव, चंद्रमणि उरांव, श्रवण मुंडा, पशु चिकित्सा पदाधिकारी अनिल कुमार, प्रधानमंत्री आवास प्रखंड समन्वयक दिनेश कुमार, गुहा उरांव, नन्दा भगत, सुहैल अहमद, पंचम पहान, राजमनी मिंज, समीम अख्तर, कृष्णा साहू, सिमोन बख्ला, अजय साहू, श्यामध्याल उरांव, मंसूर आलम, अजय कच्छप, राजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

## एसडीपीओ ने किया कैरो थाना के लंबित कांडों की समीक्षा की, दिया निर्देश

- दशहरा पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने पर पुलिसकर्मियों को दी बधाई



**नवीन मेल संवाददाता**


**कैरो/लोहरदगा।** शुक्रवार को एसडीपीओ वरिष्ठ नारायण सिंह ने कैरो थाना पहुचकर वहाँ लंबित विभिन्न कांडो की समीक्षा किया। इस दौरान एसडीपीओ ने थाने में विभिन्न अभिलेखों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने फरार वारंटियों की पंजी, विभिन्न कांडों की समीक्षा की। साथ ही गिरफ्तारी पंजी, चौकीदार पंजी, स्थाई वारंट पंजी सहित अन्य अभिलेखों का समीक्षा किया। केस डायरी, थाना परिसर में साफ-सफाई, थाना भवन, बिजली पानी व्यवस्था को भी देखा। अभिलेखों की समीक्षा के बाद एसडीपीओ ने थाना प्रभारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने एवं शराब के अवैध कारोबारियों पर अंकुश लगाने को कहा। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने थाना प्रभारी को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों के निष्पादन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतें। साथ ही यह भी कहा कि उग्रवाद और अपराध के खिलाफ अभियान को और तेज करें। एसडीपीओ ने फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर विशेष रूप से बल दिया। उन्होंने कहा कि विधि - व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखे। व्यवस्था में खलल डालने वालो के खिलाफ त्वरित करवाई करें। अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। एसडीपीओ ने इस दौरान 09 अक्टूबर को ईद मिलादुन्नबी के त्योहार पर निकलने वाले जुलूस का रूट चार्ट, समय समेत अन्य चीजों की जानकारी लिया। जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होने की बात कही गई। एसडीपीओ ने कहा भयमुक्त वतावरण को लेकर पुलिस अधिकारी अपना योगदान निभाएं। इसमें कोई कोताही नहीं बरतें। इस दौरान जिले सहित थाना क्षेत्र में दुर्गा पूजा दशहरा का त्योहार शांति पूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर कैरो व कुडू थाना में तैनात सभी पुलिसकर्मी की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों ने कड़ी मेहनत कर शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा का त्यौहार संपन्न कराया है जो सराहनीय है। सभी पदाधिकारियों को अनुमंडल पुलिस अधिकारी ने शुभकामना दिया। इस मौके पर थाना प्रभारी संखनाथ उरांव, एसआई हरिऔध करमाली, किरण पंडित, एएसआई उपेंद्र कुमार सिंह, क्रिसटॉपर सहित थाना के जवान मौजूद थे।

---

दुष्कर्म मामले के दोनों आरोपी जवान को पुलिस ने किया गिरफ्तार, एसपी ने देर रात प्रेस कांफ्रेंस कर दी जानकारी

# जवानों के खिलाफ बर्खास्तगी की होगी कार्रवाई, दोषी किसी हाल में बख्शे नहीं जाएंगे : डीआईजी

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा दुष्कर्म मामले के दोनों आरोपी जवान कमल कांत तिवारी और अजय बाड़ा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी आर राम कुमार ने रात के 9 बजे प्रेस को यह जानकारी दी। घटना को लेकर महिला थाना में कांड संख्या 32/22 दर्ज किया गया है। लोहरदगा एसपी आर रामकुमार खुद सेरेंगदाग पिकेट पहुंच कर पूरे मामले की जांच की। कड़ी पूछताछ के बाद दोषियों को चिन्हित किया गया है। पूछताछ में दोषियों ने घटना में अपनी संलिप्तता को स्वीकार कर लिया है। इसके बाद दोनों कृष्ण कांत तिवारी और अजय बाड़ा को गिरफ्तार कर लिया गया है। पिड़िता के ईलाज के संबंध में अधोहस्ताक्षरी के द्वारा चिकित्सकों से सम्पर्क स्थापित करते हुए जानकारी ली जा रही है। पिड़िता के निशानदेही एवं अन्य साक्षियों के बयान में आधार पर इस घटना क्रम में शामिल आई0आर0बी0-5 के दोनों 1. आरक्षी-270 अजय बाड़ा एवं 2.आरक्षी - 469 कृष्णाकान्त तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। इस घटनाक्रम में सुक्ष्म साक्ष्य संकलन एवं अनुसंधान हेतु पुलिस उपाधीक्षक परमेश्वर प्रसाद को इस कांड का अनुसंधानकर्ता बनाया गया है। दोनों आरक्षी के विरूद्ध कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है। बताया जाता है कि बलात्कार के आरोपी पुलिसकर्मी नशे की हालत में थे। महिला खेत में घास काटने गई थी। इसी दौरान उन्होंने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। एसपी ने कहा कि इस मामले की पुलिस ने निष्पक्ष जांच कर रही है। इसके तहत ही दोनों आरोपी पुलिस जवानों को गिरफ्तार किया गया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है। बता दें कि मामले में डीजीपी के कड़े निर्देश के बाद डीआईजी ने खुद मोर्चा संभाला था। डीआईजी के मामला संभालते ही पुलिस पूरी तरह एक्टिव हो गई और रांची रेंज के डीआईजी अनीश गुप्ता ने लोहरदगा एसपी को मामले में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मामले में रांची रेंज के डीआईजी अनीश गुप्ता ने कहा कि गिरफ्तार जवानों के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई भी होगी। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। फिलहाल दुष्कर्म पीड़िता का रिम्स में इलाज चल रहा है। जानकारी हो कि घटना लोहरदगा जिले के सुदूरवर्ती नक्सल प्रभावित सेरेंगदाग थाना क्षेत्र में घटी थी। महिला को 5 अक्टूबर को लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां से रिम्स रेफर कर दिया गया था। दुष्कर्म का आरोप सेरेंगदाग पिकेट के दो जवानों पर लगा था। घटना के उपरान्त पिड़ित महिला घटना स्थल के बगल में एक घर में गयी। जहाँ से उसे ईलाज हेतु सदर अस्पताल, लोहरदगा लाया गया। सदर अस्पताल, लोहरदगा में डॉक्टरों की टीम के द्वारा महिला का समुचित ईलाज एवं मेडिकल जांच किया गया। चिकित्सकों द्वारा पिड़ित महिला को बेहतर ईलाज हेतु रिम्स, रांची महिला थाना प्रभारी पु०अ०नि० नविता कुमारी महतो की देख-रेख में भेजा गया, जहाँ पिड़ित महिला का बेहतर ईलाज किया जा रहा है तथा उसकी स्थिति स्थिर है एवं पिड़िता लगातार डॉक्टरों की निगरानी में है।

### रेप पीड़िता के इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन, महिला की हालत नाजुक

**इधर लोहरदगा** में महिला के साथ दुष्कर्म के बाद उसे रांची के रिम्स में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। महिला की उम्र 50 वर्ष है, इसको लेकर महिला के बेहतर इलाज के लिए सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शीतल मलूवा बताते हैं कि अधीक्षक डॉ.हिरेन बिरुआ के आदेश के बाद महिला के इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड में स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जन, प्लास्टिक सर्जरी विभाग, रेडियोलोजी, एनेस्थीसिया विभाग के चिकित्सक मौजूद रहेंगे। डॉ। शीतल मलूवा ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़िता के इलाज के लिए मेडिकल बोर्ड के गठन कर दिया गया है। डॉक्टर ने बताया कि महिला के बेहतर इलाज के लिए उसकी सर्जरी भी की जाएगी। पीड़िता की स्थिति की जानकारी देते हुए कहा कि महिला के अंदरूनी हिस्सों में ज्यादा चोट है, जिसको लेकर उनकी सर्जरी को लेकर बात की जा रही है। बता दें कि विधवा महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने के बाद जवानों ने क्रूरता की सारी सीमाओं को पार कर दिया। उन्होंने महिला के प्राइवेट पार्ट पर भी गंभीर हमला किया। इससे पीड़ित महिला जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही है।

---

ऐतिहासिक चट्टी जतरा संपन्न, सांस्कृतिक कार्यक्रम का लोगों ने जमकर उठाया लुफ्त


## जनजातियों की परंपरा, संस्कृति व इतिहास को याद करने का माध्यम है जतरा : बिंदेश्वर उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के चट्टी गांव में विजयादशमी के दूसरे दिन लगने वाला ऐतिहासिक चट्टी जतरा शुक्रवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ शांति पूर्ण वातावरण में सम्पन हुआ। जतरा में झारखंड के पारंपरिक सांस्कृतिक का अनूठा झलक देखने को मिला। जतरा में भंडरा प्रखंड के चट्टी एवं आसपास के गांवों से पहुंचे खोड़हा समूह द्वारा प्रस्तुत खोड़हा नृत्य ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मौके पर जतरा आयोजन समिति द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में रांची से आए कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत के साथ नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जतरा समारोह में शामिल हुए बतौर मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री बिंदेश्वर उरांव ने फीता काटकर जतरा व सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जतरा आयोजन समिति की ओर से अतिथि का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। जतरा समारोह में प्रखंड के दर्जनों गांवों के खोड़हा मंडलियों ने भाग लिया। मौके पर मुख्य अतिथि बिंदेश्वर उरांव ने कहा कि जतरा समारोह जनजातियों की परंपरा संस्कृति एवं इतिहास को याद करने का प्रयास है। जतरा, सरहुल, खोड़हा नृत्य आदिवासी एकता का प्रतीक है। यह समाज को एक सूत्र में बांधे रखता है। उन्होंने कहा कि मेला के आयोजन से समाज में एकता बढ़ती है। यहां पर जतरा मेला काफी दिनों से आयोजित होता आ रहा है। मुख्य अतिथि ने कहा कि गांवों में जतरा मेला के आयोजन से भाईचारगी बढ़ती है। इधर जतरा में ईख, चाट फुचका, मिठाइयां, खिलौने, श्रृंगार सामग्री की जमकर बिक्री हुई।

## न्यूज गैलरी

### शेयर बाजार में गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत



मुंबई। शेयर बाजार में शुक्रवार को गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत हुयी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 129.54 अंक गिरकर 58,092.56 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 44.6 अंक घटकर 17,287.20 अंक पर खुला। इस दौरान शेयर बाजार में मिडकैप और स्मॉलकैप में भी दबाव देखा गया। बीएसई का मिडकैप सूचकांक 14.84 अंक टूटकर 25,409.24 और स्मॉलकैप सूचकांक 13.98 अंकों की गिरावट के साथ 29,082.18 अंक पर खुला। उल्लेखनीय है कि बीते दिन बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 156.63 अंकों की बढ़त लेकर 58222.10 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 57.50 अंक बढ़कर 17331.80 अंक पर रहा था।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग तीन सप्ताह से कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव बने रहने के बाद इसके दामों में बढ़ोतरी शुरू हो गयी है। इस बीच देश में घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम शुक्रवार को भी स्थिर रहे। कच्चे तेल की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल को पार कर चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लंदन ब्रेंट क्रूड आज 94.33 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 88.40 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू स्तर पर तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ। दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। देश में पिछले चार महीने से ईंधन की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मुंबई में पेट्रोल के दाम 106.31 रुपये प्रति लीटर और और डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं।

### अडानी ग्रुप राजस्थान में करेगा 65,000 करोड़ रुपये का निवेश

# 40000 लोगों को मिलेगा रोजगार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अडानी ग्रुप राजस्थान में अगले 5-7 साल में रिन्यूएबल एनर्जी समेत अलग-अलग सेक्टर में 65,000 करोड़ रुपये निवेश करेगा। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी ने शुक्रवार को राजस्थान निवेश सम्मेलन के उद्घाटन सेशन में कहा, 'हम राज्य में सभी मौजूदा और भविष्य की परियोजनाओं में अगले 5-7 साल में 65,000 करोड़ रुपये निवेश की उम्मीद कर रहे हैं। इससे प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार के 40,000 मौके तैयार होंगे।' अडानी ने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी में 10,000 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं क्रियान्वयन के विभिन्न स्तर पर हैं। इसमें 50,000 करोड़ रुपये निवेश किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमने राज्य में हाइब्रिड परियोजना (पवन और सौर) का वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया है।' उन्होंने आगे कहा कि इसके अलावा समूह राज्य में सीमेंट विनिर्माण क्षमता को दोगुना करने के लिए 7,000 करोड़ रुपये निवेश करेगा। उल्लेखनीय है कि कंपनी ने हाल में अंबुजा सीमेंट और एसीसी का अधिग्रहण किया है। अडानी ने कहा कि राज्य की अन्य परियोजनाओं में जयपुर हवाई अड्डे को वैश्विक स्तर की सुविधाओं वाला बनाना, पीएनजी एवं सीएनजी के आपूर्ति नेटवर्क का विकास तथा स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता को तेजी से बढ़ाना शामिल है। उन्होंने कहा कि उत्पादित नवीकरणीय ऊर्जा के लिए नई पारेषण परियोजना का निर्माण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की अनूकूल औद्योगिक नीतियों से राज्य निश्चित रूप से तेजी से विकास करेगा।

## शाओमी इंडिया ने फिर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया, खाते फ्रीज करने पर रोक लगाने की अपील

**नई दिल्ली।** चीनी उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी शाओमी इंडिया ने एक बार फिर कर्नाटक हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। शाओमी ने 3 अक्टूबर को हाईकोर्ट मे एक और याचिका दायर की है। कंपनी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) सक्षम प्राधिकारी के 29 सितंबर, 2022 के आदेश को चुनौती दी है, जिसने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के 29 अप्रैल के जब्ती आदेश की पुष्टि की थी। अब कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई को 14 अक्तूबर तक के लिए बढ़ा दिया है। बता दें कि कंपनी ने इस साल की शुरूआत में भी इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, हाईकोर्ट ने इसे विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत सक्षम प्राधिकारी से संपर्क करने का आदेश दिया था। दरअसल, इसी साल अप्रैल में ईडी की ओर से शाओमी पर मनी लॉन्ड्रिग मामले में बड़ी कार्रवाई देखने को मिली थी। ईडी ने गोरखधंधे में फेमा, 1999 के तहत कार्रवाई कर शाओमी इंडिया के बैंक खातों में जमा करीब 5,551 करोड़ रुपए जब्त कर लिए थे। ईडी ने दावा किया था कि कंपनी की ओर से विदेशों में पैसा भेजने को लेकर बैंकों को भी गलत जानकारी मुहैया कराई गई थी और यह कंपनी गलत तरीके से विदेशों में पैसा भेज रही थी।

## पूर्व मध्य रेल

### अधिसूचना

रेलवे द्वारा दिनांक 09.10.2022 के प्रभाव से निम्नलिखित ट्रेनों को 6 महीनों के लिए प्रायोगिक तौर पर निम्नलिखित स्टेशनों पर ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। जिसका विवरण निम्नवत् है –

| क्र. सं. | गाड़ी संख्या एवं नाम | स्टेशन | समय | | यात्रा प्रारंभ की तिथि से लागू |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | आगमन | प्रस्थान | |
| 1. | 12873 हटिया – आनंद विहार (ट) स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस | लातेहार | 18.08 | 18.10 | 10.10.2022 |
| 2. | 12874 आनंद विहार (ट) – हटिया स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस | | 13.44 | 13.46 | 11.10.2022 |
| 3. | 13025 हावड़ा – भोपाल एक्सप्रेस | लातेहार | 21.56 | 21.58 | 10.10.2022 |
| 4. | 13026 भोपाल – हावड़ा एक्सप्रेस | | 03.45 | 03.47 | 12.10.2022 |
| 5. | 18311 सम्बलपुर – बनारस एक्सप्रेस | लातेहार | 00.32 | 00.34 | 09.10.2022 |
| 6. | 18312 बनारस – सम्बलपुर एक्सप्रेस | | 22.44 | 22.46 | 10.10.2022 |
| 7. | 18635 रांची– सासाराम एक्सप्रेस | लातेहार | 19.35 | 19.37 | 10.10.2022 |
| 8. | 18636 सासाराम – रांची एक्सप्रेस | | 07.24 | 07.26 | 11.10.2022 |
| 9. | 13347 बरकाकाना – पटना पलामू एक्सप्रेस | बरवाडीह | 23.53 | 23.55 | 10.10.2022 |
| 10. | 13348 पटना – बरकाकाना पलामू एक्सप्रेस | | 04.17 | 04.19 | 11.10.2022 |
| 11. | 18635 रांची– सासाराम एक्सप्रेस | बरवाडीह | 20.07 | 20.12 | 10.10.2022 |
| 12. | 18636 सासाराम – रांची एक्सप्रेस | | 06.35 | 06.40 | 11.10.2022 |
| 13. | 12937 गांधीधाम – हावड़ा गरबा एक्सप्रेस | कोडरमा | 06.24 | 06.26 | 08.10.2022 |
| 14. | 12938 हावड़ा – गांधीधाम गरबा एक्सप्रेस | | 04.25 | 04.27 | 10.10.2022 |

**प्रभाव–** गाड़ी संख्या 12873 एक्सप्रेस का डाल्टनगंज स्टेशन पर संशोधित समय 18.54/18.56 बजे के बदले 19.00/19.02 एवं गाड़ी संख्या 12874 एक्सप्रेस का टोरी स्टेशन पर संशोधित समय 14.05/14.07 बजे के बदले 14.10./14.12 होगा।

विस्तृत जानकारी के लिए – **www.enquiry.indianrail.gov.in/NTES APP**

**पीआर/01203/एचक्यू/परि./एन/22–23/100** | **मुख्य यात्री परिचालन प्रबंधक/पूमरे/हाजीपुर**

## कार्यालयः– जिला परिषद, लातेहार

विज्ञापन संख्याः– 01/2022–23

जिला परिशद, लातेहार द्वारा लातेहार जिला के सभी प्रखण्डों/ग्राम पंचायतों में लगाये गये सोलर स्ट्रीट लाईट एवं सोलर पम्प की मरम्मति हेतु टेक्नीशियन एवं हेल्पर की सेवा अनुबंध के लिए योग्य फर्म एवं संस्था से पैनल तैयार करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

| क्र0 | सेवा अनुबंध का नाम | पैनल में शामिल करने हेतु कोटिवार व्यक्तियों की संख्या | | | | | कुल संख्या | मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ST | SC | BC-1 | BC-2 | UR | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | टेक्नीशियन | 01 | – | – | – | 01 | 02 | |
| 02 | हेल्पर | – | – | – | – | 01 | 01 | |

आरक्षण नीतिः– उपरोक्त सेवा अनुबंध के लिए पैनल निर्माण राज्य सरकार द्वारा निर्गत जिलावार आरक्षण नीति लागु मानी जायेगी।

उम्र सीमाः– फर्म यह सुनिश्चित करेगी कि सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी की अधिकतम उम्र सीमा 40 वर्श होगी। (उम्र सीमा की गणना दिनांक 01.01.2022 के आधार पर की जायेगी)

शैक्षणिक योग्यताः–1. NCVT Certificate 2. Train in Solar PV Technician 3. Solar System Servicing Technician

अनुभवः– कम से कम एक वर्श का अनुभव, सोलर लाईट एवं पम्प मरम्मति/अधिश्ठापन में होना चाहिए।

आवेदन समर्पित करने की प्रक्रियाः–

01 आवेदक विहित प्रपत्र में आवेदन, आवेदन शुल्क एवं सभी प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति के साथ बन्द लिफाफे में किसी भी कार्य दिवस को आवेदन पत्र हाथो–हाथ जिला परिशद कार्यालय, लातेहार में समर्पित करेंगे। अन्य माध्यम यथा–ई–मेल, पंजीकृत डाक, कुरियर से प्रेशित आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होगा।

02 आवेदन पत्र के साथ 2000.00 (दो हजार) रूपये मात्र शुल्क का भुगतान करना होगा।

03 आवेदन शुल्क बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, जिला परिषद, लातेहार के पदनाम से लातेहार में भुगतेय होगा।

04 आवेदन पत्र समर्पित करने की अंतिम तिथि 20/10/2022 अपराहन् 4:00 बजे तक है। उक्त समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। किसी भी विलम्ब के लिए चयन समिति जवाबदेह नहीं होगी। आवेदक को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि की प्रतिक्षा किए बिना ससमय आवेदन समर्पित कर दें।

05 प्राप्त आवेदन में से मूल्यांकन उपरांत जिला परिशद, स्तरीय चयन समिति द्वारा किया जायेगा।

06 टेक्नीशियन/हेल्पर की नियुक्ति संबंधी जानकारी https://latehar.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद्, लातेहार

PR 279368 (Rural Development)22-23*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
**e-mail ID : eedwsd.lohardaga@gmail.com**

**ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० – 11/2021–22**
**(PR No. – 257279 का अश्टम् आमंत्रण)**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
3. वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय :– 10.10.2022 के अपराह्न 3.30 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.10.2022 को अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य (हार्ड कॉपी में) जमा करने की तिथि, समय एवं सीान :– 19.10.2022 को अपराह्न 3.30 बजे तक, 1. कार्यपालक अभियन्ता, लोहरदगा के कार्यालय में। 2. अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, गुमला के कार्यालय में।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय :– 21.10.2022 को पूर्वाह्न 11.30 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा।
8. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 :– 9431516030
9. कार्य की विवरणी :– **Construction of Cluster wise Single Village Water Supply Scheme on Solar Energy based Mini Water Supply Scheme in different blocks of Lohardaga District which are not included in MVS/Other Schemes to supply water and house connection with 05 years Operation and maintenance works on "Turn-key basis" under D.W.& S.Division, Lohardaga for the year 2021-22 under JJM.**

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्रामों की संख्या | टोलों की संख्या | योजना की संख्या | FHTC की संख्या | ग्रुप संख्या | प्राक्कलित राशि लगभग (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Kisko | 09 | 69 | 81 | 1350 | Loh/SVS/Cluster-01B | 6,29,79,000.00 | 6,30,000.00 | 10,000.00 | 09 months |

नोट : 1. निविदा की नियम एवं शर्तें आदि कार्यालय सूचना पट्ट एवं झारखण्ड सरकार के वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर उपलब्ध है।
2. परिमाण विपत्र की राशि बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्राथमिकता के आधार पर भारतीय स्टेट बैंक का देय होगा।
3. संवेदकों का **UCAN** निबंधन अनिवार्य है।
4. प्राक्कलित राशि घट या बढ़ सकती है, तदनुसार ही अग्रधन की राशि देय होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 279381 (Lohardaga)22-23*D

## पूर्व मध्य रेल
### ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्यिक), पूर्व मध्य धनबाद, अनुबंध प्रदान करने के लिए वेबसाइट www.IREPS.gov.in के माध्यम से IREPS पोर्टल पर ओपन ई–नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार है :–

i. क्र. सं. : (1), ii. ई–नीलामी सूची : एटीएम, iii. ई–नीलामी सूची सं. : एटीएम–03–22, iv. ई.नीलामी प्रारंभ होने का निर्धारित दिन और समय का विवरण : 20.10.2022 14.00 बजे से। v. कार्य का विवरण एवं स्टेशन का नाम : धनबाद मंडल के 16 विभिन्न लोकेशन/स्टेशनों पर ओटोमैटेड टेलर मशीन (एटीएम) लगाने हेतु पांच वर्षों के लिए ई.नीलामी अर्थात– धनबाद (3 स्थानों पर), रेनुकूट, गोमोह, बरकाना, डाल्टनगंज, चोपन, चन्द्रपुरा, सिंगरौली, कोडरमा, पारसनाथ, हजारीबाग टाउन, गढ़वा रोड, हजारीबाग रोड, बरवाडीह।

सभी संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए वेबसाईट www.ireps.gov.in देखें और उपर्युक्त ई.नीलामी में कॉलम संख्या iv में दिए गए कार्यक्रम के अनुसार भाग लें। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/01195/डीएचएन/वा./एन/22–23/36

## पूर्व मध्य रेल
### ई-निविदा सूचना

ई–निविदा सं॰–ईपीसी–ईसीआर–एसटी–3, महाप्रबन्धक/संकेत एवं दूर संचार/हाजीपुर द्वारा निम्न कार्य हेतु भारत के राष्ट्रपति के ओर से ई–निविदा आमंत्रित करते है।

क) कार्य का नाम एवं स्थान : पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में प्रधानखुन्टा (इन्क्लुसिव) और मानपुर (एक्सक्लुसिव) के बीच ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का प्रावधान। ख) अनुमानित लागत रूपये : ₹2,07,57,30,457.44 (रूपये दो सौ सात करोड़ संतावन लाख तीस हजार चार सौ संतावान एवं चौवालिस पैसे मात्र। ग) अग्रधन जो जमा करना है रूपये : ₹1,03,78,700/– (रूपये एक करोड़ तीन लाख अठहत्तर हजार सात सौ मात्र) एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य : रूपये ₹0/– (रूपये शून्य मात्र)। घ) निविदा फार्म अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 15.12.2022 पूर्वाहन 12:00 बजे तक निविदा खोलने की तिथि एवं समय 21.12.2022 अपराह्न 12.30 बजे। ड़) ई–निविदा का पूर्ण विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है/यदि निविदा दस्तावेज/खोलने/बंद होने की तिथि में कोई परिवर्तन होगा तो इसे www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जाएगा। रेलवे प्रशासन के द्वारा निविदा को किसी भी समय रद्द/स्थगन या परिवर्तन बिना कारण बताए हुए करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप मुख्य सिंगनल एवं दूर संचार
इंजीनियर (कार्य)/पूमरे/हाजीपुर

पीआर/01197/एचक्यू/एस एण्ड टी/टी/22–23/36

## कार्यालय :- अधीक्षक, मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पलामू)
**Email-supt.pmchpalamu@gmail.com**

### (प्रेस विज्ञप्ति)

सरकार के सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं प0 क0 विभाग झारखण्ड रांची के पत्रांक 390 (9) दिनांक 16.09.2019 के आलोक में पलामू में स्थापित नये मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में जूनियर रेजिडेंट (Non academic) के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर एक वर्ष के लिए नियुक्ति हेतु पूनः दिनांक 12.10,.2022 को Walk-in-Interview का आयोजन किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी उक्त Walk-in-Interview में वांछित प्रमाण पत्रों ;मुल एवं छाया प्रति के साथ भाग ले सकते है। रिक्त की विवरणी निम्नवत् है, जो अधिक/कम हो सकती है।

| क0 | मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का नाम | रिक्त पदों की संख्यॉ |
|---|---|---|
| | मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू | 20 |
| 1 | औषधि विभाग | 00 |
| 2 | षिषु रोग विभाग | 02 |
| 3 | टी0बी0 एवं चेस्ट विभाग | 01 |
| 4 | मनसिक रोग विभाग | 02 |
| 5 | सर्जरी विभाग | 05 |
| 6 | हड्डी रोग विभाग | 02 |
| 7 | नाक कान गला विभाग | 00 |
| 8 | स्त्री एवं प्रसुति विभाग | 03 |
| 9 | ऐनेस्थेसिया विभाग | 04 |
| 10 | चर्म रोग विभाग | 00 |
| 11 | ऑख रोग विभाग | 00 |
| 12 | षारीरिक चिकित्सा एवं पूर्नवास विभाग | 01 |
| | कुल संख्या | 20 |

1. अर्हता– MBBS जो इन्टर्नशीप पुरा किये है।
2. चयन का आधार – Walk-in-Interview के माध्यम से संबंधित मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्राचार्य की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा विहित प्रक्रिया के अन्तर्गत तत्संबंधी अभिलेखों की जॉच की जायगी। तद्नुसार विभागवार के रिक्त के विरूद्व चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के नाम की अनुशंसा की जायगी।
3. नियुक्ति की शर्ते।
   (क) इन्हे अधिकतम एक वर्ष के लिए रूपये 41000/– प्रतिमाह मानदेय देय होगा।
   (ख) इन्हे सरकारी कर्मचारी को देय आकस्मिक अवकाश अलावे अन्य अवकाश देय नही होगा।
   (ग) इन्हे संबंधित विभागाध्यक्ष, अधीक्षक, प्राचार्य एवं विभाग से समय समय पर प्राप्त होने वाले निदेश का पालन अनिवार्य रूप से करना होगा।
   (घ) सविदा आधारित यह नियुक्ति पूर्णतः औपबंधिक होगी एवं संविदा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों द्वारा भविष्य में नियमित नियुक्ति का दावा नही किया जायगा। इन्टर्नशीप पुरा करने के चार वर्ष के अन्दर के अभ्यर्थियो का चयन किया जायेगा।
4. अधिकतम उम्र सीमा – अधिकतम उम्र सीमा सभी वर्गो के लिए 40 वर्ष होगी।
5. Walk-in-Interview मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पलामू अवस्थित अधीक्षक कार्यालय प्रकोष्ट (गोलघर) में पूर्वाहन 12:00 बजे से दिनांक 12.10.2022 को सम्पन होगा।

ज्ञापांक 1233 मेदिनीनगर दिनांक 07.10.2022

अधीक्षक
मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल
पलामू

PR 279364 District (22-23)_D

## कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।
**(Phone: 06541.222288, E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

### - सूचना -

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला परिषद क्षेत्रान्तर्गत **ईटखोरी प्रखण्ड में अधूनिक डाकबंगला (Builtup Area- 9548 sft)** का आवंटन खुला डाक के माध्यम से तीन वर्षों के लिए किया जाना है। बन्दोवस्ती डाकवक्ता के द्वारा बोली गई अधिकतम डाक की राशि पर आवंटित किया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति **दिनांक 15.10.2022 से 28.10.2022 तक** "चतरा जिला परिषद कार्यालय" के एक खिड़की से फार्म 10,000/– (दस हजार रू0) की डिमाण्ड ड्राफ्ट जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के नाम से भुगतेय हो जमा कर फार्म प्राप्त कर सकता है। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि **03.11.2022** को (कार्यालय कार्य अवधि) है। इसके पश्चात् आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। यह राशि किसी भी परिस्थिति में लौटाया नहीं जायेगा। डाकबोली हेतु समर्पित आवेदन के समीक्षोपरान्त दिनांक **05.11.2022** को 04.00 बजे अपराह्न डाकबोली "जिला परिषद सभाकक्ष" में प्रारम्भ की जायेगी।

| भवन का नाम एवं विशिष्टियां | न्यूनतम डाक की राशि (तीन वर्षों के लिए) | जमानत की राशि |
|---|---|---|
| ईटखोरी प्रखण्ड में अधूनिक डाकबंगला (Builtup Area- 9548 sft) कुल कमरो की संख्या – 26 + 02 (suite)- (Attach with Bathroom) डायनिंग हॉल की संख्या – 01 किचन की संख्या – 01 स्टोर रूम की संख्या– 01 (उक्त डाकबंगला पूर्ण रूपेण सुसज्जीकृत है।) | 5778387.00 | 577839.00 |

नियम शर्ते –

1. बन्दोबस्ती प्रक्रिया खूली डाक के माध्यम से अपनाई जायेगी।
2. डाक बोली में उसी डाकवक्ता को भाग लेने की अनुमति दी जायेगी, जो वांछित कागजात (Technical Bid) की अहर्ता रखता हो। वांछित कागजात में सफल डाकवक्ता की सूची कार्यालय नोटिश बोर्ड पर प्रदर्शित किया जायेगा।
3. आधुनिक डाकबंगला की बन्दोबस्ती की न्यूनतम डाक की राशि मो0 19,26,129.00 (उन्नीस लाख छब्बीस हजार एक सौ उनतीस रू0) प्रति वर्ष (तीन वर्ष के लिए– 57,78,387.00) के लिए निर्धारित की गयी है। उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST अतिरिक्त भुगतान करना होगा।
4. सुरक्षित/जमानत की राशि मो0 5,77,839/– (पांच लाख सतहत्तर हजार आठ सौ उनचालीस रू0) बैंक ड्राफ्ट द्वारा "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से जिला परिषद, चतरा कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्त्ताओं की जमानत की राशि डाक समाप्ति के तुरंत बाद वापस कर दी जायेगी।
5. डाकवक्ता को जिला के स्थायी निवासी होने पर वरीयता प्रदान की जायेगी।
6. जिला परिषद में किसी भी प्रकार का बकाया रखने वाले व्यक्ति/फर्म बन्दोबस्ती हेतु डाक में भाग नहीं लेगें।
7. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
8. अन्य डाक की नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी जिला परिषद कार्यालय के सूचना पट्ट एवं www.chatra.nic.in पर देखा जा सकता है, जो इस सूचना का एक अभिन्न अंग होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद,
चतरा।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR 279366 (District) 22-23 (D)

सम्पादक की कलम से...

## सजगता पर हमले व वार्षिकोत्सव

हर वर्ष मनाये जाने वाले उत्सव को वार्षिकोत्सव कहा जाता है। इसमें प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र व छात्राओं को पुरस्कार प्रदान करने एवं छात्रों को सामाजिक गुणों का कैसे विकास हो,इस पर चर्चा होती है। कोई भी स्कूल सरस्वती का ऐसा मंदिर होता है जहां छात्रों का बौद्धिक,मानसिक एवं शारीरिक विकास किया जाता है। ऐसे में वर्तमान दौर में क्या इसकी मर्यादा हम सब रख रहे हैं। यह एक बड़ा सवाल है। आज के वर्तमान दौर में देखा जाये तो छात्र और शिक्षक के संबंध पहले जैसे नहीं हैं। यही कारण है कि शिक्षा के क्षेत्र में गिरावट आ रही है। विद्यालय सरस्वती का ऐसा मन्दिर हैं जिसमें बालकों का बौद्धिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास किया जाता है। इसलिए पूरे शिक्षा सत्र छात्रों को केवल पुस्तकें पढ़ने में ही नहीं बल्कि उन्हें समय समय पर ऐसी अन्य प्रवृत्तियों में भी लगाए रखना विद्यार्थियों के लिए जरुरी है जिनसे मन तरोताजा रहे। साथ ही छात्रों को अध्ययन में अभिरुचि बढ़े। स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन में प्रतिभा का प्रसार होता है। ऐसे में इन बिन्दुओं पर विचार होना जरूरी है। इस तथ्य पर विचार कर विद्यालयों में पाठ्यक्रम के साथ- साथ अन्य सहगामी प्रवृत्तियों का संचालन होना आज के परिवेश में आवश्यक है। विद्यालयों में अनेक प्रकार के कार्यक्रम चलाये जाते हैं। कभी अंत कक्षा प्रतियोगिता होती हैं तो कभी वाद विवाद श्लोक या कविता पाठ या अंत्याक्षरी होती हैं,कभी विविध खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं, तो कभी सामाजिक उत्पादकता कार्य एवं समाज सेवा के शिविर लगते हैं। उन सब शैक्षिक कार्यों का विवरण वार्षिकोत्सव पर ही समग्र रूप से सामने आता है। इस दृष्टि से विद्यालय के वार्षिकोत्सव का विशेष महत्व है। प्रायः सभी विद्यालय इस महत्व को अच्छी तरह जानते हैं। इसलिए वे इसका आयोजन विशाल स्तर पर प्रतिवर्ष करते हैं तथा इससे अन्य विद्यालयों की अपेक्षा स्वयं को श्रेष्ठ बतलाते हैं। इससे न केवल छात्रों में अपितु अभिभावकों में भी आकर्षण बढ़ता है। किसी विद्यालय का वार्षिकोत्सव प्रतिवर्ष एक तिथि को मनायी जाती है। इसके एक सप्ताह पूर्व से ही विद्यालय की सफाई की जाती है। खेल के मैदान को ठीक करके उसमें एक कोने पर बड़ा सा पंडाल बनाया जाता है। उसमें एक ओर ऊँचा मंच बनाया जाता है। तथा सामने अतिथियों दर्शकों के लिए बैठने की व्यवस्था की जाती है। मंच पर लाउडस्पीकर तथा लाइट की व्यवस्था की जाती है। विद्यालय के वार्षिकोत्सव में प्रतिवर्ष राज्य का कोई बड़ा आदमी मुख्य अतिथि होता है। ऐसे में स्कूल प्रबंधक को मुख्य अतिथि के रूप में अपने स्कूल के किसी पूर्व के होनहार छात्र को बनाना चाहिए। कारण अपने स्कूल को वह और लोगों से ज्यादा जानता और समझता है। हर स्कूल से निकले छात्र ही आज देश के विभिन्न बड़े पदों पर आसीन हैं। जो समाज में अपनी अहम भूमिका निभा रहे हैं। ऐसे में वार्षिकोत्सव की महिमा और बढ़ जाती है। दूसरी तरफ उस स्कूल से निकले प्रत्येक छात्र को वहां की गतिविधियों और वहां आ रही गिरावट को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। कारण हमारी सजगता पर हमले बार-बार हो रहे हैं। ऐसे में रांची के एक स्कूल में हो रहे वार्षिकोत्सव को बधाई, जिसकी कोख ने पलामू को एक रत्न दिया है।

### आज का इतिहास

**1698 :** औरंगजेब ने आठ साल की घेराबंदी के बाद जिंजी के किले पर कब्जा किया।
**1714 :** पेरिस की संसद ने पोप क्लेमेन्स इलेवन की ह्ययूनिजेनेटसह्ल डिग्री को स्वीकार किया।
**1720 :** द हेग की संधि ने स्पेन, ब्रिटेन, फ्रांस, ऑस्ट्रिया और डच गणराज्य के बीच हस्ताक्षर किए, क्वार्टरल गठबंधन ने युद्ध को समाप्त किया।
**1772 :** पोलैंड के पहले विभाजन पर ऑस्ट्रिया, प्रशिया और रूस द्वारा वियना में हस्ताक्षर किए।
**1776 :** एडवर्ड गिब्बन ने रोमन साम्राज्य की गिरावट और पतन के इतिहास का पहला खंड प्रकाशित किया।
**1807 :** हेनरी क्रिस्टोफर हैती राज्य के पहले राष्ट्रपति चुने गए।
**1827 :** स्विटजरलैंड के बुद्धिजीवी जॉन हेनरी पेस्टलोजी का निधन।
**1865 :** अमेरिका में गृह युद्ध के दौरान कोलंबिया सुप्रीम कोर्ट को जला दिया गया।
**1878 :** सैन फ्रांसिस्को शहर में पहली बार टेलीफोन एक्सचेंज खोला गया।
**1882 :** पहला टेस्ट क्रिकेट मैच सिडनी के क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया।
**1883 :** महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता वासुदेव बल वंत फडके का अदन की जेल में निधन।
**1894 :** अमेरिकी डाकू जॉन वेस्ले हार्डिन को जेल से रिहा किया गया।
**1909 :** अमेरिकी साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष छेड़ने वाले अश्वेत अपाचे योद्धा जेरेनिमो का निधन।
**1915 :** महात्मा गांधी ने पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया।
**1927 :** वीर वामनराव जोशी द्वारा लिखित रणदुंदुभी नाटक का मुंबई में प्रयोग हुआ, इसमें दीनानाथ मंगेशकर ने तेजस्विनी की भूमिका अदा की।
**1931 :** लॉर्ड इरविन ने वायसराय निवास में गांधी जी का स्वागत किया।
**1927 :** हवाई जहाज बनाने वाली विश्व की प्रथम कंपनी की स्थापना विलियम बोइंग और एल्बर्ट हबार्ड द्वारा की गयी।

# पर्यटन उद्योग व अर्थव्यवस्था

> कोरोना ने जब पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी और पर्यटन की रफ्तार को पटरी से उतार दिया, तो ऐसे वक्त में देश की पहली जरूरत थी, लोगों के पस्त हौसलों में जान फूंकना तथा पर्यटन की गति को दुबारा रफ्तार देना। अच्छी बात है कि अब पर्यटन उद्योग में घरेलू और वैश्विक दोनों स्तरों पर सुधार देखने को मिल रहा है। पर्यटन उद्योग की तरफ से पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय पर्यटन का बाजार 2024 तक बयालीस अरब डॉलर और 2025 तक पैंतालीस अरब डालर तक पहुंच जायेगा। वर्ल्ड इकोनामिक फोरम ने यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक 2021 में 4.1 अंकों के साथ भारत को चौवनवां स्थान दिया था।

सरकार, समाज व पर्यटन उद्यमी मिलकर स्थितियों में काफी कुछ बदलाव ला सकते और पर्यटन को देखने-समझने का एक नया नजरिया विकसित कर सकते हैं, जो सतत, जिम्मेदार, विकासशील व टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देगा। यह इतना बड़ा क्षेत्र है कि अगर दुनिया के पैमाने पर देखें तो रोजगार प्राप्त करने वाला हर दसवां व्यक्ति पर्यटन के क्षेत्र में काम कर रहा है और जीडीपी में इस क्षेत्र का बड़ा योगदान है। दुनिया भर में पर्यटन उद्योग ऊंचाइयां छू रहा था कि अचानक कोरोना महामारी ने दस्तक दे दी और सब कुछ थम गया। दुनिया के हर हिस्से और हर तबके पर इसका गहरा असर पड़ा। बड़ी-बड़ी अर्थव्यवस्थाएं चरमराने लगीं, चलती-फिरती जिंदगी थम गई। इसका सबसे ज्यादा असर पर्यटन क्षेत्र पर पड़ा। बंदिशों ने पर्यटन के पैरों में बेडियां डाल दीं। पर्यटन उद्योग से जुड़े करोड़ों लोगों को इसकी मार झेलनी पड़ी, जिससे अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचा। पूर्णबंदी की वजह से भारत में पर्यटकों की संख्या में तिरानबे फीसद गिरावट दर्ज की गई, दूसरी लहर में उन्यासी फीसद और तीसरी लहर में चौंसठ फीसद की कमी आई। महामारी से पहले भारत में करीब चार करोड़ लोग पर्यटन उद्योग से जुड़े थे, लेकिन कोरोना की वजह से करीब तीन करोड़ लोगों का रोजगार छिन गया। राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, दूसरी लहर के दौरान अप्रैल-जून 2020 तक भारत की जीडीपी में 24.4 फीसद की गिरावट दर्ज की गई थी, जो देश के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी गिरावट थी। वहीं महामारी की वजह से दुनिया भर की जीडीपी में दो खरब डालर की कमी आई। कोरोना ने जब पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ दी और पर्यटन की रफ्तार को पटरी से उतार दिया, तो ऐसे वक्त में देश की पहली जरूरत थी, लोगों के पस्त हौसलों में जान फूंकना तथा पर्यटन की गति को दुबारा रफ्तार देना। अच्छी बात है कि अब पर्यटन उद्योग में घरेलू और वैश्विक दोनों स्तरों पर सुधार देखने को मिल रहा है। पर्यटन उद्योग की तरफ से पेश की गई रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय पर्यटन का बाजार 2024 तक बयालीस अरब डॉलर और 2025 तक पैंतालीस अरब डालर तक पहुंच जायेगा। वर्ल्ड इकोनामिक फोरम ने यात्रा और पर्यटन विकास सूचकांक 2021 में 4.1 अंकों के साथ भारत को चौवनवां स्थान दिया था। 2019 में भारत की रैंकिंग चौंतीस थी। राष्ट्रीय पर्यटन नीति 2022 में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया जायेगा, जिसमें हरित पर्यटन और डिजिटल पर्यटन पर जोर होगा। राष्ट्रीय पर्यटन नीति का लक्ष्य 2030 तक भारत को विश्व के शीर्ष पांच पर्यटन केंद्रों में शुमार करना है, जो टिकाऊ, जिम्मेदार और समावेशी पर्यटन को बढ़ावा दे। मगर पर्यटन को बढ़ावा देना ही काफी नहीं है। इसके साथ-साथ प्रकृति का संरक्षण भी करना होगा। उत्तराखंड में सबसे ऊंची चोटियों और ग्लेशियरों पर जम कर कचरा फेंका जा रहा है। होटल, रेस्तरां और कचरे का प्रबंधन करने वाली एजंसियां भी पहाड़ों पर कचरा फेंक कर अपनी जिम्मेदारी पूरी समझ रहे हैं। ग्लेशियर और ऊंची पर्वत चोटियां जीवन देने वाली नदियों और झरनों का अहम स्रोत हैं। जिस प्राकृतिक विशिष्टता के कारण पर्यटक यहां आते हैं, उसे खतरे में नहीं डाला जा सकता। असल में यात्री पर्यावरण को प्रभावित करते हैं और ये प्रभाव पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थितियों पर भी पड़ता है। इसलिए अब टिकाऊ व जिम्मेदार पर्यटन भारत जैसे देश की जरूरत है। सरकार, समाज और पर्यटन उद्यमी मिलकर स्थितियों में काफी कुछ बदलाव ला सकते और पर्यटन को देखने-समझने का एक नया नजरिया विकसित कर सकते हैं, जो सतत, जिम्मेदार, विकासशील और टिकाऊ पर्यटन को बढ़ावा देगा। यह इतना बड़ा क्षेत्र है कि अगर दुनिया के पैमाने पर देखें तो रोजगार प्राप्त करने वाला हर दसवां व्यक्ति पर्यटन के क्षेत्र में काम कर रहा है और जीडीपी में इस क्षेत्र का बड़ा योगदान है। यह सेवा क्षेत्र को गति प्रदान करता है। पर्यटन उद्योग के विकास के साथ हवाई सेवा, होटल, भूतल परिवहन आदि व्यवसायों में भी वृद्धि होती है। भारत में आने वाले विदेशी यात्रियों से विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है। पर्यटन से सांस्कृतिक आदान-प्रदान में मदद मिलती है।

■ रंजना मिश्रा

## ओह शिट! वाट हैपन्स

पाखाना। नाम सुनते ही घिन्न पैदा हो रही न! सोच रहे होंगे कि दुनिया में इतने सारे मुद्दे हैं, जा-जाकर मुझे लिखने के लिए यही मिला! क्या करूँ, मजबूर हूँ। जो मजा सच को सच लिखने में आता है, वह सच को झूठ या फिर झूठ को सच लिखने में नहीं आता। यदि खाना इनपुट है तो पाखाना आऊटपुट। आदमी खाना खाए बिना कुछ दिन गुजार सकता है, लेकिन पाखाना किए बिना एक क्षण भी नहीं। हालत खराब होने लगती है। बदन पसीने से तर बतर हो जाता है। कुछ भी अच्छा नहीं लगता। एक बार पाखाना जाकर आ गये समझो 'सारी दुनिया जीत ली हो' जैसी फीलिंग होती है। बड़े-बूढ़े अक्सर कहा करते हैं कि आदमी कितना कमाता है यह जरूरी नहीं है, जरूरी है कि वह सुबह पाखाना सुकून से कर पाता है कि नहीं। रिक्शावाले से लेकर प्रधानमंत्री तक, गरीब से लेकर अमीर तक, दुनिया के इस कोने उस कोने तक जो जहाँ भी रहता है उसे पाखाना करना ही पड़ता है। आदमी के खाने-पीने में भेदभाव हो सकता है लेकिन पाखाने में बिल्कुल नहीं। कम से कम वह इस एक काम में अभी-अभी इंसान कहलाता है। अंग्रेजी में पाखाना के लिए बड़ा स्टाइलिश नाम है - 'शिट'। लोग तकिया कलाम की तरह कहते हैं 'ओ मैन! शिट हैपन्स' लेकिन वह इतनी आसानी से नहीं होता। एक 'शिट हैपन' होने के लिए बहुत कुछ 'हैपन' होना पड़ता है। जैसे किसी को एक लीटर पानी पिये बिना पाखाना नहीं आता तो किसी को कॉफी के बिना। कोई सिगरेट पिये बिना तो, कोई नींबू जूस पीकर एक घंटा वाकिंग करने से पहले पाखाना नहीं कर पाता। कुछ तो ऐसे भी हैं जो बिना संगीत के, तो कुछ बिना समाचार पत्र के हल्के नहीं हो पाते। जब से मोबाइल-टैब जैसी स्मार्टियत सिर चढ़कर बोल रही है तब से हल्का होना भी मोस्ट एडवांस हो गया है। कुछ लोग दुनिया घूम लेंगे लेकिन हल्का होने के लिए घर का संडास ही ढूँढेंगे। मानो उनका पाखाना पाखाना न हुआ सोने का खजाना हो गया कि कहीं ओर कर देंगे तो लोग उसे हड़पने के लिए हाथापाई पर उतारू न हो जाएँ। कुछ लोगों को चलती हुई ट्रेन में संडास करना बड़ा जोखिम भरा लगता है। यह गोल्फ के खेल में गेंद को छेद में डालने से भी ज्यादा मुश्किल होता है। यह दुनिया विकल्पों से भरी पड़ी हुई है। यह नहीं तो वह सही। इसी तरह संडासों में भी विकल्प होते हैं - भारतीय शैली और पाश्चात्य शैली। अधिकतर लोग भारतीय शैली में स्वयं को आरामदायक महसूस करते हैं। कम से कम उनको पता होता है कि कहाँ क्या हो रहा है। यहाँ स्पष्टता और पारदर्शिता की अधिक प्राथमिकता होती है। पाश्चात्य शैली वाले संडास किसी सस्पेंस थ्रिलर से कम नहीं होते। उस पर बैठने को तो बैठ जाते हैं, लेकिन अंदर क्या हो रहा है, कुछ पता नहीं चलता। खड़े होकर देखने तक सब रहस्य होता है। इसके फ्लश भी सभी जगह एक जैसे काम नहीं करते। कुछ फ्लश एक झटके में सब साफ कर देते हैं। कुछ कामचोर होते हैं। उसे कितना भी दबाओ एक्वेरियम में मछली की तरह घूमायेंगे लेकिन सफाई नहीं करेंगे। आप कितना कमाते हैं, क्या खाते हैं यह महत्वपूर्ण नहीं है। आपका पेट आपका कितना साथ देता है यह सबसे महत्वपूर्ण है। एक मायने में आपके खाने का डायट चार्ट संडास ही तय करता है। यदि खुलकर संडास हुआ तो समझो दबाकर बिरयानी खा सकते हैं। यदि संडास हल्का-फुल्का हुआ तो दिन सलाद से गुजारना पड़ता है। यदि अंबुजा सिमेंट की तरह एकदम सॉलिड हुआ तब तो लिक्विड डायट जैसे जूस-सूप से काम चलाना पड़ता है। घर में बड़े-बूढ़ों को अपने संडास को लेकर बड़ी चिंता रहती है। दुनिया चाहे तीसरे विश्व युद्ध की तैयारी में ही क्यों न हो उन्हें अपने संडास के सिवाय किसी और की चिंता नहीं रहती। इस चक्कर में वे कई डॉक्टरों से मिलते भी हैं। डॉक्टरों के सवाल और बड़े-बूढ़ों के जवाब हालत खराब करने वाले होते हैं। यदि संडास पूरी फिल्म है तो कार्बन डाइ आक्साइड ट्रेलर की तरह होता है। बड़े-बूढ़े संडास से पहले और बाद में छोड़े गये कार्बन डाइ आक्साइड के बारे में ब्रह्मज्ञान देते है। वे कहते हैं कि सस्वरवाचक कार्बन डाइ आक्साइ छोड़ने वाला निडर और मौनवाचक कार्बन डाइ आक्साइड छोड़ने वाला डरपोक होता है। दुनिया का सबसे सुखी आदमी वही है जो निश्चिंत होकर संडास जाता है। इसलिए आप सभी से निवेदन है कि सोच-समझकर खाइये निश्चिंत होकर संडास जाइये। कारण, जीवन का मतलब खाना और जाना है।

■ डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'
मो. नं. 73 8657 8657

## दोहरी नौकरी से उपजे सवाल

आइटी कर्मचारियों की शिकायत है कि उन्हें आयकर में करीब तीस फीसद की कटौती के बाद जो वेतन मिलता है, उससे दिल्ली-बंगलुरु या गुरुग्राम जैसे महंगे शहरों में जीवनयापन करना आसान नहीं रह गया है। इसलिए वे अपने खर्च की भरपाई के लिए नौकरी से इतर दूसरा काम पकड़ने के लिए मजबूर होते हैं। हर व्यक्ति अपनी प्रतिभा और परिश्रम का सम्मान और उचित मूल्य पाने की अपेक्षा करता है। मगर जब व्यक्ति की प्रतिभा और मेहनत का संबंध किसी कारखाने या किसी कंपनी के दफ्तर के अंतसंबध के रूप में कर्मचारी और मालिक वाले रिश्तों में बदलता है, तो अक्सर संदेह उपजता है। कर्मचारी को लगता है कि उसे उसकी प्रतिभा-मेहनत का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। उधर, कंपनी या कारखाना संचालकों को लगता है कि उनके कुछ कर्मचारी विश्वासघात कर रहे हैं। वे या तो कामचोरी करते हैं या प्रतिद्वंद्वी कंपनी को सूचना पहुंचाते हैं, जिससे नियोक्ता कंपनी के व्यापारिक हित प्रभावित होते हैं। कुछ नहीं तो ये कर्मचारी मूल नियोक्ता कंपनी में काम करने के साथ-साथ दूसरी या प्रतिद्वंद्वी कंपनी में भी सेवाएं देते हैं, जो नैतिक रूप से सही नहीं है। ऐसे ही अंदेशों के कारण हाल में भारत की सूचना प्रौद्योगिकी (आइटी) कंपनी विप्रो ने अपने तीन सौ कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया। विप्रो की ओर से साफ और कड़े शब्दों में कहा गया कि उनकी कंपनी में एक साथ दो जगह (मूनलाइटिंग) काम करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। एक साथ दो जगह काम या कहें दोहरी नौकरी के संदर्भ को स्पष्ट करते हुए विप्रो ने कहा है कि जो कर्मचारी कंपनी के कर्मचारी रहते हुए चोरी-छिपे प्रतिद्वंद्वी कंपनी के लिए काम कर रहे हैं, वे कंपनी के प्रति निष्ठा का उल्लंघन कर रहे हैं। श्रम की दुनिया में किसी का भी एक साथ दो जगह या एक नौकरी में रहते हुए अंशकालिक कर्मचारी के रूप में दूसरी जगह काम करना कोई नई बात नहीं है। बीते कुछ दशक में दुनिया भर में तमाम लोग नियमित नौकरी के अलावा अपने बचे समय में कोई ऐसा छोटा-मोटा काम करते रहे हैं, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय हो सके। कोरोना काल में इस प्रवृत्ति के और जोर पकड़ने का अनुमान लगाया जाता रहा है। खासकर सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़ी कंपनियों में यह चलन अधिक बढ़ा, क्योंकि इस क्षेत्र में ज्यादातर काम कंप्यूटर-इंटरनेट के जरिये ही संपन्न करवाये जाते हैं। शायद यही वजह है कि इस तरह दोहरी नौकरी के चलन को लेकर सबसे ज्यादा चिंता सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों में दिखी। हाल में कई प्रमुख आइटी कंपनियों ने नियमित नौकरी के साथ कहीं और काम करने के रवैये को अनुचित और अनैतिक ठहराया है। इन्फोसिस ने अपने कर्मचारियों को भेजे ईमेल में कहा कि उनके यहां दो जगहों पर काम करने की अनुमति नहीं है। उसके मुताबिक अनुबंध के किसी भी उल्लंघन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी और नौकरी से निकाला भी जा सकता है। एक अन्य प्रमुख आइटी कंपनी आइबीएम के प्रबंध निदेशक (भारत और दक्षिण एशिया) ने एक कार्यक्रम में कहा कि उनके कर्मचारी अपने बचे समय में जो चाहें कर सकते हैं, लेकिन दो जगह काम करना नैतिक रूप से सही नहीं है। यहां दो जगह काम करने (मूनलाइटिंग) और बचे समय में अपनी प्रतिभा और दक्षता के मुताबिक अंशकालिक तौर पर कोई काम करने में अंतर समझने की आवश्यकता है। किसी नियमित नौकरी से बाहर कोई अन्य नौकरी करना कभी भी जायज नहीं रहा है। यह नीति निजी कंपनियों में ही नहीं, बल्कि सरकारी प्रतिष्ठानों में भी लागू है। अगर कोई कर्मचारी एक ही वक्त में या अपने बचे समय में मूल नौकरी के साथ-साथ दूसरी नौकरी भी नियमित रूप से करता है, तो अनैतिक होने के साथ यह श्रम कानूनों का भी उल्लंघन है।

■ संजय वर्मा

### धर्म दर्शन

## श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्

### अथ प्रथमोऽध्यायः

काम, क्रोध, लोभ, अहंकार तथा मद- ये सभी तपस्या, तीर्थसेवन और व्रतोंमें विघ्नकारी होते हैं। है राजन! अहिंसा, सत्य, अस्तेय, शौच, इन्द्रियनिग्रह और अपने धर्मका पालन- समस्त तीर्थोंका फल प्रदान करते हैं। नित्यकर्मके परित्याग और मार्गम संसर्गदोषसे तीर्थमें जाना व्यर्थ हो जाता है, केवल पाप ही लगता है॥
20-22॥

हे राजन ! तीर्थ तो केवल शरीरजन्य मलको ही धोते हैं, वे अन्तःकरणको धोनेमें समर्थ नहीं होते। यदि वे तीर्थ [मनको शुद्ध करनेमें] समर्थ होते तो गंगाके तटपर रहनेवाले विश्वामित्र और वसिष्ठसदृश ईश्वर-चिन्तनपरायण भक्त मुनि द्रोहभावसे युक्त क्यों होते? इस प्रकार तीर्थोंमें रहनेवाले लोग भी सदैव राग-द्वेषपरायण तथा काम-क्रोधसे व्याकुल रहते हैं। अतः चित्तशुद्धिरूपी तीर्थ गंगा आदि तीर्थोंसे भी अधिक पवित्र
है॥ 23-26॥

हे राजन! यदि दैवयोगसे ज्ञाननिष्ठ पुरुषका सत्संग प्राप्त हो जाय तो वह आन्तरिक मैलको धो देता है। हे राजन् वेद, शास्त्र, व्रत, तप, यज्ञ तथा दान - ये चित्तकी शुद्धिके कारण
नहीं हैं ॥ 27-28॥

ब्रह्माजीके पुत्र वसिष्ठ वेदविद्या पारंगत थे और गंगाजीके तटपर रहते थे, फिर भी वे राग-द्वेषसे मुक्त हो गये। विश्वामित्र और वसिष्ठके मध्य देवताओंको भी विस्मयमें डाल देनेवाला आडीयक नामक महाबुद्ध हुआ, जो द्वेषके कारण व्यर्थ हो हुआ था। उस युद्धमें परम तपस्वी विश्वामित्र बक हुए थे, उन्हें वसिष्ठने हरिश्चन्द्र के कारण शाप दे दिया था। विश्वामित्रने भी वसिष्ठको शाप देकर आडी पक्षी के देहवाला बना दिया। इस प्रकार निर्मल कान्तिवाले वे दोनों मुनि शापके कारण आड़ो और बक पक्षीके रूपमें हो गये। वे मानसरोवर के तटपर रहने लगे और वहाँ नखों और चोंचके प्रहारसे भयंकर युद्ध करते रहे। वे दोनों ऋषि मदोन्मत्त सिंहोंके समान रोषयुक्त होकर दस हजार वर्षोंतक आपसमें युद्ध करते रहे॥ 29-34॥

राजा बोले- श्रेष्ठ तपस्वी और धर्मपरायण दोनों मुनिश्रेष्ठ किस कारण परस्पर वैरपरायण हुए? उन दोनों बुद्धिमान् ऋषियोंने किस कारणसे एक दूसरेको शाप दिया ? जो मनुष्योंके लिये कष्टकारक और दुःखदायक सिद्ध हुए ॥
35-36॥

व्यासजी बोले- पूर्वकालमें सूर्यवंशमें त्रिशंकुके पुत्र हरिश्चन्द्र नामक एक श्रेष्ठ राजा हुए, जो
रामचन्द्रजीके पूर्वज थे॥ 37॥

वे राजर्षि सन्तानहीन थे, अतः पुत्रकी कामनासे वरुणदेवकी प्रसन्नताके लिये उन्होंने 'नरमेध' नामक दुष्कर महायज्ञ करनेकी प्रतिज्ञा की उस यज्ञका व्रत लेनेसे वरुणदेव उनपर प्रसन्न हो गये और राजाकी परम रूपवती
भार्यानें गर्भ धारण किया॥ 38-39॥

- क्रमशः

### संपादक के नाम पाठकों की पाती

## बिजली चोरी पर लगे रोक

मेदिनीनगर शहर के गायत्री मंदिर रोड़ स्थित एफसीआई गोदाम के बगल में सिंचाई विभाग द्वारा बने बगंला कालोनी में धड़ल्ले से बिजली की चोरी की जा रही है। बिजली चोरी करने वाले लोग इसमें अवैध रूप से से कब्जा जमाये हुए है। उन्हें फ्री का सब कुछ चाहिये। न तो उन्हें मकान में रहने का पैसा लग रहा हैऔर न ही बिजली और पानी का पैसा लग रहा है। सब कुछ उन्हे मुफ्त मे ही मिल जा रही है। इसपर न तो प्रशसन का ही ध्यान है और न बिजली विभाग का वे आराम से अवैध रूप से रहकर हराम की / बिजली चोरी कर जला रहे है। जबकि उस कॉलोनी में विभाग का अपना बिजली है।फिर भी वे बिजली की चोरी कर रहे है। उसमें रहने वाले लोग चंद पैसे बचाने के लिए अपने जान को जोखिम डालकर रह रहे है। इसकी स्थिति इतनी जर्जर है कि वह किसी वक्त गिर सकती है। बिजली चोरी को लेकर न तो बिजली विभाग इस पर ध्यान दे रही है। और विभाग के द्वारा छापेमारी की जा रही है। लोग निडर होकर बिजली की चोरी कर रहे है। बिजली विभाग जिनके घर में मीटर है। सिर्फ वैसे ही लोगों को तंग करती है। कभी मीटर बदलने को कहती है तो हमेशा छापेमारी की जाती है। फिर भी लोगों को न तो किसी प्रकार भय और डर नहीं है। बिजली विभाग भी इसे अनदेखी कर रही है। और लोगों पर किसी तरह का दबाव नहीं बना रही है।

■ रमेश प्रसाद, मेदिनीनगर।

## आरएसएस को बदनाम क्यों करते हैं कुछ लोग

28 सितंबर को चरमपंथी इस्लामिक संगठन पॉप्युलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) पर लगे बैन के मद्देनजर बीजेपी विरोधियों ने संघ (आरएसएस) पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। यहां स्वाभाविक प्रश्न उठता है, क्या संघ और पीएफआई की बराबरी हो सकती है? पीएफआई सीक्रेट डॉक्युमेंट में हिंदुओं के दलित और अति पिछड़े समाज को तोड़ने और मुस्लिम-दलित-अति पिछड़ों के गठजोड़ से 2047 तक भारत को इस्लामिक देश बनाने का रोडमैप है। क्या संघ की ऐसी कोई चरमपंथी विचारधारा या रोडमैप है, जिसके कारण पीएफआई से तुलना की जा सके? विजयदशमी को संघ का 98वां स्थापना दिवस है। संघ का जन्म डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार की वैचारिक कोख से हुआ है। इसलिए संघ के डीएनए को समझने के लिए उनके समय के इतिहास को खंगालना होगा। हेडगेवार जब मेडिकल पढ़े कलकत्ता गये तो वहां क्रांतिकारी अनुशीलन समिति से जुड़े और डॉक्टर बनकर नागपुर आने के बाद स्वाधीनता आंदोलन में सक्रिय हो गये। वह संपर्क में आने वाले कांग्रेस, हिंदू महासभा व क्रांतिकारी नेताओं से अक्सर पूछा करते कि हमें अंग्रेजों से आजाद होना है, किंतु हम गुलाम क्यों हुए? उनके सवाल को अनसुना किया गया। हेडगेवार के लिए गुलामी के कारणों को खोजे बिना आजादी की लड़ाई लड़ना बिना बीमारी खोजे दवा देने के समान था। वह सोच रहे थे आखिर राष्ट्र की ऐसी दुर्दशा के कारण क्या हैं? उत्तर की खोज के लिए इतिहास पढ़ना शुरू किया। उनके अध्ययन से निकले प्रमुख बिंदु इस प्रकार चिह्नित किये जा सकते हैं: भगवद्गीता में वेदों की चर्चा है। यानी भारत श्रीकृष्ण युग से पहले का सनातन राष्ट्र है। ऋषि संस्कृति और वैदिक जीवनशैली वाले भारत में ईसा से छह सदी पूर्व महात्मा बुद्ध, जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर और ईसा से चार सदी पहले चाणक्य-चंद्रगुप्त मौर्य हुए। विश्व गुरु का दर्जा दिलाने वाले ज्ञान-विज्ञान के केंद्र नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय थे। 10वीं सदी तक के भारत का इतिहास सोने की चिड़िया कहलाने वाले अतिविकसित राष्ट्र का इतिहास है। बाद में राजनीतिक दृष्टि से भारत का संघीय ढांचा कमजोर हुआ। छोटे-बड़े रजवाड़ों के राजा अपने व्यक्तिगत अहंकार और स्वार्थों में डूबते चले गये और जब बाहरी आक्रांताओं के आक्रमण शुरू हुए तो राष्ट्र नेतृत्वविहीन दिखाई दिया। हेडगेवार ने दावा किया कि तत्कालीन राष्ट्र के जन-जन के पास धन-संपदा थी। यदि भारत में धन-संपदा का अंबार न होता, तो सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनी के आक्रमण भी नहीं हुए होते। बाद की छह सदियों में अलाउद्दीन खिलजी, रजिया सुल्तान, कुतुबुद्दीन ऐबक जैसे और फिर मुगल बादशाहों के दिल्ली की गद्दी पर बैठने का इतिहास है। इन्होंने बड़ी चालाकी से अपने आक्रमणों को इस्लाम के साथ जोड़ा, जबकि इनका इस्लाम से कोई लेना-देना था नहीं। जो हुआ वह इस्लाम के लिए नहीं, सिर्फ खुदगर्जी और गद्दी के लिए हुआ। इनकी आपसी गलाकाट स्पर्धा के कारण ही औरंगजेब की मौत के बाद 12 साल तक मुगल महलों में खूनी खेल चला, जिससे मुगल सल्तनत की चूलें हिल गईं। 1757 में भारत की सत्ता पर अंग्रेजों के काबिज होने का एकमात्र कारण हिंदू समाज नहीं, मुगलों की घरेलू उठापटक है। हेडगेवार ने देखा, यदि महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी की मराठा शक्ति जैसे गिने-चुने अपवादों को छोड़ दें तो देश के हारे हुए रजवाड़े आक्रमणकारियों का प्रतिकार करते नजर नहीं आते। अलबत्ता, पराजित मानसिकता बोध से ग्रस्त मानसिंह और राजा जयसिंह जैसे अधिकतर हिंदू राजा इनके दरबारी बनकर अपनी ही जनता पर जुल्म करके आकाओं के लिए टैक्स उगाही करते नजर आए। इन समझौतावादी राजाओं की पराजित मानसिकता, व्यक्तिगत अहंकार, स्वार्थी राजनीति उनके व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र की गिरावट को उजागर करती है। डॉ. हेडगेवार ने निष्कर्ष निकाला कि समस्या की जड़ एक राष्ट्र के नाते संगठित सनातन हिंदू समाज की राष्ट्रीय अवधारणा का पिछड़ना है। इसी बीच हिंदू समाज में कई सामाजिक कुरीतियां पनपीं। समाज में अज्ञानता बढ़ने से रूढ़िवादी सोच बनी, जातीय दूरियां बढ़ीं। हीन भावना से ग्रस्त मानसिक दुर्बलता में राष्ट्र भूल गया कि वह क्या था और अब कहां खड़ा है।

■ डॉ. जयकरन

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पब्लिकेशन डिवीजन रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, Ph. 0651-2283384/Fax 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-LF, तानसेन मार्ग, नयी दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार-829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्पलेक्स लोहरदगा-फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# क्या है जैस्मिन टी और इससे होने वाले फायदे!



**अधिकतर लोग चाय पीकर अपनी दिन की शुरूआत करते हैं और भारतीय लोगों की यह पसंदीदा पेय पदार्थों में से एक है। रोजाना चाय पीने की इस आदत को ज्यादातर लोग अच्छा मानते हैं तो कुछ इसे खराब भी मानते हैं। हालांकि, इसमें कोई दोराय नहीं कि चाय का दिन में 1-2 बार से अधिक सेवन करना सेहत के लिए हानिकारक भी हो सकता है। वहीं, सेहत को ध्यान में रखते हुए ही बाजारों में कई अन्य तरह की चाय मिलने लगी है। फिटनेस एक्सपर्ट्स का मानना है कि इन खास तरह की चाय में ऐसे तत्व मौजूद होते हैं, जो हमारी सेहत के लिए बहुत जरूरी हैं। इनसे हमें ऊर्जा, ताजगी और वजन कम करने में भी मदद मिल सकती है। सेहतमंद शरीर बनाए रखने वाली चाय की सूची में जैस्मिन टी भी शामिल है। हालांकि, जैस्मिन टी क्या है और इससे क्या लाभ होते हैं? इसके बारे में ज्यादा लोग नहीं जानते हैं।**

जैस्मिन टी का रूप सामान्य तौर पर ग्री टी पर आधारित है। वो बात अलग है कि इसका इस्तेमाल कभी-कभी व्हाइट और ब्लैक टी में भी किया जाता है। इस टी को सुगंधित करने के लिए चमेली के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है। अधिकतर लोग चाय पीकर अपनी दिन की शुरूआत करते हैं और भारतीय लोगों की यह पसंदीदा पेय पदार्थों में से एक है। रोजाना चाय पीने की इस आदत को ज्यादातर लोग अच्छा मानते हैं तो कुछ इसे खराब भी मानते हैं। हालांकि, इसमें कोई दोराय नहीं कि चाय का दिन में 1-2 बार से अधिक सेवन करना सेहत के लिए हानिकारक भी हो सकता है। वहीं, सेहत को ध्यान में रखते हुए ही बाजारों में कई अन्य तरह की चाय मिलने लगी है। फिटनेस एक्सपर्ट्स का मानना है कि इन खास तरह की चाय में ऐसे तत्व मौजूद होते हैं, जो हमारी सेहत के लिए बहुत जरूरी हैं। इनसे हमें ऊर्जा, ताजगी और वजन कम करने में भी मदद मिल सकती है। सेहतमंद शरीर बनाए रखने वाली चाय की सूची में जैस्मिन टी भी शामिल है। हालांकि, जैस्मिन टी क्या है और इससे क्या लाभ होते हैं? इसके बारे में ज्यादा लोग नहीं जानते हैं।

**क्या है जैस्मिन टी :** जैस्मिन टी का रूप सामान्य तौर पर ग्रीन टी पर आधारित है। वो बात अलग है कि इसका इस्तेमाल कभी-कभी व्हाइट और ब्लैक टी में भी किया जाता है। इस टी को सुगंधित करने के लिए चमेली के फूलों का इस्तेमाल किया जाता है। यह टी चीन में काफी पसंद की जाती है। फिटनेस एक्सपर्ट्स का मानना है कि जैस्मिन टी, ग्रीन टी की तुलना में सेहत के लिए काफी अच्छी मानी जाती है।

**कैसे बनाई जाती है जैस्मिन टी :** आमतौर पर जैस्मिन टी को बनाने के लिए ग्रीन टी की पत्तियों का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं, बाजारों में भी ये टी बेहद आसानी से मिल जाती है। इसे बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक पतीले में पानी गरम करें। इसके बाद इसमें जैस्मिन ग्रीन टी की कुछ पत्तियां या फिर इसके पाउच को डालकर मिला दें। 1 से 2 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ने के बाद इसका सेवन करें।

## जैस्मिन टी पीने के लाभ

**हृदय के लिए है फायदेमंद :** जैस्मिन टी में पॉलीफेनोल की मात्रा काफी होने के कारण हमारा हृदय सुरक्षित रहता है। ऐसे में इसके सेवन से हृदय सबंधित रोग से बचा जा सकता है। इसके अलावा ट्राइग्लिसराइड और बैड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी ये कम करने में मददगार साबित होता है।

**वजन कम करें :** जैस्मिन टी का सेवन करने से वजन कम किया जा सकता है। कई अध्ययनों में ये सामने आया है कि जैस्मिन टी मेटाबॉलिज्म को करीब पांच प्रतिशत तक बढ़ाकर मोटापे को कम करने में मददगार साबित है। रोजाना इसका सेवन कर बढ़ते वजन को कम किया जा सकता है।

**त्वचा के लिए भी है फायदेमंद :** जैस्मिन टी में पॉलीफेनोल्स यौगिक है और यह शरीर में एंटीऑक्सीडेंट के तौर पर कार्य करता है। रोजाना इस टी का सेवन करने से फ्री रेडिकल डैमेज से बचा जा सकता है। इसके साथ ही ये त्वचा को स्वस्थ्य बनाए रखने में सहायाता करता है।

**अल्जाइमर रोगियों के लिए भी फायदेमंद :** जैस्मिन टी के सेवन से अल्जाइमर और पार्किंसंस रोग से होने वाले खतरों से बचा जा सकता है। शोध के अनुसार जो लोग रोजाना जैस्मिन टी का सेवन करते हैं, उनमें अन्य लोगों की तुलना में अल्जाइमर और पार्किंसंस रोग से होने वाला खतरा 15 प्रतिशत तक कम रहता है।

**टाइप-2 मधुमेह का खतरा होता है कम :** जैस्मिन टी का रोजाना सेवन करने से टाइप-2 मधुमेह के रोगियों को होने वाला खतरा कम हो जाता है। पूरे विश्व में लगभग 42.3 करोड़ से ज्यादा लोग टाइप-2 मधुमेह के रोगी है। 12 अध्ययनों के अनुसार नियमित तौर पर रोजाना 3 कप जैस्मिन टी का सेवन करने वाले लोगों में टाइप-2 मधुमेह का खतरा करीब 16 प्रतिशत तक कम है। जैस्मिन टी से ब्लड शुगर के स्तर को कम किया जा सकता है।

❖ सिमरन सिंह



# संडे स्नैक्स में इस तरह बनायें स्पाइसी चिली बाइट्स

सबसे पहले सभी सूखी सामग्री को एक साथ मिला लें। अब इसमें धनिया, मिर्च और प्याज डालें। एक बार में थोड़ा सा पानी डालें जब तक कि आपको बैटर की कंसिस्टेंसी ना मिल जाए। आवश्यकता पड़ने पर और पानी डालें। स्नैक टाइम एक ऐसा टाइम होता है, जब व्यक्ति का कुछ अलग व टेस्टी खाने का मन करता है। ऐसे में समझ नहीं आता है कि आखिरकार क्या बनाया जाए। अगर आप भी हर दिन एक जैसा खाना खाकर बोर हो गए हैं और अब स्नैक में कुछ अच्छा खाना चाहते हैं तो ऐसे में स्पाइसी चिली बाइट्स बनाए जा सकते हैं। इसे बनाने में आपको बहुत अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ती है, लेकिन इसका स्वाद लाजवाब होता है।

### आवश्यक सामग्री-

- 1/3 कप बेसन
- 2 बड़े चम्मच गेहूं का आटा
- 1 छोटा चम्मच बेकिंग पाउडर
- 1/4 छोटा चम्मच हल्दी
- 1 छोटा चम्मच चिल्ली फ्लेक्स
- 1 छोटा चम्मच दरदरा पिसा हुआ जीरा
- 1 छोटा चम्मच दरदरा पिसा धनिया
- 1/2 छोटा चम्मच नमक
- 1/4 कप हरा धनिया कटा हुआ
- 2 हरी मिर्च अगर आप चाहें तो कम इस्तेमाल करें
- 1 छोटा प्याज
- 100 मिली पानी
- तलने के लिए तेल

### बनाने का तरीका-

- सबसे पहले सभी सूखी सामग्री को एक साथ मिला लें।
- अब इसमें धनिया, मिर्च और प्याज डालें।
- एक बार में थोड़ा सा पानी डालें जब तक कि आपको बैटर की कंसिस्टेंसी ना मिल जाए। आवश्यकता पड़ने पर और पानी डालें।
- अब एक कड़ाही में तेल डालकर गर्म करें
- मध्यम तापमान पर गर्म तेल में सुनहरा भूरा होने तक तलें। ध्यान दें कि इसे तेज आंच ना तले, अन्यथा यह अंदर से अच्छी तरह नहीं सिकेंगे।
- आपके क्रिस्पी व डिलिशियस स्पाइसी चिली बाइट्स बनकर तैयार है। इसे टोमैटो केचअप के साथ गरमा-गरम खाएं।

# सेंधा नमक को करें डाइट में शामिल, मिलेंगे यह जबरदस्त फायदे



सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है। नमक एक ऐसा इंग्रीडिएंट है, जिसका इस्तेमाल हम सभी नियमित रूप से करते हैं। यह भोजन में एक स्वाद शामिल करता है। नमक के बिना भोजन पकाने या उसे खाने की कल्पना भी हम नहीं कर सकते हैं। हालांकि घरों में लोग टेबल सॉल्ट का इस्तेमाल करते हैं। अगर आप नमक को अपने स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बनाना चाहते हैं तो आज ही सेंधा नमक खाना शुरू कर दें। सेंधा नमक में सोडियम, पोटेशियम, आयरन, कैल्शियम, जिंक आदि तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत को लाभ पहुंचाते हैं। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में सेंधा नमक का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह स्वस्थ त्वचा और बालों से लेकर वजन घटाने तक कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करता है।

**पाचन तंत्र के लिए लाभदायक :** सेंधा नमक कब्ज, हार्ट बर्न, सूजन, पेट दर्द आदि जैसी पाचन समस्याओं के लिए एक उत्कृष्ट घरेलू उपाय है। सेंधा नमक खनिजों और विटामिनों से भरपूर होता है, जो पाचन में सुधार करता है, मल त्याग को बढ़ावा देता है, और आंत से विषाक्त उत्पादों को साफ करने में मदद करता है। यह भूख की कमी की समस्या को सुधारने में भी मदद करता है।

**प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ाता है :** सेंधा नमक विटामिन के से भरपूर होता है, जो आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है और आपकी प्रतिरोधक क्षमता को भी बढ़ाता है। यह शरीर की हड्डियों के चयापचय को भी बढ़ाता है, जो कई बीमारियों से बचाता है।

**मांसपेशियों में ऐंठन से राहत :** सेंधा नमक में सोडियम क्लोराइड का शुद्ध रूप और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व होते हैं। इलेक्ट्रोलाइट पोटेशियम और नमक असंतुलन मांसपेशियों में ऐंठन के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है। तो, सेंधा नमक पोटेशियम की कमी को संतुलित कर सकता है और मांसपेशियों में ऐंठन को रोक सकता है।

**गले की खराश का करता है इलाज :** गले में खराश के लिए खारे पानी से गरारे करना एक आम घरेलू उपाय है। सेंधा नमक में डिकॉन्गेस्टेंट गुण होते हैं जो आपकी बंद नाक, खांसी को दूर करने में मदद करते हैं। यह टॉन्सिलिटिस अस्थमा के लिए भी एक प्रसिद्ध उपाय है, और यह आपके फेफड़ों की क्षमता को बढ़ाने में मदद करता है।

**रक्तचाप को करे बैलेंस :** सेंधा नमक में पोटैशियम की मात्रा अधिक होती है जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। शोध बताते हैं कि सेंधा नमक रक्तचाप को संतुलित रखता है।

❖ मिताली जैन

# ओवन के बिना किस तरह बनायें पीटा ब्रेड

पीटा ब्रेड को अक्सर अरबी ब्रेड, सीरियन ब्रेड या ग्रीक पीटा ब्रेड के रूप में भी जाना जाता है। हालांकि, इसका गूंथा हुआ आटा नान या पिज्जा के आटे की तरह ही होता है, लेकिन फिर भी इसे तैयार करते समय इसमें कुछ इंग्रीडिएंट व टेक्निक का इस्तेमाल किया जाता है, जो इसे दूसरों से अलग बनाता है। पीटा एक प्रकार का फ्लैटब्रेड है। भारतीयों के लिए जिस तरह नान है, ठीक उसी तरह अरेबियन्स के लिए पीटा ब्रेड है। इस पीटा ब्रेड को अक्सर अरबी ब्रेड, सीरियन ब्रेड या ग्रीक पीटा ब्रेड के रूप में भी जाना जाता है। हालांकि, इसका गूंथा हुआ आटा नान या पिज्जा के आटे की तरह ही होता है, लेकिन फिर भी इसे तैयार करते समय इसमें कुछ इंग्रीडिएंट व टेक्निक का इस्तेमाल किया जाता है, जो इसे दूसरों से अलग बनाता है।

**पीटा ब्रेड की सामग्री-**

- 2 कप मैदा
- 1 छोटा चम्मच सूखा खमीर
- एक चौथाई छोटा चम्मच नमक
- 1/2 छोटा चम्मच चीनी
- 3/4 कप गर्म पानी

**पीटा ब्रेड की विधि-**

- सबसे पहले थोड़ा गरम पानी लेकर उसमें यीस्ट और चीनी डालें। अब इसे ढककर 10 मिनट के लिए अलग रख दें।
- अब आप मैदा में नमक मिलाएं।
- साथ ही इसमें यीस्ट और पानी का मिश्रण डालें।
- करीबन 10 मिनट या मुलायम होने तक गूंदें।
- अगर जरूरत है तो और पानी डालिए। लेकिन ध्यान रखें कि आपका आटा चिकना और लोचदार होना चाहिए।
- अब, आटे को एक से डेढ़ घंटे के लिए या उसके आकार के दोगुने होने तक ढककर रख दें।
- आटे से छह बराबर आकार की लोइयां बना लें।
- अब आप पहले सरफेस को डस्ट कर लें।
- अब प्रत्येक लोई को बेलन की सहायता से 5-6 इंच के गोल आकार में बेल लें।
- बेली हुई लोई को पार्चमेंट पेपर पर रखें और कपड़े से ढक दें। इसे 20 मिनट के लिए आराम करने दें।
- अब आप एक नॉनस्टिक फ्लैट पैन लें और उसे मध्यम आंच पर रखें।
- बेली हुई रोटी को तवे पर रखें और ब्रेड को लगभग 9-10 सेकंड में पलट दें।
- पीटा ब्रेड के किनारों को एक स्पैटुला का उपयोग करके धीरे से दबाएं, इससे ब्रेड फूलने में मदद मिलेगी।
- जब ब्रेड पूरी तरह से फूल कर ब्राउन हो जाए, तो आपकी पीटा ब्रेड तैयार है।
- ब्रेड को मुलायम बनाए रखने के लिए इसे कपड़े से ढक दें।

# सीने में दर्द की समस्या से हैं परेशान तो आजमायें ये उपाय



लहसुन को सीने के दर्द के लिए एक अच्छा इलाज माना जाता है। लोग एक गिलास दूध में कीमा बनाया हुआ लहसुन मिला सकते हैं। लहसुन धमनियों से प्लाक को रोकने और हृदय रोग को सुरक्षित रखने में सहायक हो सकता है। ऐसी कई चीजें होती हैं, जो सीने में दर्द या बेचैनी का कारण बन सकती हैं। मसलन, गैस, पेट में जलन और बहुत अधिक खांसी सीने में दर्द की वजह बन सकती है। एनजाइना सीने में दर्द है जो अल्पकालिक होता है और अक्सर आराम से राहत मिलती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हृदय को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल रही है। दर्द आमतौर पर छाती में होता है और कंधे, हाथ या जबड़े में भी महसूस किया जा सकता है। ऐसे में आप कुछ आसान तरीकों को अपनाकर सीने में दर्द की समस्या को दूर सकते हैं। हालांकि, यह ध्यान रखें कि सीने में दर्द किसी गंभीर समस्या का संकेत भी हो सकता है। इसलिए अगर आपको लगातार दर्द हो रहा है, तो आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना

**बादाम :** जब भोजन करने के बाद सीने में दर्द होता है, तो एसिड रिफ्लक्स या गैस्ट्रोओसोफेगल रिफ्लक्स दोष के कारण हो सकता है। दोनों स्थितियों में सीने में दर्द हो सकता है। ऐसे में बादाम या दूध में बादाम मिलाकर खाने से फायदा हो सकता है।

**लगाएं कोल्ड पैक :** मांसपेशियों में खिंचाव छाती या दिल के दर्द के सामान्य कारणों में से एक हो सकता है। ऐसे मामलों में, किसी व्यक्ति को चोट, व्यायाम और अन्य गतिविधियों के कारण छाती में दर्द हो सकता है। इस प्रकार की समस्याओं को मैनेज करने के लिए, कोल्ड पैक को प्रभावित स्थान पर रखने से राहत मिलती है और सूजन कम हो जाती है।

**गर्म पेय का करें सेवन :** जब किसी व्यक्ति का दर्द गैस या सूजन के कारण होता है तो गर्म पेय गैस को कम करने में सहायक हो सकता है। गर्म तरल पदार्थ पाचन को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। हिबिस्कस चाय पाचन और हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करती है, यह रक्तचाप को भी कम करती है और कोलेस्ट्रॉल को कम करती है।

**लहसुन आएगा काम :** लहसुन को सीने के दर्द के लिए एक अच्छा इलाज माना जाता है। लोग एक गिलास दूध में कीमा बनाया हुआ लहसुन मिला सकते हैं। लहसुन धमनियों से प्लाक को रोकने और हृदय रोग को सुरक्षित रखने में सहायक हो सकता है।

**लेटें :** जब छाती या दिल में दर्द होता है, तो व्यक्ति को शरीर के ऊपर ऊंचा सिर के साथ तुरंत लेटने से कुछ राहत मिल सकती है। जब दर्द रिफ्लक्स के कारण होता है तो इस तरह लेटने से व्यक्ति को काफी आराम मिल सकता है।

**हल्दी :** हल्दी में कई तरह के एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो सीने में दर्द के लक्षणों को कम करने में मदद कर सकते हैं। इस दर्द को कम करने के लिए रात को सोने से पहले गर्म दूध में हल्दी मिलाकर सेवन करना चाहिए।

# ज्यादा चाय पीने से हो सकती हैं कई बीमारियां

जो लोग दिन में कई-कई कप चाय पीते हैं, उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन कई लोग चाह कर भी चाय नहीं छोड़ पाते हैं। ऐसे में आप चाय की लत छुड़ाने के लिए कुछ आसान तरीके अपना सकते हैं। क्या आप भी अपने दिन की शुरूआत चाय के साथ करते हैं? हमारे देश में चाय के शौकीन लोगों की संख्या काफी ज्यादा है। कई लोगों को तो चाय इतनी ज्यादा पसंद होती है कि वे दिनभर में 6-7 कप चाय पीते हैं। लेकिन अगर किसी भी चीज का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल किया जाए तो उसके नुकसान होते हैं। अगर आप जरूरत से ज्यादा चाय का सेवन करेंगे तो इससे आपको भूख कम लगेगी और आपको आवश्यक पोषक तत्व नहीं मिल पाएंगे। जो लोग दिन में कई-कई कप चाय पीते हैं, उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अगर आप चाय पीना पसंद करते हैं तो दिन में एक या दो कप चाय का सेवन कर सकते हैं, लेकिन इससे अधिक चाय सेहत के लिए खतरा बन सकती है। लेकिन कई लोग चाह कर भी चाय नहीं छोड़ पाते हैं।



**रोजाना एक कप कम चाय पिएं :** अगर आप जरूरत से ज्यादा चाय पीते हैं तो आपको कैफीन एडिक्शन हो सकता है। इस आदत को छुड़ाने के लिए एकदम से कैफीन को अपनी डाइट से बाहर करने के बजाय कैफीन काउंट को धीरे-धीरे कम करें। अगर आप एक दिन में 5-6 कप चाय पीते हैं तो कोशिश करें कि दिन में एक कप चाय कम पिएँ। ऐसे ही धीरे-धीरे चाय की मात्रा कम करें।

**चाय पत्ती का इस्तेमाल कम करें :** चाय में कैफीन मौजूद होता है, जिस से लोगों को इसकी लत लग होती है। इसलिए चाय बनाते समय चाय पत्ती का इस्तेमाल करें। इससे आपकी लत धीरे-धीरे कम हो जाएगी।

**चाय की जगह हर्बल टी पिएं :** अगर आप चाय की लत से छुटकारा पाना चाहते हैं तो चाय की जगह ग्रीन टी, हर्बल टी या फ्रूट टी पी सकते हैं। इससे आपकी चाय की लत धीरे-धीरे कम हो जाएगी। इसके साथ ही ग्रीन टी या हर्बल टी पीने से सेहत को भी लाभ होगा।

**जूस पिएं :** चाय की एडिक्शन से छुटकारा पाने के लिए एक और आसान तरीका है जूस पीना। आप चाय की जगह फलों का जूस पी सकते हैं। इससे आप स्वस्थ रहेंगे और आपका पाचन तंत्र भी सही ढंग से काम करेगा।

❖ प्रिया मिश्रा

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** नौकरी में विदेश यात्रा के अवसर मिल सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**वृष राशि :** आय के साधन बनेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

**मिथुन राशि :** कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा कष्टमयी हो सकती है। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क राशि :** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र का विस्तार होगा। सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह राशि :** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**कन्या राशि :** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश भी जा सकते हैं। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला राशि :** नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार का विस्तार हो सकता है। मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें।

**वृश्चिक राशि :** नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी।

**धनु राशि :** शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। अफसरों का सहयोग मिलेगा। कार्यों को लेकर शान्ति एवं प्रसन्नता का भाव रहेगा।

**मकर राशि :** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**कुंभ राशि :** मानसिक शान्ति के लिए परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मीन राशि :** मन में नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। धन की प्राप्ति भी हो सकती है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## न्यूज गैलरी


### दिल्ली भाजपा ने केजरीवाल और मंत्री राजेंद्र के खिलाफ दर्ज करायी शिकायत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी का दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने सीएम केजरीवाल और उनके मंत्री राजेंद्र पाल गौतम के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। दरअसल, राजेंद्र पाल गौतम पर सामूहिक धर्मांतरण का आरोप लगाया गया है। सोशल मीडिया पर दिल्ली के करोलबाग का एक वीडियो वायरल हो रहा है। करोलबाग में आयोजित एक कार्यक्रम में गौतम ने हजारों लोगों की मौजूदगी में हिंदू देवी-देवताओं के प्रति अनादर दिखाया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से उनकी सरकार में मंत्री राजेंद्र पाल गौतम को बर्खास्त करने की मांग की। भाजपा ने गौतम पर हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करने का आरोप लगाते हुए यह मांग की। हालांकि, केजरीवाल सरकार में सामाजिक कल्याण मंत्री गौतम की तरफ से इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आयी है।

### मशहूर अभिनेता अरुण बाली का 79 वर्ष की आयु में निधन

**मुंबई (एजेंसी)।** मशहूर अभिनेता अरुण बाली का शुक्रवार सुबह उपनगरीय मुंबई में उनके आवास पर निधन हो गया। वह 79 वर्ष के थे। बाली को धारावाहिक स्वाभिमान और हिट फिल्म 3 इडियट्स में निभाये उनके किरदार के लिए काफी सराहना मिली थी। बाली के बेटे अंकुश ने बताया कि उनके पिता मायस्थेनिया ग्रेविस से पीड़ित थे। उन्हें इस साल की शुरुआत में एक अस्पताल में भर्ती भी कराया गया था। अंकुश के मुताबिक, इलाज का उनके पिता पर असर दिख रहा था, लेकिन सुबह करीब साढ़े चार बजे उनका निधन हो गया। अंकुश ने कहा कि मेरा पिता हमें छोड़ गये। वह मायस्थेनिया ग्रेविस से पीड़ित थे। हर दो-तीन दिन में उनके स्वभाव में बदलाव दिखता था। उन्होंने उनकी देखभाल करनेवाले को कहा कि उन्हें शौचालय जाना है और वापस आने के बाद कहा कि वह बैठना चाहते हैं और फिर वह नहीं उठे। बाली ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत प्रसिद्ध फिल्म निर्माता लेख टंडन के टीवी शो दूसरा केवल से की थी, जिसमें शाहरुख खान भी नजर आये थे। उन्होंने चाणक्य, स्वाभिमान, देस में निकला होगा चंद, कुमकुम-एक प्यारा सा बंधन जैसे धारावाहिकों में भी अहम किरदार निभाये थे।

# बेलारूस के मानवाधिकार कार्यकर्ता और रूस-यूक्रेन के ह्यूमन राइट्स संगठनों को मिला शांति का नोबेल पुरस्कार




**संयुक्त राष्ट्र (एजेंसी)।** शांति के नोबेल पुरस्कार 2022 की घोषणा कर दी गयी है। नोबेल समिति ने बेलारूस के मानवाधिकार एडवोकेट एलेस बियालियात्स्की सहित रूसी मानवाधिकार संगठन मेमोरियल और यूक्रेन के मानवाधिकार संगठन सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज को नोबेल पीस पुरस्कार से सम्मानित किया है। 2022 के लिए शांति का नोबेल पुरस्कार पानेवाले एलेस बियालियात्स्की बेलारूस के ह्यूमन राइट्स एडवोकेट हैं। वे 1980 के दशक में बेलारूस में लोकतंत्र आंदोलन की शुरुआत करनेवालों में शामिल रहे हैं। एलेस का पूरा जीवन देश में लोकतंत्र की स्थापना और शांति विकास को बढ़ावा देने के लिए समर्पित रहा है। एलेस ने 1996 में व्यास्ना नामक संगठन की भी स्थापना की थी। यह संगठन राजनैतिक कैदियों पर होनेवाले अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करनेवाला मानवाधिकार संगठन है।

**क्या है संगठन मेमोरियल :** रूस का मानवाधिकार संगठन मेमोरियल का अस्तित्व 1987 में सामने आया था। यह संगठन पूर्व सोवियत संघ के मानवाधिकार एक्टीविस्ट्स द्वारा शुरू किया गया था। इस संगठन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि कम्युनिस्ट शासन के दौरान उत्पीड़न का शिकार हुए लोगों को याद रखा जाए। चेचन युद्ध के दौरान इस संगठन ने मानवाधिकारों के उल्लंघन की बातें पूरी दुनिया तक पहुंचाने का काम किया था। युद्धग्रस्त देश यूक्रेन में मानवाधिकारों की रक्षा करने के लिए सेंटर फॉर सिविल लिबर्टीज नामक इस संगठन की स्थापनी की गयी थी। संगठन ने यूक्रेन की सिविल सोसायटी को मजबूत करने का काम किया। साथ ही यूक्रेन को पूर्ण लोकतंत्र बनाने की भी पुरजोर पैरवी की। संगठन ने फरवरी 2022 में निडरता से वह दस्तावेज तैयार किया जिसमें यूक्रेन के खिलाफ रूसी युद्ध अपराधों को शामिल किया गया है।

## हिमस्खलन में सात और पर्वतारोहियों के शव मिले, मृतकों की संख्या 26 पहुंची



**उत्तरकाशी (एजेंसी)।** उत्तराखंड के द्रौपदी का डांडा शिखर पर मंगलवार को हिमस्खलन में लापता हुए पर्वतारोहियों के 26 शव अब तक बरामद कर लिए गये हैं। जिसमें दो ट्रेनर और बाकी सब ट्रेनी हैं। वहीं, तीन अब भी लापता हैं। शुक्रवार सुबह सात और पर्वतारोहियों के शव मिले हैं। सभी शव ट्रेनी के हैं। गुरुवार को 15 शव मिले थे। ये सभी शव ट्रेनी के थे। वहीं, मंगलवार को चार पर्वतारोहियों के शव मिले थे। जिसमें दो ट्रेनर और दो ट्रेनी थे। गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग से माउंटेनर (हवास) की 14 सदस्यीय टीम मातली हेलीपैड पहुंची थी। इसके बाद सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, आईटीबीपी, भारतीय सेना और जिला प्रशासन की टीमों की ओर से बचाव अभियान जारी है। बचाव अभियान पर भी नजर रख रहा हूं। नेहरू पर्वतारोहण संस्थान की 61 लोगों की टीम हिमस्खलन की चपेट में आयी थी, जिसमें 54 ट्रेनी और सात ट्रेनर थे। द्रौपदी का डांडा प्रशिक्षण में कुल 41 ट्रेनर-ट्रेनी थे, जिसमें ट्रेनी 34 और सात ट्रेनर थे। जिसमें 25 ट्रेनी और पांच ट्रेनर कुल 30 सकुशल हैं, जबकि 29 ट्रेनर-ट्रेनी लापता थे। इनमें से अब तक 26 लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं। देश के सर्वोच्च संस्थान, जिसे हाई एटीट्यूड में रेस्क्यू ट्रेनिंग और वॉर महारत हासिल गुलमर्ग स्थित वार फेयर स्कूल के 15 सदस्यीय टीम अब द्रौपदी का डांडा में रेस्क्यू कर रही है।

### बारिश डाल सकती है रेस्क्यू में खलल

**उत्तराखंड** के आठ जिलों में भारी बारिश का मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जारी किया है। आठ जिलों में कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्र में अगले 24 घंटे में भारी से बहुत भारी बारिश होने की चेतावनी आईएमडी ने जारी किया है। वहीं, उत्तरकाशी में भी भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। कुमाऊं क्षेत्र में रेड, जबकि गढ़वाल क्षेत्र में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। कुमाऊं के पांच जिलों नैनीताल, चंपावत, अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में शुक्रवार को स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

## मुंबई, गुजरात से 120 करोड़ की मेफेड्रोन जब्त

### एअर इंडिया के पूर्व पायलट समेत छह गिरफ्तार, विशिष्ट जानकारी के आधार पर हुई कार्रवाई

**मुंबई (एजेंसी)।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने मुंबई और गुजरात से 120 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 60 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त की है और इस मामले में एअर इंडिया के एक पूर्व पायलट समेत मादक पदार्थों की तस्करी करनेवाले अंतरराज्यीय गिरोह के छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यहां शुक्रवार को यह जानकारी दी। एनसीसीबी के उपमहानिदेशक संजय सिंह ने मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुजरात के जामनगर में नौसेना खुफिया इकाई को मिली एक विशिष्ट जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गयी। उन्होंने कहा कि हमने देश के विभिन्न राज्यों में फैले मादक पदार्थ तस्करों के गिरोह का भंडाफोड़ किया है और इसमें शामिल छह लोगों को गिरफ्तार किया है। सिंह ने कहा कि खुफिया जानकारी मिलने के बाद दिल्ली स्थित एनसीबी मुख्यालय और इसकी मुंबई क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने तीन अक्टूबर को जामनगर में छापेमारी की और 10 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त की। सिंह ने बताया कि एनसीबी के दल ने इस सिलसिले में जामनगर




से एक और मुंबई से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि एनसीबी के दल ने दक्षिण मुंबई के फोर्ट इलाके में एस बी रोड स्थित एक गोदाम में गुरुवार को छापा मारा और 50 किलोग्राम मेफेड्रोन जब्त की तथा मामले के सरगना समेत दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया। सिंह ने कहा कि और लोगों को भी गिरफ्तार किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि एक आरोपी पूर्व पायलट है, जिसने निम्न श्रेणी के एक कर्मचारी के रूप में अपना करियर शुरू किया था, लेकिन बाद में उसने पायलट पाठ्यक्रम की परीक्षा उत्तीर्ण की। सिंह ने बताया कि पूर्व पायलट ने 2016 से 2018 के बीच विमानन कंपनी में काम किया। उन्होंने बताया कि उसने अमेरिका और लिथुआनिया में पायलट का प्रशिक्षण लिया। उन्होंने कहा कि पायलट ने कुछ चिकित्सकीय कारणों से नौकरी छोड़ दी थी और तब से वह नशीले पदार्थों के गिरोह में शामिल हो गया था। अधिकारी ने बताया कि मुंबई से गिरफ्तार किये गये एक आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है। उसे राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने 2001 को 350 किलोग्राम मैनड्रैक्स (मादक पदार्थों) की तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया था और वह 2008 से जमानत पर रिहा है। उन्होंने कहा कि जांच में पाया कि गिरोह के सभी सदस्य लंबे समय से नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहे हैं और वे अब तक विभिन्न राज्यों में कम से कम 225 किलोग्राम मेफेड्रोन वितरित कर चुके हैं। अधिकारी ने बताया कि इस अभियान में जब्त मेफेड्रोन को मुंबई के निकट एक प्रयोगशाला में तैयार किया गया था और मुंबई स्थित मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) पहले ही इस प्रयोगशाला का भंडाफोड़ कर चुका है।

### भारतीय परिवार के चार सदस्यों के मारनेवाले के बारे में अमरीकी पुलिस का खुलासा

**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** अमरीका के कैलिफोर्निया में हाल ही में भारतीय मूल के एक परिवार के चार लोगों का पहले अपहरण हुआ और बाद में उनकी हत्या कर दी गयी। इस घटना के सामने आने के बाद अमरीका से लेकर भारत तक में हड़कंप मचा हुआ है। इस घटना के बारे में पुलिस ने शॉकिंग खुलासा किया है कि इन चारों लोगों की हत्या करनेवाला शख्स एक ही है। उसने 11 साल जेल में काटे हैं और वो भी डकैती के केस में। यह वाकया 2005 का है, जब उसे गिरफ्तार किया गया था और 2015 के अंत में उसे रहा गया गया था। तब भी उसने डकैती के साथ अपहरण की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी कुछ सनकी किस्म का है और इस पर रह-रहकर सनक सवार होती रहती है। हालांकि, अमरीकी पुलिस अधिकारी अब तक ये पता नहीं लगा सके हैं कि इस शख्स ने परिवार के लोगों का अपहरण क्यों किया था।

## शराब घोटाले में ईडी ने की 36 ठिकानों छापेमारी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की नयी आबकारी नीति और कथित शराब घोटाले में भ्रष्टाचार को लेकर प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई लगातार देश में कई राज्यों में छापेमारी कर रही है। शुक्रवार को भी ईडी ने इस मामले में देशभर के अलग-अलग करीब 35 ठिकानों पर छापामार कार्रवाई की है। गौरतलब है कि शराब घोटाले के मामले में दिल्ली के डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया के आवास और दफ्तरों पर भी सीबीआई की छापेमारी हुई है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने दिल्ली, पंजाब और आंध्र प्रदेश में करीब 35 जगहों पर छापेमारी की है। ईडी ने शराब घोटाले के मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था, इसके बाद शराब कारोबारी समीर महेंद्रू को भी गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा ईडी ने आबकारी नीति में घोटाले के आरोपी विजय नायर को 20 अक्टूबर 2022 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। उसकी न्यायिक हिरासत छह अक्टूबर तक थी। नायर आम आदमी पार्टी (आप) के संचार प्रभारी हैं। उसे दिल्ली सरकार की आबकारी नीति से संबंधित अनियमितताओं में उनकी भूमिका के लिए गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने गुरुवार को इवेंट कंपनी ओनली मच लाउडर (ओएसएल) के पूर्व सीईओ और आम आदमी पार्टी के वर्तमान संचार प्रभारी विजय नायर को दिल्ली आबकारी नीति की अनियमितताओं के सिलसिले में 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है।




## 1962 के बाद मंडरा रहा सबसे बड़ा परमाणु खतरा : बाइडेन

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** जो बाइडेन का कहना है कि पुतिन की परमाणु हथियार चलाने की धमकी ने 60 साल बाद सबसे बड़ा परमाणु खतरा पैदा कर दिया है। इससे पहले 1962 में क्यूबा मिसाइल संकट के दौरान दुनिया पर परमाणु युद्ध का खतरा मंडराया था। न्यूयॉर्क में अपनी पार्टी के एक आयोजन, डेमोक्रैटिक डोनर्स को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि क्यूबा के मिसाइल संकट के बाद पहली बार, हमारे सामने परमाणु हथियार इस्तेमाल करने का सीधा खतरा है और हालात भी उसी तरफ बढ़ते लग रहे हैं। जो बाइडेन के मुताबिक वे पुतिन के युद्ध अभियान को लड़खड़ाने की तरकीबें निकाल रहे हैं। बाइडेन कहते हैं कि रूसी राष्ट्रपति की रणनीतिक परमाणु हथियार या जैविक और रासायनिक हथियारों की बात कोई



चुटकुला नहीं है, क्योंकि उनकी सेना, आप कह सकते हैं कि बुरा प्रदर्शन कर रही है।

**क्या था क्यूबा का मिसाइल संकट :** शीत युद्ध (1945-91) के दौरान 1962 में सोवियत संघ के तत्कालीन राष्ट्रपति निकिता खुर्शचेव ने अमेरिका के पड़ोसी क्यूबा में मिसाइलें तैनात कर दी। अमेरिका से मात्र 150 किलोमीटर दूर तैनात की गयी इन मिसाइलों में परमाणु हथियार ढोने वाली मिसाइलें भी थीं, यह जानकारी सामने आने के बाद तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी ने अपनी नौसेना को पूरी तरह क्यूबा को घेरने का आदेश दिया। केनेडी ने साफ जता दिया कि वे अमेरिका के पड़ोस में परमाणु मिसाइलें बर्दाश्त नहीं करेंगे। सोवियत संघ और अमेरिका की तरफ से किसी भी अंजाम तक जाने के बयान आने लगे। क्यूबा पर अमेरिकी हमले की तैयारियां होने लगीं। करीब 32 दिन के तनाव के बाद 26 अक्टूबर 1962 को खुर्शचेव ने एक संदेश भिजवाया कि वह मिसाइलें हटाने को तैयार हैं, लेकिन अमेरिका को वादा करना होगा कि वह क्यूबा पर हमला नहीं करेगा। इस पर दोनों पक्ष राजी हुए और मिसाइल संकट और परमाणु युद्ध का खतरा ठंडा पड़ा।

### परमाणु हमले का नया खतरा

**अब** 60 साल बाद, यूक्रेन युद्ध में उलझे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पश्चिमी देशों को परमाणु हमले की चेतावनी दे रहे हैं। 24 फरवरी 2022 को रूसी सेना ने अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पार जाकर यूक्रेन पर हमला कर दिया। आठ महीने की जंग के बाद यूक्रेन के चार हिस्सों पर रूसी सैनिकों का कब्जा है। लुहांस्क, डोनेत्स्क, जापोरिझिया और खेरसॉन नाम के इन इलाकों में जनमत संग्रह भी करवाया जा चुका है। जनमत संग्रह के नतीजों के बाद रूसी संसद और पुतिन ने इन चार इलाकों को रूस में शामिल करनेवाले दस्तावेजों पर दस्तखत कर दिये हैं। यूक्रेन और पश्चिमी देशों का कहना है कि वह विभाजित इलाकों को कभी रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता नहीं देंगे। अमेरिका समेत पश्चिमी देशों ने यूक्रेन को हथियारों की नयी खेप देने का ऐलान भी किया है। पश्चिम से मिल रहे अत्याधुनिक हथियारों के दम पर यूक्रेनी सेना कई इलाकों से रूसी सेना को पीछे धकेल रही है। यूक्रेन में लगते इन झटकों के बीच रूस का कहना है कि रूसी सेना छोड़े गये इलाके वापस लेगी।

## न्यूज गैलरी

### अमेजन ने की 'प्राइम फ्राइडे' की घोषणा

रांची। अमेजन इंडिया ने शुक्रवार को इस ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान प्राइम मेंबर्स के लिए 'प्राइम फ्राइडे' को शुरू करने की घोषणा की है। 7 अक्टूबर से शुरू होने वाले 'प्राइम फ्राइडे' में प्राइम मेंबर्स महीने भर तक चलने वाले फेस्टिव उत्सव में आकर्षक ऑफर्स, बड़ी बचत, सभी कैटेगरी में शॉपिंग बेनेफिट्स, प्राइम वीडियो और प्राइम म्यूजिमक पर एंटरटेनमेंट आदि का लुत्फ उठा सकते हैं। प्राइम फ्राइडे अपने साथ लेकर आता है एक सिंगल डे में प्राइम के सबसे बेहतर ऑफर जहां प्राइम मेंबर्स सभी श्रेणियों में आकर्षक ऑफर्स और बड़ी बचत का फायदा उठा सकते हैं, इनमें शामिल हैं स्मार्टफोंस, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, एप्लाएंसेस, अमेजन डिवाइसेस, फैशन एंड ब्यूटी, होम एंड किचन, फर्नीचर, दैनिक आवश्यक वस्तुओं के साथ एक्सटेंडेड वारंटी और स?क्रीन रिप्लेसमेंट, नो कॉस्ट ईएमआई ऑप्शन, अमेजन पे रिवार्ड, प्राइम वीडियो पर नई रिलीज और ट्रेलर, प्राइम म्यूजिक पर दिवाली स्पेशल प्लेलिस्ट, अमेजन फूड पर टॉप रेस्टोरेंट्स की ओर से प्राइम एक्सक्लूसिव कैशबैक और फ्री डिलीवरी के रूप में अतिरिक्त वैल्यू एडिशन और बहुत कुछ। प्राइम फ्राइडे इस फेस्टिव सीजन को ज्यादा मजेदार और सुविधाजनक बनाने के लिए करता है बेहतर शॉपिंग, सेविंग और एंटरटेनमेंट की पेशकश।

### 29 वां आठ दिवसीय एक्युप्रेशर सह चुंबकीय प्रशिक्षण शिविर 9 अक्टूबर से अग्रसेन भवन में

रांची। डॉ. लालचंद बगड़िया एक्यूप्रेशर संस्थान रांची के तत्वधान में 29 वां आठ दिवसीय एक्यूप्रेशर सह चुंबकीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 9 से 16 अक्टूबर तक महाराजा अग्रसेन भवन रांची में किया गया है। संस्थान के अध्यक्ष रामाशंकर बागड़िया ने बताया है कि इस एक्यूप्रेशर सह चुंबकीय प्रशिक्षण शिविर मे सुप्रसिद्ध एक्यूप्रेशर डॉ. संतोष कुमार झा द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। शिविर में शरीर के विभिन्न अंगों के बारे में संपूर्ण जानकारी दिया जाएगा। तथा विभिन्न रोगों जैसे हृदय रोग, किडनी, लिवर, गॉलब्लैडर, पेट संबंधित रोग थायराइड, स्पाइन, सर्वाइकल, मस्तिस्क, डायबिटीज, जोड़ों का दर्द, लकवा, गठिया तथा अन्य सभी रोगों का सरल एवं दवा रहित उपचार का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 अक्टूबर को सुबह 7:00 बजे अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि प्रशिक्षणार्थी का नाम पंजीकरण अतिशीघ्र करा कर शिविर से लाभ उठाएं।

### पुंदाग में महाभंडारा कल

रांची। श्रीकृष्ण प्रणामी सेवाधाम ट्रस्ट की ओर से रविवार को पुंदाग में निमार्णाधीन मंदिर परिसर में दिन के 12.30 बजे से अन्नपूर्णा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। संगठन के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण होगा।

### एसएसपी ने कराया समझौता अब मेन रोड नहीं जाएगा जुलूस

रांची। रांची में पैगम्बर मोहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश पर नौ अक्तूबर को निकाले जाने वाले जुलूस को लेकर चल रहा विवाद शुक्रवार का थम गया। रांची एसएसपी किशोर कौशल ने समर्थन और विरोध करने वालों के बीच समझौता कराया। इसके बाद घोषणा की गई कि जुलूस-ए-मोहम्मदी अब मेन रोड नहीं जाएगा। जुलूस मुहल्लों में ही निकलेगा। सुन्नी बरेलवी सेंट्रल कमेटी ने मेन रोड में जुलूस नहीं निकालने का ऐलान किया था। शहर की कई तंजीमों ने कमेटी के फैसले का विरोध किया था। कई तंजीमों की बैठक कांटाटोली में हुई, जिसमें जुलूस-ए-मोहम्मदी शानो-ओ-शौकत से मेन रोड में निकालने का निर्णय लिया था। इससे सेंट्रल कमेटी और अन्य तंजीमों के बीच विवाद शुरू हो गया था। इसी विवाद को सुलझाने के लिए शुक्रवार को एसएसपी ने कांटाटोली मौलाना आजाद कॉलोनी में दोनों समितियों के लोगों के साथ बैठक की। बैठक में समिति के लोगों ने एसएसपी को विवाद से अवगत कराया। एसएसपी ने उन्हें बताया कि रांची में नौ अक्तूबर को अंतरराष्ट्रीय मैच होने वाला है। जुलूस के दौरान अगर किसी तरह की अप्रिय घटना घटती है तो न सिर्फ रांची बल्कि पूरे राज्य की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बदनामी होगी। उनकी बात सुनने के बाद दोनों समितियों ने जुलूस-ए-मोहम्मदी मेन रोड में नहीं निकालने का ऐलान किया। बैठक में सेंट्रल कमेटी के अध्यक्ष मौलाना बरकाती, उपाध्यक्ष शकील हबीबी के अलावा जमीअतुर कुरैश के मुजीब कुरैशी, अंजुमन इस्लामिया नूरिया के अध्यक्ष हाजी सऊद आलम, मोईज अख्तर भोलू समेत कई लोग मौजूद थे।

बढ़ते घटनाओं पर दीपक प्रकाश ने सरकार पर बोला हमला, कहा-

# दुष्कर्म जैसी घटनाओं को रोकने में झारखंड सरकार हो रही असफल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को हेमंत सरकार पर कड़ा हमला बोला और राज्य के बदहाल विधि व्यवस्था एवं महिलाओं के साथ बढ़ते दुष्कर्म की घटनाओं केलिए मुख्यमंत्री को सीधे तौर पर जिम्मेवार ठहराया। श्री प्रकाश ने कहा कि राज्य में महिलाओं के साथ बढ़ रहे दुष्कर्म की घटनाओं से झारखंड देश भर में शर्मसार हुआ है। बहन बेटियों के साथ हो रहे बलात्कार की घटनाओं में राज्य ने रिकॉर्ड बनाया है। सरकारी आंकड़ों के हिसाब से पिछले 33 महीनों में प्रतिदिन औसत 5 बलात्कार की घटनाएं प्रदेश में रोज घटित हुई हैं। श्री प्रकाश ने कहा कि अब बहन बेटियां अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। दो महीना पहले दुमका की अंकिता को घर में सोते हुए पेट्रोल छिड़ककर जला दिया गया और बीती रात जरमुंडी की बेटी के साथ भी ऐसी ही वारदात हुई। उन्होंने कहा कि इस सरकार में अब पुलिस कर्मी जिनके ऊपर जनता की सुरक्षा का दायित्व है वे भी बलात्कार की घटनाओं को अंजाम दे रहे। श्री प्रकाश ने कहा कि ऐसी भयावह स्थिति प्रदेश की जनता ने कभी महसूस नही किया। उन्होंने कहा कि इन सारी घटनाओं केलिए मुख्यमंत्री और उनके सरकार की नीतियां जिम्मेवार है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि गंभीर घटनाओं पर सरकार की उदासीनता भी चिंता की बात है। चाहे दुमका में अंकिता के साथ घटित घटना हो या जरमुंडी की घटना इलाज केलिए जितनी तत्परता और व्यवस्था राज्य को करनी चाहिए थी उसमे यह सरकार पूरी तरह विफल रही है।

### देशप्रिय क्लब में विजया सम्मेलन

**रांची।** देशप्रिय क्लब में बांग्ला सांस्कृतिककर्मी वृंद के सहयोग से शुक्रवार को विजया सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें रवींद्र संगीत की प्रसिद्ध गायिका अदिति गुप्ता ने अपने सुमधुर गीतों से संगीतप्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में बंग समुदाय के लोगों ने इस संगीत संध्या का आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत देशप्रिय क्लब के सदस्यों की गीत प्रस्तुति से हुई। शिउली फूल शिउली फूल, केमोन भूल एमोन भूल..., को श्रोताओं ने पसंद किया। वहीं, बांग्ला सांस्कृतिककर्मी वृंद के कलाकारों ने- प्राणो भोरिये तृषा होरिए... गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद गायिका अदिति गुप्ता ने मंच संभाला और एक के बाद एक सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देकर संगीतप्रेमियों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने जोदि तोर डाक सुने कोय ना आशे..., ओगो तुमि पंचो दोशी... और वासंती भुवन मोहिनी..., जैसे गीत सुनाकर समा बांधा।

## फीफा अंडर-17 विश्वकप में झारखंड से चयनित सभी खिलाड़ियों को दी बधाई




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पेरालिंपिक कमिटी ऑफ झारखंड के स्टेट कोऑर्डिनेटर कमल कुमार अग्रवाल एवं स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर संजय सर्राफ ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम में झारखंड की छह खिलाड़ियों के चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा है कि फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप में झारखंड के गुमला जिले के बिशुनपुर गांव की अष्टम उरांव को भारतीय टीम का कप्तान बनाए जाने तथा झारखंड की 6 बेटियां एक साथ विश्व कप में खेलना झारखंड के लिए गर्व की बात है। उन्होंने ना सिर्फ माता-पिता का नाम रोशन किया है बल्कि यह साबित कर दिया है कि झारखंड जैसे पिछड़े प्रदेश में प्रतिभावान की कमी नहीं है गांव की पगडंडियों पर अभ्यास कर विश्वस्तरीय खेल के लिए चयनित होना बहुत बड़ी उपलब्धि एवं गौरव की बात है। उन्होंने पूरे देश में झारखंड का नाम को रोशन करते हुए गौरवान्वित की है। पेरालिंपिक कमेटी ऑफ झारखंड ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम में चयनित सभी खिलाड़ियों तथा भारतीय टीम की कप्तान झारखंड की अष्टम उरांव, नीतू लिंडा, अंजलि मुंडा, अनिता कुमारी, पूर्णिमा कुमारी तथा सुधा अंकिता तिर्की को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। भारत का पहला मैच 11 अक्टूबर को अमेरिका से होगा।

गोमिया विधायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर की मांग, कहा

# नियुक्ति से पहले सरकार जारी करे स्थानीय नीति व आरक्षण का संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से झारखंड राज्य के लोगों के हित में 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति लागू करने और झारखंड राज्य के अनुसूचित जनजातियों, अनुसूचित जातियों, अत्यंत पिछड़ी जातियों, पिछड़ी जातियों एवं सामान्य वर्ग के लोगों के लिए अलग-अलग आरक्षण देने से संबंधित कैबिनेट के निर्णयों का संकल्प जारी करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अब तक राज्य सरकार ने लिए गए दोनों निर्णय को लागू करने से संबंधित संकल्प जारी नहीं किया है, जबकि 14 सितंबर को हुई कैबिनेट की बैठक में दोनों पर सहमति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि इस बीच राज्य सरकार द्वारा कई विभागों में नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। यदि दोनों निर्णय के लागू होने से पहले ओर राज्य सरकार नियुक्ति करती है तो झारखंड राज्य के लाखों स्थानीय अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग के लोगों को अपनी नियुक्तियों से वंचित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड राज्य के अनुसूचित जनजातियों को 28 प्रतिशत, अनुसूचित जातियों को 12 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ी जातियों को 15 प्रतिशत, पिछड़ी जातियों को 12 प्रतिशत और सामान्य वर्ग के आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़े हुए लोगों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया है राज्य सरकार द्वारा लिए गए दोनों निर्णय का झारखंड राज्य की जनता ने स्वागत भी किया है। उन्होंने इसे लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र भी लिखकर उनसे से इस संदर्भ में समुचित कार्रवाई करने करने का भी आग्रह किया है।

### इटकी में झुंड से बिछड़े हाथी ने वृद्धा को कुचला, मौत

**इटकी।** प्रखंड के कुल्ली छेछनदहा जंगल के पास झुंड से बिछड़े हाथी ने वृद्धा को कुचलकर मार डाला। गुस्साए गजराजों ने शव के कई टुकड़े कर दिए। घटना शुक्रवार की सुबह लगभग सात बजे की है। वृद्धा मानो उराइन (60वर्ष) कुल्ली गांव की निवासी थी। इधर, सूचना मिलने पर शव लेने गई थाना की पुलिस भी हाथी के चिग्घाड़ से भाग खड़ी हुई। वहीं भागने क्रम में कई पुलिसकर्मी भी चोटिल हो गए। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से कई टुकड़े में क्षत-विक्षत शव को एकत्रित कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। बताया जाता है कि मानो उराइन अपने पति रघु उरांव के साथ सुबह छह बजे खेत में धान की फसल को देखने गई थी, जहां हाथी ने उसे कुचल दिया। वृद्धा को कुचलने के बाद हाथी तब तक उसे पटकता रहा जब तक उसके शव के टुकड़े-टुकड़े नहीं हो गए। हाथी ने मानो के हाथ, पैर, सिर, और धड़ के दर्जन भर टुकड़े कर दिए। रघु के अनुसार हाथी काफी गुस्से में था। उसने रघु को भी खदेड़ा था, परंतु वह भागने में सफल रहा।

# शरद पूर्णिमा के स्वागत में जुटा श्री श्याम मित्र मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शरद पूर्णिमा रविवार को है। इसके साथ ही शरद ऋतु मौसम का आगाज हो जाता है। श्री श्याम मित्र मंडल भी शरद पूर्णिमा का स्वागत में जुट गया है। खाटू धाम के श्री श्याम मंदिर व हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शरद पूर्णिमा उत्सव रविवार 10 अक्टूबर में विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित होगा। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी व महामंत्री विश्वनाथ नर्सरिया ने बताया कि शरद पूर्णिमा रविवार को संपूर्ण मंदिर परिसर पूर्णिमा के संपूर्ण चंद्रमा की भांति श्वेत रूप में जगमग जगमग करेगा। उत्सव के लिए मंडल के सदस्य स्नेह पोद्दार के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया है। समिति में सर्व पवन गोयंका, श्रवण, अनिल नारनौली, स्नेहा पोद्दार, पंकज गाड़ोदिया, विकास मोदी, संजय सराफ, रतन शर्मा, अरविंद सोमानी, आनंद मालपानी, प्रदीप मोदी,उत्कर्ष लोहिया, आदि को कार्य का दायित्व दिया गया है। श्रीनारसरिया ने बताया कि प्रात 9:00 बजे श्री शालिग्राम पूजन तथा श्री



सतनारायण कथा आयोजन होगा । भक्तों को प्रसाद वितरण किया जाएगा। शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में विराजमान सभी देवी देवताओं व गुरुजनों को श्वेत सफेद वस्त्र पहनाया जाएगा। लगभग 421 किलो के सुगंधित रजनीगंधा के पुष्पों फूलों की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश दरबार श्री हनुमान मंदिर श्री शिव परिवार लड्डू गोपाल शालिग्राम गुरुजन को भव्य रूप से सजाया जाएगा। सभी फूल विशेष रूप से कोलकाता से आ रहे हैं। खाटू नरेश को श्वेत आभूषणों से सजाया जाएगा। श्वेत वस्त्र ,श्वेत लाइट, श्वेत फूल, श्वेता भूषण, प्रसाद से श्री श्याम मंदिर अलग रूप में भक्तों का स्वागत करेगा। मुख्य समारोह रात्रि 9:00 बजे प्रारंभ होगा मंडल के युवा सदस्य श्री उत्कर्ष लोहिया अपनी माता श्री श्रीमती शारदा लोहिया के संग खाटू नरेश की अखंड ज्योति प्रज्वलित कर प्रसाद खीर पूरी पेड़ा व काजू मेवा का भोग अर्पित करेंगे। इसके बाद श्री श्याम संघ रांची के युवा भक्तों की टोली एवं प्रसिद्ध भजन गायिका श्वेता अग्रवाल द्वारा सुमधुर भजनों का गायन किया जाएगा । सुंदर भजनों का गायन कार्यक्रम देर रात तक चलेगा। अमृत रूपी प्रसाद का वितरण निरंतर किया जाएगा। मंडल के मंत्री श्री गौरव अग्रवाल मोनू एवं कार्यक्रम के संयोजक स्नेह पोद्दार ने भक्त जनों से कार्यक्रम में पधारने का निवेदन किया है।

### आज श्री श्याम भंडारा

श्री श्याम मित्र मंडल के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शनिवार को हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 31वां श्री श्याम भंडारा साईं 5:00 से होगा। चुटिया निवासी श्री प्रमोद पोद्दार श्रीमति पूनम पोद्दार परिवार संघ श्री श्याम भंडारे की सेवा निवेदित करेगें। मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने सभी जानकारी दी।

## कुरमियों ने आदिवासियों के संवैधानिक अधिकार लेने के खिलाफ होगा आंदोलन

**रांची।** आदिवासियों के संवैधानिक हक-अधिकार को कुरमी समुदाय द्वारा लिए जाने के खिलाफ आंदोलन होगा। नगड़ा टोली सरना भवन में आदिवासी अधिकार रक्षा मंच की बैठक में यह तय किया गया। बैठक में सभी आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मंच के नेता लक्ष्मीनारायण मुंडा ने कहा कि भाजपा और उनकी केंद्र सरकार इस मामले में राजनीति करना बंद करे। उन्होंने कहा कि इसी कुरमी-कुड़मी वोट बैंक के खेल व लोभ में झामुमो, टीएमसी, आजसू जैसी पार्टियां भी शामिल हैं। इतने बड़े आदिवासी समुदाय के हितों को नजरअंदाज करते हुए ये राजनीतिक पार्टियां महज राजनीति रोटी सेंकने की फिराक में है। मौके पर आगामी आंदोलन की रणनीति बनाई गई। बैठक के अंत में तदर्थ कमेटी का गठन किया गया। इसमें समन्वयक लक्ष्मीनारायण, सह समन्वयक अजित उरांव, महिला प्रभारी निरंजना हेरेंज, मीडिया प्रभारी अभय भुटकुंवर, युवा प्रभारी डब्ल्यू मुंडा को बनाया गया। इसके अलावा संगठन के संचालन के लिए सभी आदिवासी संगठन, सरना संगठन व आदिवासी एक्टिविस्ट का भी सहयोग लेने पर सहमति बनी।

### गुतरू मेला में उमड़ी भीड़ खूब बिके घरेलू सामान

**ठाकुरगांव।** बुढ़मू प्रखंड का ऐतिहासिक गुतरू मेला शुक्रवार को हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हो गया। मेला में ईख, मिठाई समेत घरेलू सामानों की बिक्री जमकर हुई। गुतरू मेला के संबंध में मान्यता है कि मेला से ही शादी-विवाह के लिए लड़का और लड़की पक्ष द्वारा बात आगे बढ़ाई जाती है। इससे पहले मेला का उद्घाटन विधायक समरीलाल, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहू, जिला परिषद सदस्य मनोज वाजपेयी, रामजीत गंझू, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष पार्वती देवी और जगजीवन महतो ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने कहा कि जतरा सभी संप्रदाय को जोड़ने का सशक्त माध्यम है। मेला में बुढ़मू समेत खलारी, लातेहार, रामगढ़, चतरा, हजारीबाग के लोग शामिल हुए।

# झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी ने लाभार्थियों को मधुमक्खी पालन का 15 दिवसीय दिया प्रशिक्षण




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शुक्रवार को टीआरटीसी, चाईबासा में झारखंड ट्राइबल डेवलपमेंट सोसाइटी के आयोजन से एवं भारतीय लोककल्याण संस्थान के क्रियान्वयन मधुमक्खी पालन एवं मधु प्रसंस्करण परियोजना के अंतर्गत लाभार्थियों के प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला पशुपालन पदाधिकारी, चाईबासा सुधाकर मुंडा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी टोंटो सरस्वती चम्पिया एवं जेटीडीएस की जिला परियोजना प्रबंधक अनिता मंजू हासा एवं भारतीय लोक कल्याण संस्थान के सचिव के चंद्रदेव सिंह के कर कमलों से दीपशिखा प्रज्ज्वलित कर किया गया। भारतीय लोककल्याण संस्थान के द्वारा और झारखंड ट्राइबल डेवलोपमेन्ट सोसाइटी के आयोजन से 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यकम किया जा रहा है। प्रशिक्षण का कार्य मुख्य प्रशिक्षक अशोक कुमार की निगरानी में सहायक प्रशिक्षक लवकुश कुमार और राकेश कुमार हैं मुख्य प्रशिक्षक का मधुमक्खी पालन में 30 वर्षो का अनुभव है और अपने अनुभव को उन्होंने लाभुकों से साझा किया। इस परियोजना के अंतर्गत टोंटो ब्लॉक के सिरिंगसिया (18) एवं सगरकत्ता ग्राम के 36 और खूंटपानी ब्लॉक के रोरो(20) ओर पेटापेटी(20) ग्राम के 40, कुल 76 लाभार्थी प्रशिक्षण में शामिल हुए। संस्थान के सचिव ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह, एवं परिसंस्कृत शहद का डब्बा देकर सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। सचिव चंद्रदेव सिंह जी ने प्रतिभागियों से अपील की कि वो इस परियोजना के अंतर्गत प्रशिक्षण में संजीदा तरीके से हिस्सा ले और मधु क्रांति की शुरूआत करें। सचिव जी ने मधुमक्खी पालन से मधु संस्करण तक के सभी उपकरण उपलब्ध कराने एवं उत्पादों का बाजारीकरण तक में सहयोग करने की बात कही जिस से की परियोजना का लक्ष्य पाया जा सके। डॉक्टर सुधाकर मुंडा ने लोगों को बढ़-चढ़कर प्रशिक्षण में हिस्सा लेने एवं परियोजना के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। जिला परियोजना पदाधिकारी अनिता मंजू हासा ने ग्रामीणों को मधुमक्खी पालन से होने वाले लाभ एवं उत्पादों के विभिन्न उपयोगों का संछिप्त विवरण दिया, इसके अलावा उन्होंने लाभार्थियों से अपील की जेटीडीएस के सहयोग से जीविकोपार्जन को बढ़ाये एवं काम के प्रति प्रयासरत रहें।

## पृष्ठ एक के शेष

**दुमका में फिर पेट्रोल कांड...**

शादी करना चाहता था, जबकि वह पहले से शादीशुदा है। इसके बाद भी वह उससे एकतरफा प्यार करता था। जैसे ही लड़की ने इनकार किया तो पेट्रोल डालकर जला दिया। बताया जा रहा है कि 19 साल की मारुति कुमारी आग में बुरी तरह से झुलस गयी।

**पीड़िता ने पुलिस को दिये बयान में बतायी पूरी कहानी :** घटना की सूचना मिलते ही एसडीपीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और पीड़िता का बयान दर्ज किया गया। पीड़िता ने बताया कि गुरुवार रात करीब 9 बजे राजेश दरवाजे की कुंडी तोड़कर अंदर घुसा था। मेरी नींद लगी ही थी। उसने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। जब शरीर जलने लगा तो मेरी नींद खुली और चीखने लगी। तभी राजेश को घर से भागते देखा। उसने तीन दिन पहले कहा था अगर तुम मुझसे शादी नहीं करोगी तो तुम्हें जला कर मार दूंगा।

**बाबूलाल ने सरकार पर बोला हमला, कहा - चुप्पी तोड़ें मुख्यमंत्री**

भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने भी ट्वीट कर कहा कि इस राज्य में कितनी बेटियां ध्वस्त हो चुके कानून-व्यवस्था की कीमत जान गंवाकर चुकायेगी? अत्यंत दुःखद। परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। विनम्र श्रद्धांजलि। ॐ शांति। उन्होंने कहा कि झारखंड पुलिस को इन सवालों का जवाब देना होगा। आखिर किसके संरक्षण में सत्ताधारी सोरेन परिवार की राजनैतिक कर्मभूमि दुमका-संताल परगना में अपराधी-पुलिस दोनों बेलगाम हुए हैं? मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी, चुप्पी तोड़िये। दुमका और पूरे संताल परगना के लोग उबल रहे हैं। जवाब तो बनता है।

**साइबर अपराध रोकने के लिए बना...**

रोकने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने ज्वाइंट साइबर इंवेस्टिगेशन टीम बनायी है। इस टीम में अलग-अलग मॉडयूल से प्रभावित राज्यों की पुलिस के साथ साथ गृह मंत्रालय के अफसरों की टीम भी शामिल है। जामताड़ा माड्यूल में जामताड़ा, देवघर, गिरिडीह, धनबाद जिलों में सक्रिय साइबर अपराधियों की संलिप्तता है। वहीं, बिहार के नवादा, नालंदा, शेखपुरा व गया में भी इसी गिरोह के अपराधियों की संलिप्तता सामने आयी है। वहीं, संताल परगना से सटे बंगाल के जिलों में भी साइबर अपराधियों की सक्रियता रही है। ऐसे में जामताड़ा मॉडयूल में बिहार व बंगाल को भी प्रभावित राज्यों की श्रेणी में रखा गया है।

**साइबर अपराध से मुक्ति के लिए कई योजनाएं :** बीते कुछ माह पूर्व गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम ने साइबर अपराध से प्रभावित जामताड़ा व देवघर जिला का दौरा किया था। जामताड़ा व देवघर में जिन इलाकों को हॉट स्पाट के तौर पर चिन्हित किया गया था, उन जगहों में युवाओं को रोजगार के विकल्प देने, साइबर जगत से जुड़ी नौकरियों या स्वरोजगार से जोड़ने की पहल करने से जुड़ी रिपोर्ट तैयार की गयी थी। वहीं, साइबर अपराधियों के खिलाफ एक्शन ली जा सके, इसे लेकर भी पांच राज्यों की कार्डिनेशन कमेटी की बैठक में चर्चा हुई थी। झारखंड, बिहार, बंगाल, ओड़िसा व छतीसगढ़ पुलिस ने साइबर अपराधियों समेत अन्य अपराधियों की सूची का आदान प्रदान किया था, ताकि कार्रवाई की जा सके।

**बिरसा आवास को दिखाकर फर्जी तरीके से...**

एवं प्रखण्ड कर्मी के मिलीभगत से पुराने बिरसा आवास को रंग पेंट कर एवं अल्बेस्टर लगा कर लाखो रुपये की उगाही किया गया। जबकि की सरकार आदिम जनजाति परिवार को ज्यादा योजना का लाभ देकर उनकी भविष्य को सुधारने का प्रयास कर रही है। वहीं प्रखण्ड कर्मी दलाल के माध्यम से आदिम जनजाति के अशिक्षित होने का फायदा उठाते हुए सरकारी पैसा की उगाही करने में लगे हुए हैं। इस संबंध में पूछे जाने पर स्वयंसेवक उपेंद्र पाल ने कहा कि मुझे जानकारी नहीं है । इस संबंध मिल बैठ कर बात कर लिया जायेगा। वहीं इस सबन्ध मे रोजगार सेवक तहमीद अंसारी ने बताया कि मुझे इसके बारे में कोई जानकारी नही है।

**क्या कहते हैं कॉर्डिनेटर:** प्रधानमंत्री आवास के प्रखण्ड कोर्डिनेटर सिराज अहमद ने मजे की बात तो ये कहा कि हम विश्वास करके लाभुक के खाता में पैसा डाल देते हैं मुझे इसकी जानकारी नही है। जबकि सरकार का आदेश है कि पैसा डालने से पहले आवास निर्माण कार्य को देखकर ही पैसा डालना है।

**क्या कहते हैं मुखिया:** इस संबंध में पंडरिया पंचायत के मुखिया गायत्री देवी ने कहा कि मेरे रीजन का आवास नही है। अगर इस तरह का मामला है तो उच्च अधिकारी को कार्रवाई के लिए लिखेंगे।

**क्या कहते है बीडीओ:** इस संबंध में पूछे जाने पर बीडीओ जयपाल महतो ने कहा कि हमें जानकारी नहीं है। अगर ऐसा मामला है तो जांच कर जो भी दोषी होंगे,उनपर कार्रवाई की जाएगी ।

**क्या कहते हैं मंत्री आलमगीर आलम:** इस संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है । अगर ऐसा पाया जाता है तो जो भी उस में सम्मिलित होंगे,उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**क्या शिंदे व ठाकरे गुट को नया पार्टी नाम...**

उद्धव ठाकरे खेमा के पास ही रह सकता है। लेकिन चुनाव आयोग को फैसला करना है और जो हालात हैं, उसमें चुनाव आयोग यह भी कर सकता है कि पार्टी का नाम व सिंबल सीज करके, दोनों खेमे को अलग-अलग पार्टी नाम व चुनाव चिन्ह दे सकता है। जबकि कुछ का कहना है कि चुनाव आयोग और भी कुछ कर सकता है। लेकिन यह होने पर उसको सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है।

**ज्ञानवापी परिसर के शिवलिंग की...**

की आयु का अनुमान लगाया जाता है। आम तौर पर कार्बन डेटिंग की मदद से केवल 50 हजार साल पुराने अवशेष का ही पता लगाया जा सकता है। पत्थर और चट्टानों की आयु इससे ज्यादा भी हो सकती है। हालांकि, कई अप्रत्यक्ष विधियां भी हैं जिनसे पत्थर और चट्टानों की आयु का पता लगाया जा सकता है। कार्बन डेटिंग के लिए चट्टान पर मुख्यतः कार्बन-14 का होना जरूरी है। यदि ये चट्टान पर न भी मिले तो इस पर मौजूद रेडियोएक्टिव आइसोटोप के आधार पर इसकी आयु का पता लगाया जा सकता है।

**1949 में हुई थी कार्बन डेटिंग के विधि की खोज :** कार्बन डेटिंग के विधि की खोज 1949 में हुई थी। अमेरिका के शिकागो यूनिवर्सिटी के विलियर्ड फ्रैंक लिबी और उनके साथियों ने इसका आविष्कार किया था। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें 1960 में रसायन का नोबेल पुरस्कार दिया गया था। कार्बन डेटिंग की मदद से पहली बार लकड़ी की उम्र पता की गयी थी।

**केंद्र ने सीजेआई को उत्तराधिकारी बताने को...**

पब्लिक प्रॉसिक्यूटर नियुक्त किया गया था। जस्टिस ललित दो कार्यकालों के लिए सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया लीगल सर्विसेज कमेटी के सदस्य भी थे। क्रिमिनल लॉ विशेषज्ञ जस्टिस ललित 13 अगस्त, 2014 को बार से सुप्रीम कोर्ट के जज बने। बार से सीजेआई बननेवाले वे दूसरे जज हैं।

## न्यूज गैलरी

### बुमराह और जडेजा का बाहर होना अच्छा है, आगे नये चैम्पियन मिलेंगे : शास्त्री

**चेन्नई (एजेंसी)।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा चोटिल होने के कारण आगामी टी-20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। इन दोनों की टीम को कमी खलने वाली है, लेकिन शास्त्री का कहना है कि बुमराह और रविंद्र जडेजा के बाहर होने के कारण अब नए चैम्पियन को खोजने का मौका भी मिलेगा। बुमराह और जडेजा चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया में इस महीने शुरू होने वाले टी-20 विश्वकप में नहीं खेल पाएंगे। जडेजा का घुटना चोटिल है जबकि बुमराह पीठ की गंभीर समस्या से परेशान हैं। इन दोनों के चोटिल होने से भारत को करारा झटका लगा है। शास्त्री ने बी अरुण और आर श्रीधर के साथ मिलकर कोचिंग बियोंड नाम की अपनी नयी पहल के शुरूआत के अवसर पर कहा कि बुमराह वहां नहीं होगा, जडेजा वहां नहीं होगा और इससे टीम प्रभावित होगी लेकिन साथ ही यह नए चैंपियन ढूंढने का भी मौका होगा। उन्होंने कहा कि बुमराह की चोट दुर्भाग्यपूर्ण है। बहुत अधिक क्रिकेट खेला जा रहा है और खिलाड़ी चोटिल हो रहे हैं। वह चोटिल है लेकिन यह किसी दूसरे के लिए मौका भी है। चोट के मामले में आप कुछ नहीं कर सकते। बुमराह की जगह अभी तक किसी नये खिलाड़ी को नहीं चुना गया है लेकिन मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने संकेत दिये हैं कि यदि मोहम्मद शमी कोविड-19 से उबर कर पूर्ण फिटनेस हासिल कर लेते हैं तो उन्हें टीम में लिया जा सकता है।

### अर्जेंटीना में फुटबॉल मैच के दौरान आपस में भिड़े प्रशंसक, एक की मौत

**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** अर्जेंटीना फुटबॉल लीग के एक मैच के दौरान पुलिस और प्रशंसकों में भिड़ंत में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गयी और रैफरी को मैच रोकना पड़ा जबकि स्टेडियम के भीतर आंसूगैस छोड़ी गयी। जानकारी के अनुसार, अर्जेंटीना फुटबॉल स्टेडियम में गुरुवार रात जिम्नासिया और बोका जूनियर्स के बीच अर्जेंटीना लीग के मुकाबले के दौरान फैंस में भिड़ंत हो गयी। अधिकारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घरेलू टीम जिम्नासिया वाय एस्ग्रिमा के प्रशंसकों को पहले ही से खचाखच भरे स्टेडियम में प्रवेश नहीं मिला। पुलिस ने भीड़ पर रबर बुलेट और आंसू गैस के गोले भी छोड़े। इससे एक सप्ताह पहले ही इंडोनेशिया में फुटबॉल स्टेडियम के भीतर आंसू गैस छोड़ने से 131 लोग मारे गये थे। स्थानीय मंत्री सर्जियो बर्नी ने कहा कि एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। उसे दिल का दौरा पड़ा था। उन्होंने इससे अधिक कोई ब्यौरा नहीं दिया।

### सुपर जाइंट्स की टी-20 टीमों के वैश्विक मेंटोर बने गंभीर

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आरपी संजीव गोयनका ग्रुप ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और अपनी आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटोर गौतम गंभीर को अपने क्रिकेट संचालन मामलों का वैश्विक मेंटोर बनाया है। एलएसजी के साथ गंभीर अब दक्षिण अफ्रीका में आरपीएसजी समूह की टी-20 टीम डरबंस सुपर जाइंट्स के भी मार्गदर्शक होंगे। गंभीर के मार्गदर्शन में एलएसजी ने पहले ही सत्र में प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई किया। गंभीर ने कहा कि मैं सुपर जाइंट्स के वैश्विक मेंटोर के रूप में पूरी प्रतिबद्धता और जुनून के साथ काम करूंगा। सुपर जाइंट्स परिवार को विश्वस्तर पर अपनी छाप छोड़ते देखना सुखद पल है।

## सैमसन की जुझारू पारी के बावजूद भारत ने गंवाया पहला वनडे



**लखनऊ (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने लखनऊ के इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गये पहले वनडे मुकाबले में भारत को 9 से हरा दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने आयी अफ्रीकी टीम ने मलान और हेनरिक के अर्धशतकों की बदौलत चार विकेट खोकर 249 रन बनाये थे। जवाब में खेलने उतरी भारतीय टीम की ओर से भले ही श्रेयस अय्यर और संजू सैमसन ने अर्धशतक लगाये, लेकिन टीम ने 9 रन से मैच गंवा दिया। भारत को आखिरी ओवर में जीत के लिए 30 रन चाहिए थे, सैमसन ने 21 रन बनाकर दर्शकों की सांसें जरूर बढ़ायी, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाये। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने जानेमन मलान के 22 गेंदों में 44 तो क्विंटन डी कॉक के 54 गेंदों में 48 रनों की बदौलत अच्छी शुरुआत की थी। लेकिन तभी कुलदीप यादव ने एडन मार्कराम का विकेट निकालकर विंडीज खेमे में चिंता डाल दी। इस दौरान अफ्रीकी कप्तान बावुमा भी आठ रन बनाकर आऊट हो गए थे। साऊथ अफ्रीका 110 रन पर तीन विकेट गंवा चुका था तभी हेनरिक क्लासें व डेविड मिलर ने अर्धशतक जड़कर अपनी टीम को 249 रन तक पहुंचा दिया। भारत की ओर से शार्दुल ठाकुर ने दो विकेट लिये, जबकि रवि बिश्वोई व कुलदीप को 1-1 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही। ओपनिंग पर आये शुभमन गिल महज तीन रन बनाकर कागिसो रबाडा की खूबसूरत गेंद पर डाइव लगाने के चक्कर में बोल्ड हो गए। भारत को कप्तान धवन से उम्मीद थी लेकिन वह भी 16 गेंदों में 4 रन बनाकर पर्नेल की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद गायकवाड़ और ईशान किशन ने भारतीय पारी को संभाला। लेकिन जब तक स्कोर 51 तक पहुंचा गायकवाड़ 19 और ईशान 20 दोनों आऊट हो गए। इसके बाद श्रेयस अय्यर और सैमसन ने टीम को संभाला। अय्यर अर्धशतक पूरा करने के बाद एनगिड़ी की गेंद पर आऊट हो गए। लेकिन सैमसन नहीं रुके, उन्होंने शार्दुल ठाकुर के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। इसी बीच उन्होंने अपना अर्धशतक पूरा किया। शार्दुल का जब विकेट गिरा तो टीम इंडिया लक्ष्य का पीछा करती नजर आ रही थी। शार्दुल ने 31 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 33 रन बनाए थे। लेकिन उनके आऊट होते ही कुलदीप यादव 0, आवेश खान 3 रन बनाकर आऊट हो गए। आखिरी ओवर में भारत को जीत के लिए 30 रनों की जरूरत थी लेकिन संजू टीम इंडिया को लक्ष्य तक पहुंचा नहीं पाए। संजू सैमसन ने 63 गेंदों में 9 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 86 रनों की जुझारू पारी खेली।

## टी-20 वर्ल्ड कप शुरू होने से 15 दिन पहले ऑस्ट्रेलिया पहुंची टीम इंडिया

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज खत्म होने के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के लिए निकल गयी। टी-20 विश्व कप में भारत का पहला मैच 23 अक्टूबर को पाकिस्तान के साथ है, लेकिन इससे लगभग 15 दिन पहले भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया पहुंच जायेगी। टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बताया है कि भारतीय टीम इतनी जल्दी क्यों ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई और इससे क्या फायदा होगा। द्रविड़ ने बताया कि भारतीय टीम पर्थ में रहकर टी-20 विश्व कप की तैयारी करेगी। भारतीय खिलाड़ियों का पहला उद्देश्य ऑस्ट्रेलियाई पिचों के असामान्य उछाल और गति के साथ सामंजस्य बैठाना होगा। भारतीय टीम गुरुवार सुबह पर्थ के लिए रवाना हुई। ट्रेनिंग के बाद टीम इंडिया दो अभ्यास मैच भी खेलेगी। द्रविड़ ने कहा कि हमें पर्थ में कुछ समय बिताने का मौका मिलेगा और फिर वहां दो मैच होंगे। ऑस्ट्रेलिया गति और उछाल के मामले में काफी अलग है और हमारे कई खिलाड़ियों ने ऑस्ट्रेलिया में ज्यादा टी-20 क्रिकेट नहीं खेला है। हम खुद को थोड़ा और अभ्यास करने, अभ्यस्त होने और कुछ मैच खेलने के लिए समय देना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया में गति और उछाल के साथ अभ्यस्त होने में थोड़ा समय लगता है और उम्मीद है कि जब हम अभ्यास करेंगे, तो हमें पता होगा कि हमें कैसे खेलना है। हम रणनीति बनाने में सक्षम होंगे। समय से पहले ऑस्ट्रेलिया जाना महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारे पास एक युवा टीम है जिसने ऑस्ट्रेलिया में बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। इसलिए उम्मीद है कि इससे हमें मदद मिलेगी।

## महिला एशिया कप : पाकिस्तान ने भारत को 13 रन से हराया



**सिलहट (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए महिला एशिया कप 2022 के मुकाबले में भारत को 13 रन से हार का सामना करना पड़ा है। इससे पहले भारत ने लगातार मैचों में जीत दर्ज करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया था। भारतीय गेंदबाजों की कसी गेंदबाजी से पाकिस्तानी टीम निदा दार के नाबाद अर्धशतक के बावजूद छह विकेट पर 137 रन ही बना सकी। निदा ने 37 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 56 रन बनाए। उनके अलावा पाकिस्तान की कप्तान बिसमाह मारूफ ने 32 रन का योगदान दिया। भारतीय गेंदबाजों में दीप्ति शर्मा सबसे सफल रहीं जिन्होंने चार ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

उनके अलावा पूजा वस्त्राकर ने दो और रेणुका सिंह ने एक विकेट लिया। भारतीय महिला टीम के लिए लक्ष्य आसान लग रहा था लेकिन पाकिस्तानी गेंदबाजों ने इस नामुमकिन बना दिया। मेघना और स्मृति मंधाना ने टीम को सधी हुई शुरूआत तो दी लेकिन यह काफी नहीं था। वहीं, जेमिमा रोड्रिग्स जिन्होंने पिछले मैचों में शानदार प्रदर्शन किया पाकिस्तान के खिलाफ फेल हो गयी। भारत के नियमित अंतराल पर गिरते विकेट्स की वजह और किसी भी बल्लेबाज का ना टिकना भारतीय टीम के लिए भारी पड़ा और उसे हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम 138 रन के लक्ष्य के जवाब में 124 रन पर ढेर हो गई। पाकिस्तान की गेंदबाज नशरा संधू ने सबसे अधिक तीन विकेट झटके।

### हरभजन ने चुना भुवनेश्वर से बेहतर गेंदबाज, बोले -

## पावरप्ले में ले रहा दो-तीन विकेट



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** टीम इंडिया गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में टीम टी-20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेने के लिए पहुंच चुकी है। टीम को पिछले हफ्ते उस समय बड़ा झटका लगा था, जब उनके प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण टी-20 विश्व कप टूर्नामेंट से बाहर हो गये थे। अगले कुछ दिनों के भीतर बुमराह की जगह किसी अन्य गेंदबाज को शामिल करने की घोषणा होने की उम्मीद है। हालांकि, भारतीय टीम के लिए एक और बड़ी चिंता है- भुवनेश्वर कुमार की फॉर्म। सीनियर पेसर ने देर से डेथ ओवरों में काफी संघर्ष किया है और विकेटों के बीच भी नहीं रहे हैं। भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने भुवनेश्वर की फॉर्म पर खुल कर कहा है कि उनकी जगह दीपक चाहर एक बेहतर विकल्प होंगे। चाहर ने हाल के दिनों में अपना बेहतर रिकॉर्ड और गेंद को अप-फ्रंट और दोनों तरह से स्विंग करने की क्षमता दिखायी। हरभजन ने कहा, 'दीपक चाहर एकमात्र ऐसे गेंदबाज हैं जो गेंद को आगे और दोनों तरफ से स्विंग करा सकते हैं और पावरप्ले में दो-तीन विकेट हासिल करते दिख रहे हैं। उनका इनस्विंगर उनकी आउटस्विंग की तरह घातक है और स्थिति जैसी भी हो, वो आगे बढ़ सकते हैं। मुझे लगता है, भुवनेश्वर की तुलना में दीपक वर्तमान में बेहतर कुशल गेंदबाज हैं। ऑफ स्पिनर हरभजन ने यह भी कहा कि कैसे भुवनेश्वर ने एशिया कप और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज के दौरान डेथ ओवरों में काफी रन लुटाये। हरभजन ने अनुभव पर वर्तमान फॉर्म और कौशल को वापस लेने की जरूरत पर जोर दिया। हरभजन ने कहा कि भुवनेश्वर के पास बहुत अनुभव है, लेकिन 19वें ओवर में 8-10 रन नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, लेकिन जैसे ही आप 15 या इससे अधिक रन लुटा देते हैं तो फिर मैच हाथ से निकल जाता है। इसलिए दीपक मेरी पसंद होंगे। पूर्व क्रिकेटर ने अर्शदीप सिंह पर भी टिप्पणी की, जिन्होंने डेथ ओवरों में भारत के लिए अच्छा काम किया है। हरभजन ने कहा कि अर्शदीप अभी भी बहुत कच्चे थे और उनसे योजनाओं के अनुसार लगातार प्रदर्शन करने की उम्मीद करना अनुचित होगा।

## त्रिकोणीय श्रृंखला : पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 21 रन से हराया



**क्राइस्टचर्च (एजेंसी)।** विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की नाबाद 78 रन की पारी की मदद से पाकिस्तान ने शुक्रवार को यहां बांग्लादेश को 21 रन से हराकर टी-20 त्रिकोणीय श्रृंखला में अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। रिजवान ने 50 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के जड़े। उन्होंने कप्तान बाबर आजम (22) के साथ पहले विकेट के लिए 52 और शान मसूद (31) के साथ दूसरे विकेट के लिए 48 रन की उपयोगी साझेदारियां की। इससे पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 167 रन बनाए। इसके जवाब में बांग्लादेश आठ विकेट पर 146 रन ही बना पाया। उसकी तरफ से यासिर अली ने नाबाद 42 जबकि लिटन दास ने 35 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए मोहम्मद नसीम ने तीन और मोहम्मद नवाज ने दो विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले विश्वकप की तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण इस त्रिकोणीय श्रृंखला की तीसरी टीम मेजबान न्यूजीलैंड है।

## वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये हरमनप्रीत



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह को शुक्रवार को यहां लगातार दूसरी बार पुरूष वर्ग में एफआईएच का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। हरमनप्रीत लगातार वर्षों में पुरूष वर्ग में वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले चौथे खिलाड़ी हैं, वह इस तरह नीदरलैंड के तेयून डि नूजीयर, आस्ट्रेलिया के जेमी ड्वेयर और बेल्जियम के आर्थर वान डोरेन के साथ इस एलीट सूची में शामिल हो गये हैं। एफआईएच ने एक बयान में कहा कि हरमनप्रीत एक आधुनिक युग के हॉकी सुपरस्टार हैं। वह शानदार डिफेंडर हैं जिनमें प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने के लिय सही समय पर सही जगह पहुंचने की बेहतरीन क्षमता है। इसमें कहा गया कि उसकी ड्रिब्लिंग काबिलियत शानदार है। वह काफी गोल भी बनाता है। अब उन्हें लगातार दूसरे साल एफआईएच का वर्ष का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है। हरमनप्रीत (26 वर्ष) को कुल 29.4 अंक मिले, उनके बाद थिएरी ब्रिंकमैन के 23.6 और टॉम बून के 23.4 अंक हैं। भारतीय उप-कप्तान हरमनप्रीत ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021-22 में 16 मैचों में 18 गोल दागे हैं जिसमें दो हैट्रिक भी शामिल हैं। इन 18 गोल की बदौलत वह भारत के लिए सत्र के अंत में सर्वाधिक गोल करनेवाले खिलाड़ी रहे और उने नाम प्रो लीग के एक ही सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने का रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है। हरमनप्रीत पिछले साल ढाका में एशियाई चैम्पियंस ट्राफी में शानदार फॉर्म में थे जिसमें उन्होंने छह मैचों में आठ गोल दागे थे जिसमें प्रत्येक मैच में एक गोल शामिल था जिससे भारत पोडियम स्थान पर रहा था। उन्होंने बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतनेवाली भारतीय टीम के लिए भी अहम भूमिका अदा की थी। महिला वर्ग में नीदरलैंड की फेलिस अलबर्स (22 वर्ष) को एफआईएच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वह महिला वर्ग में जर्मनी की नताशा केलर (1999) के बाद एफआईएच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाली सबसे युवा खिलाड़ी भी बन गयी। अलबर्स के कुल अंक 29.1 हैं, उन्होंने मारिया ग्रानाटो (26.9 अंक) को पछाड़ा। ऑगस्टिना गोजेर्लानी 16.4 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं।

## क्वार्टर फाइनल में यूपी को 6-1 से पराजित कर सेमीफाइनल में झारखंड

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** गुजरात के राजकोट में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेल 2022 के हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड महिला हॉकी टीम ने क्वार्टर फाइनल में उत्तर प्रदेश को 6-1 की बड़ी जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश कर गयी। झारखंड महिला हॉकी टीम ने मैच के शुरूआती समय ही आक्रमण रूप धारण कर लिया था और 11वें मिनट में झारखंड की तेजतर्रार फॉरवर्ड ब्यूटी डुंगडुंग ने शानदार फील्ड गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिलायी। मैच के दूसरे क्वार्टर में झारखंड ने पुनः दो गोल कर हाफ टाइम तक 3-0से बढ़त ले ली। वहीं, दूसरे क्वार्टर में मैच के 25वें मिनट में बिनिमा धान ने पेनल्टी स्टोक से गोल की। वहीं, इसके दो मिनट बाद ही 27वें मिनट में संगीता कुमारी ने पेनाल्टी कॉर्नर में गोल की।

हाफ टाइम के बाद भी झारखंड टीम अपना आक्रमण बरकरार रखा और 31वें मिनट में संगीता कुमारी एक शानदार फील्ड गोल कर 4-0 से बढ़त ले ली। 37वें मिनट में दीपिका सोरेंग ने पेनाल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर स्कोर 5-0 कर ली और मैच के 45वें मिनट में सलीमा टेटे से मिले शाहदार पास को प्रमिला सोरेंग ने गोल में बदलकर तीसरे क्वार्टर के समाप्ति तक झारखंड को 6-0 से निर्णायक बढ़त दे दी। चौथे क्वार्टर में झारखंड के आक्रमण का धार कुछ कम हुआ जिसका लाभ लेते हुए उत्तर प्रदेश की टीम कई आक्रमण किये और 55वें मिनट में मिले पेनाल्टी कॉर्नर को प्रीति दुबे के हाथो गोल कर अपने टीम की ओर से खाता खोला। अपने बढ़त कम होते ही झारखंड के खिलाड़ी पुनः सतर्क हो गये और यूपी टीम के खिलाड़ियों की एक नहीं चलने दी और मैच 6-1 से जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली।

36वें राष्ट्रीय खेल में महिला हॉकी झारखंड टीम का शानदार प्रदर्शन

